# शुभम संदेश

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शुक्रवार 20 सितंबर 2024 • आश्विन कृष्ण पक्ष 03 संवत 2081 • पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 • वर्ष : 2, अंक : 162 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## एप्रेंटिस स्कीम के तहत प्रशिक्षण के लिए छह करोड़ की राशि स्वीकृत

# इंजीनियरिंग व डिप्लोमाधारी छात्रों को प्रशिक्षण के बाद मिलेगी एडवांस ट्रेनिंग

- एडवांस ग्रेजुएट एप्रेंटिस को प्रतिमाह 18 हजार रुपये की मिलेगी छात्रवृत्ति
- एडवांस टेक्नीशियन एप्रेंटिस को प्रति माह मिलेंगे 12 हजार रुपये
- पूर्वी क्षेत्र के व्यावहारिक प्रशिक्षण बोर्ड के प्रावधानों के अनुसार मिलेगी राशि

रवि भारती। रांची




राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेजों और डिप्लोमा संस्थानों में डिग्री और डिप्लोमाधारी छात्रों को पूर्वी क्षेत्र के व्यावहारिक प्रशिक्षण बोर्ड के प्रावधानों के अनुसार छात्रवृत्ति मिलेगी. यह छात्रवृत्ति एप्रेंटिस स्कीम के तहत मिलेगी. मानव संसाधन विकास मंत्रालय के व्यावहारिक प्रशिक्षण बोर्ड (पूर्वी क्षेत्र) के प्रशिक्षु अधिनयम के संशोधन के आलोक में यह छात्रवृत्ति झारखंड के इंजीनियरिंग कॉलेज और डिप्लोमा संस्थान के डिग्री और डिप्लोमाधारी छात्रों को दी जाएगी. वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए छह करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है.

**एप्रेंटिस स्कीम के तहत मिलेगा एक साल का प्रशिक्षण :** छात्रों को एप्रेंटिस स्कीम के तहत एक साल का प्रशिक्षण दिया जाएगा. जो छात्र एक साल का प्रशिक्षण लेकर पूरी तरह से दक्ष हो चुके हैं, वैसे इच्छुक छात्रों को अतिरिक्त एक साल की अवधि के लिए एडवांस ग्रेजुएट एप्रेंटिस और एडवांस टेक्नीशियन एप्रेंटिस के रूप में काम भी लिया जाएगा.

### छात्रों को ऐसे मिलेगी छात्रवृत्ति

डिग्रीधारी प्रशिक्षु छात्रों के लिए प्रतिमाह 15 हजार रुपए छात्रवृत्ति दी जाएगी. इसमें राज्यांश की राशि 10,500 रुपए होगी. डिप्लोमाधारी छात्रों को प्रतिमाह 10 हजार रुपए छात्रवृत्ति दी जाएगी. इसमें राज्यांश की राशि छह हजार रुपए होगी. एडवांस ग्रेजुएट एप्रेंटिस को एक साल का अतिरिक्त प्रशिक्षण के लिए प्रतिमाह 18 हजार रुपए छात्रवृत्ति दी जाएगी. वहीं एडवांस टेक्नीशियन एप्रेंटिस के लिए प्रतिमाह 12 हजार रुपए छात्रवृत्ति दी जाएगी.

### आवश्यकतानुसार राशि का होगा आवंटन

राशि का आबंटन आवश्यकतानुसार उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा निदेशालय, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, राजकीय पॉलिटेक्नीक और महिला पॉलिटेक्नीक को उपलब्ध कराया जाएगा.

## ई देखिए चचा को... जेने-तेने गीत गइले घूम रहिन हैं, अभी तो मैं जवान हूं..

संजय सिंह

देश की बड़की पार्टिया में एगो चचा जी हैं. बुजुर्ग तो होइए गए हैं, लेकिन अभियो खूब भाग दौड़ कईले हैं. ऑपरेशन करावे के बाद भी तेजी से भाग-दौड़ कईले हैं. पार्टी के कार्यक्रम में भी ढेरे उछल-कूद मचाईले रहते हैं. पार्टिया में सब सुख भोग लीहिन हैं, लेकिन विधायकी छोड़े के नामे न ले रहिन हैं. टिकट लगी हंफनी धईले है. आखिर हंफनी काहें न धरे भाई, सत्ता सुख के मजे कुछ और है. चचा यानी कमल वाले अंकिल जी ढेरे दिन से राजधानिया में कमल खिलाईले हैं. मिलनसार भी हैं, जे बुलाया, ओकरे पास हाजिर हो जाते हैं. पार्टिया के लोग पैरवी करावे लगी आता है, तो चचा तनिका साफ-साफ बोल देते हैं, फिर का है, भाई लोग तुनक जाता है. कहे लगता है कि चचवा के भावे बढ़ गेले हऊ रे भाई. ठीके हऊ... अबकी नई लगा हऊ कि पार्टिया हाड़े हरदी लगे देतऊ. चचवा के जेतना चिड़चिड़ाए ला है, चिड़चिड़ाए दिहीं. ढेरे दिन हो गेले हऊ. पार्टिए में लोग कहे लगल है कि 70 पार वाला लोग के तो अबकी टिकटवे पार है.

चुनावी चकल्लस



हालांकि पार्टिया में लोग ईहो मानता है कि चचवा से कोई जोड़ नहीं है भाई. चचा काफी नीचे से उपरे तक पहुंचिन हैं. पहिले कुरता व मोहरीवाला ढीलाढाला पजमा पहिनले घूमईत रहते थे. एगो पुरनका मॉडल की मोटरसाईकिल रखले थे. ओकरे से पार्टी के विज्ञप्ति बांटले फिरते थे. चचा बुद्धिया बढ़ावेवाले चूरनवा भी दबावे में उस्ताद हैं,कहींयो रगड़कर दबा लेते हैं. लेकिन अब तो चचा के पूछिए मत. चचा रईस हो गए हैं. मालामाल हैं. चचा पहिले जिए-खाये ला तनिका ठेका-पट्टी भी कईले रहते थे, तो ठेकेदारी से भी नश-नश से वाकिफ हैं. अभियो इलाके में कहीं कोई नली-गली बनता है, तो चचा देखिए के आंक लेते हैं कि कितना गड़बड़ी है. लाल बत्ती के मजा भी चचा मार लीहिन हैं. विधानसभा में भी सबसे ऊपरवाला ओहदा मिलल था. चचा के लिए कहल जाता है - सब सुख लैहे तुम्हारी (कमल फूल) सरना, तुम रक्षक काहूं को डरना. इसलिए चचा फिर से आखिरी राउंड के गेम खेले ला हाथ पैर मारले हैं. वइसे चचा अब हैसियत वाला भी हो गईल हैं. उधर नयकन छोकड़वन लोग भी चचा के चुनौती देवे ला कमर कस कर तैयारे बइठल है. नयका लड़कवन सब पार्टी में टिकट लगी ढेरे फास्ट फूड टाईप पैडल मारले है, ओकरो से चचा तनिका परेशान तो हईए हैं, लेकिन उपरे से शो न होवे दे रहल हैं. चचा तो ईहे कहते हैं- ठीक है भाई, ई लोग यंग ब्लड जरूर है, लेकिन अभियो ऊ जेतना तेज भाग लेते हैं, ओतना लड़कवन नहीं भागे सकेगा. चचा यानि अंकिल बोलते हैं कि कोईयो के बोलने से का होता है. अभी हमरो कोनो उम्र हुआ है का. हमरा तो ईहां गली-गली में बच्चा से लेकर बूढ़ा तक जानता है. राजधानी के सीटवा के लोग हॉट सीट कहता है, सो ढेरे लोग ई सीटवा पर नजर गड़ाईले है, लेकिन देखिए आगे-आगे होता है क्या. वईसे पार्टी के यंग जेनेरेशन का कहना है कि भाई अब तो बहुते हो गया.अब तो चचा के खुद ही पिंड छोड़ देना चाही. लेकिन चचा हैं कि फिर से ताल ठोकले हैं. जेने-तेने गीत गईले घुरले हैं- अभी तो मैं जवान हूं. तो गीत गाए से का होगा. अब चचा मागदर्शक मंडल में जाएं, नौजवानों को आगे लायें. वईसे चचा का जे नेचर पहिले से था, ऊ अभियो है. चचा माने लगी तैयारे न हैं कि उनका उम्र हो गिया है. कहते हैं, अभी हमरा उम्र ही का हो रहा है. कहते हैं, मान लिया जाए कि 70 वाला लोग के साइड करल जा सकता है, लेकिन हमर तो भाई 69 हैं. हमरा तो हक बनता ही न. हमने राजधानी को ढेरे कुछ दिया है. सभे नली-गली को दुरूस्त कर दिया है. लेकिन उनके पार्टिए के छोटका नेताजी लोगन कहले है, सो तो ठीके बुजुर्ग अंकिल जी. लेकिन चचा आपने तो ढेरे नली-गली कर डाला है, लेकिन एगो नदियो के तो नाला बनावे के क्रेडिट आपके ही ही खाते में जाता है न. भाई 96 करोड़ खर्च करके भी हऊ हरमू नदिया के करिया नाला तो उनके मंत्री रहते ही न बना दिया गया. अभियो शहरवा में जेने-तेने बारिश का पानिया घुटना तक जम जाता है, तो चचा ई सब के जिम्मेवारिया से कईसे बच सकते हैं. केतनो मुंह बिचका के बोल लें, पावर में रहते चचा भी कम खेला नहीं किहीन हैं. देखल जाए, अबकी चुनाऊवा में चचा के जवानी जिंदाबाद रहता है कि नयकन लड़कवन लंघी मार के पटकनिया दे देता है.

### ब्रीफ खबरें

#### सीएम से मिले केरल के सांसद ईटी बसीर

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से गुरुवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में केरल से लोकसभा सांसद ईटी मोहम्मद बसीर ने मुलाकात की. सांसद बसीर के साथ राज्यसभा सांसद हारिस बीरन एवं विधायक मो बसीर भी थे. सीएमओ ने इसे शिष्टाचार भेंटवार्ता बताया है.

#### सरना कोड बिल संसद से पारित कराएं : नायक

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने आरएसएस की ईकाई वनवासी कल्याण आश्रम के प्रमोद पेठकर के उस बयान को आदिवासी विरोधी करार दिया है, जिसमें उन्होंने सभी जनजातियों को हिंदू बताया है. उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के लोग न अतीत में हिंदू थे, न वे वर्तमान में हिंदू हैं और न वे भविष्य में हिंदू रहेंगे. वे तो प्रकृति पूजक थे, हैं और रहेंगे. उनकी प्रथा, परंपरा, संस्कृति, रीति रिवाज और पूजा पद्धति हिंदुओं और देश के अन्य सभी धर्मों से अलग रही है. नायक ने वनवासी कल्याण आश्रम के प्रमोद पेठकर के बयान की निंदा करते हुए कहा कि वे आदिवासी समाज व उसके धर्म के बारे अनाप-शनाप बोलना बंद करें और अपना बयान को वापस लें, नहीं तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे. नायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सरना धर्म कोड बिल संसद के शीतकालीन सत्र में लाने के साथ ही साथ दोनों सदनों से पारित कर जनजातीय समुदाय की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने को आग्रह किया है.

## झारखंड सरकार का कदम : सीजेआई ने अटॉर्नी जनरल को दी मौखिक जानकारी

# चीफ जस्टिस की नियुक्ति ना करने पर केंद्र के खिलाफ याचिका दायर

संवाददाता। रांची

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी को गुरुवार को मौखिक रूप से सूचित किया कि झारखंड सरकार ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति में देरी के लिए राज्य सरकार ने केंद्र के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की है. इसपर एजी (अटॉर्नी जनरल) ने कहा कि उन्हें याचिका की जानकारी नहीं है. चीफ जस्टिस और एजी के बीच यह बातचीत तब हुई, जब एजी ने न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में एक याचिका का उल्लेख किया, जो बुधवार के लिए सूचीबद्ध है और इसे स्थगित करने का अनुरोध किया. अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने संकेत दिया कि उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में लंबित कॉलेजियम प्रस्तावों पर केंद्र का निर्णय जल्द होने की संभावना है. बता दें कि झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति में देरी को लेकर झारखंड राज्य ने केंद्र सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की है. याचिका में कहा गया है कि नियमित मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति नहीं होने से न्यायपालिका की स्वतंत्रता और न्याय प्रशासन प्रभावित हुआ है.

सीजेआई ने कहा : झारखंड राज्य सरकार द्वारा अवमानना याचिका दायर की गई. बीती रात जब मैं घर के लिए निकल रहा था, तो मुझे बताया गया कि झारखंड राज्य ने भारत संघ के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की है. यह बात कल मेरे ध्यान में लाई गई थी.

**अटॉर्नी जनरल ने जवाब दिया, हमें इसकी जानकारी नहीं है :** यह आदान-प्रदान तब हुआ, जब अटॉर्नी जनरल ने जजों की नियुक्ति के संबंध में याचिका का उल्लेख किया, जो शुक्रवार सूचीबद्ध है और इसके स्थगन का अनुरोध किया. अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने संकेत दिया कि हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की नियुक्ति के संबंध में लंबित कॉलेजियम प्रस्तावों पर केंद्र का निर्णय जल्द ही होने की संभावना है.

अटॉर्नी जनरल ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ से कहा, जजों की नियुक्ति से संबंधित मामला जो कल सूचीबद्ध है, मैं अनुरोध करता हूं कि इस मामले को एक सप्ताह के लिए टाल दिया जाए, मैं कुछ लेकर वापस आऊंगा. इसे कल नहीं लिया जाना चाहिए.

वे एक जनहित याचिका का जिक्र कर रहे थे, जिसमें केंद्र सरकार को कॉलेजियम की सिफारिशों पर समयबद्ध तरीके से कार्रवाई करने के निर्देश देने की मांग की गई. हालांकि सीजेआई ने कहा कि शुक्रवार के लिए सूची पहले ही प्रकाशित हो चुकी है. सीजेआई ने कहा कि मामले को बोर्ड में ही रहने दें, उन्होंने सुझाव दिया कि अटॉर्नी जनरल शुक्रवार को याचिकाकर्ता के मौजूद होने पर इसका उल्लेख कर सकते हैं.

बता दें कि विगत 11 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने आठ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की नियुक्ति के लिए सिफारिशें की थीं. हालांकि, प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास लंबित रहे. पिछले सप्ताह, जजों की नियुक्ति की मांग करने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल ने कोर्ट से कहा कि वह कॉलेजियम की सिफारिशों के बारे में कुछ संवेदनशील जानकारी साझा करना चाहते हैं. तदनुसार, मामले को 20 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया. इस बीच, 17 सितंबर को कॉलेजियम ने 11 जुलाई के प्रस्ताव के अनुसार की गई तीन सिफारिशों को संशोधित किया.

### पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की बेल पर आज सुनवाई

**रांची।** टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम की बेल पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई होगी. इससे पहले नौ अगस्त को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने आलमगीर आलम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी. जिसके बाद उन्होंने अपनी बेल के लिए हाईकोर्ट में गुहार लगायी है. बता दें कि आलमगीर आलम को ईडी ने पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था. वहीं ईडी इसी केस में राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी मनीष रंजन से पूछताछ भी कर चुकी है. इस केस में आलमगीर आलम के ओएसडी रहे संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर आलम की भी गिरफ़्तारी हो चुकी है. इनके ठिकानों से एजेंसी ने 35 करोड़ रुपए से ज्यादा कैश बरामद किये थे.

### पत्नी-बेटी की हत्या मामले में फांसी की सजा पाए आरोपी को हाईकोर्ट ने बरी किया

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र में गर्भवती पत्नी और एक साल की बेटी की हत्या कर उनके शव कुएं में फेंकने के आरोपी आनंद कुमार दांगी को बरी कर दिया है. आनंद कुमार दांगी को हजारीबाग जिले की सिविल कोर्ट ने सितंबर, 2023 में फांसी की सजा सुनाई थी.

हाईकोर्ट ने पाया है कि इस मामले में साक्ष्य का अभाव है. सिविल कोर्ट द्वारा सुनाए गए फांसी के फैसले को कन्फर्म करने के लिए राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी. दूसरी तरफ सजायाफ्ता आनंद कुमार दांगी ने सिविल कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए अपील दायर की थी. इन दोनों याचिकाओं पर सुनवाई पूरी होने के बाद हाईकोर्ट की खंडपीठ ने गुरुवार को फैसला सुनाया. यह वारदात हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड में साल 2018 में हुई थी. मृतका अंगिरा कुमारी के पिता प्रीतम दांगी मामले में चौपारण थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी.

### पूजा सिंघल की बेल पर ईडी कोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची।** निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई. गुरुवार को सुनवाई के दौरान ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस हुई. इसके बाद ईडी ने कोर्ट से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा.ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी ने बहस की. पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और अधिवक्ता स्नेह सिंह ने बहस की. बता दें कि ईडी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी. छापेमारी के बाद ईडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था. दोनों से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी.

## दुष्कर्म के दोषी विनोद को 10 वर्ष सश्रम कैद

संवाददाता। रांची

रांची सिविल कोर्ट ने दुष्कर्म के दोषी विनोद राम को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. इसके साथ ही अदालत ने उस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है. सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त (7) विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने गुरुवार को सजा का एलान किया. दुष्कर्म की घटना को रांची के एयरपोर्ट थाना अंतर्गत ओबरिया नायक टोला में अंजाम दिया गया था. घटना 26 मार्च 2020 की है.पीड़िता के द्वारा दर्ज करवाई गई प्राथमिकी के मुताबिक, जब वह धान कुटाने मील गई थी, तब विनोद उसे बहला-फुलसा कर तालाब के किनारे लीची बागान की ओर ले गया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया. उसके बाद विनोद ने पीड़िता को धमकी दी कि घटना की जानकारी किसी को देने पर उसे जान से मार देगा. अभियोजक पक्ष ने मामले में सुनवाई के दौरान पीड़िता समेत सात गवाहों को कोर्ट में प्रस्तुत किया.

## ओबीसी एकता मंच के सदस्यों ने राज्यपाल को मांग पत्र सौंपा



संवाददाता। रांची

राजभवन में गुरुवार को राज्य में जातीय जनगणना कराने सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर ओबीसी एकता मंच के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल से मुलाकात की. उनको एक मांग पत्र भी सौंपा गया. ओबीसी एकता मंच झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के निर्देशानुसार केंद्रीय सचिव गोरखनाथ चौधरी के नेतृत्व में मांग पत्र सौंपा गया. इसमें राज्य में जातीय जनगणना यथाशीघ्र कराने तथा झारखंड प्रदेश के बेरोजगार युवा युक्ति को रोजगार दिलाने सहित प्रदेश भर में सभी विभागों में रिक्त पड़े पदों पर यथाशीघ्र बहाल करा कर रिक्त पद को भरने सहित अन्य मांगों शामिल हैं. लगभग 30 मिनट तक सभी बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया. राज्यपाल ने आश्वासन देते हुए कहा कि आपकी जो मांग है, झारखंड राज्य के लिए जायज है, हमसे जितना बनेगा, मैं यथाशीघ्र करने का काम करूंगा.

## झारखंड में नए डीजीपी की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू, यूपीएससी को भेजा गया पैनल

संवाददाता। रांची

झारखंड में नये डीजीपी की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो गयी है. इसको लेकर राज्य सरकार ने यूपीएससी को चार आईपीएस के नाम का पैनल भेजा है. जानकारी के मुताबिक, जिन आईपीएस का नाम भेजा गया है, उसमें अनिल पालटा, अनुराग गुप्ता, प्रशांत सिंह और आरके मल्लिक शामिल हैं. आरके मल्लिक जनवरी, 2025 में ही सेवानिवृत्त होने वाले हैं. गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने पिछले महीने 1989 बैच के अजय कुमार, 1990 बैच के अनुराग गुप्ता, 1990 बैच के अनिल पालटा, 1992 बैच के प्रशांत सिंह, 1992 बैच के आरके मल्लिक, 1993 बैच के एमएस भाटिया, 1994 बैच की तदाशा मिश्रा व संपत मीणा और 1995 बैच के संजय आनंद राव लाठकर से बायोडाटा मांगा था.

डीजीपी की सेवानिवृत्ति से पहले सरकार भेजती है आईपीएस का नामः बता दें कि डीजीपी का कार्यकाल दो साल का होता है. वर्तमान में 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता झारखंड के प्रभारी डीजीपी है. राज्य सरकार डीजीपी पद के पैनल के लिए आईपीएस अधिकारियों का नाम, उनका कार्यकाल, छवि आदि डीजीपी की सेवानिवृत्ति से तीन महीने पहले यूपीएससी को भेजती है.

## वनवासी कल्याण आश्रम का राष्ट्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन आज से हरियाणा में

संवाददाता। रांची

अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम का राष्ट्रीय स्तर का कार्यकर्ता सम्मेलन 20 से 22 सितंबर को हरियाणा में संपन्न होगा. तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सहित देश के सभी राज्यों से वनवासी कल्याण आश्रम के लगभग दो हजार प्रतिभागी भाग लेंगे. झारखंड से भी वनवासी कल्याण केंद्र के 120 कार्यकर्ताओं की टोली इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए समालखा पहुंच चुकी है. वनवासी कल्याण केंद्र के प्रांत प्रचार प्रमुख सुनील सिंह ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि हरियाणा के समालखा में आयोजित अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के इस तीन दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा लेनेवाले कार्यकर्ताओं को आरएसएस के सर संघचालक मोहन भागवत का भी सान्निध्य प्राप्त होगा और उनका प्रेरणादायी संबोधन सुनने को मिलेगा.

## सुविधा दुर्गा पूजा, दिवाली, छठ पर्व के लिए रेलवे की तैयारी

# मदार से रांची के लिए चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

संवाददाता। रांची

पूजा के वक्त यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेल मंत्रालय ने पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्व के अवसर पर ट्रेन संख्या 09619/09620 मदार जंक्शन - रांची -मदार जंक्शन स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा. इन ट्रेनों में एसएलआरडी के दो कोच, सामान्य श्रेणी के दो कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के सात कोच, वातानुकूलित थ्री-टियर के छह कोच के अलावा वातानुकूलित टू-टियर का एक कोच समेत कुल 18 कोच होंगे.

**6 अक्टूबर से 29 दिसंबर तक ट्रेन आएगी रांची :** ट्रेन संख्या 09619 मदार जंक्शन -रांची स्पेशल ट्रेन छह अक्टूबर से 29 दिसबंर तक हर रविवार को मदार जंक्शन से प्रस्थान करेगी. ये ट्रेन कुल 13 ट्रिप चलेगी. इस ट्रेन का मदार जंक्शन से प्रस्थान रविवार 13.50 बजे, जयपुर आगमन 15:40 बजे व प्रस्थान 15:50 बजे, सवाई माधोपुर जंक्शन आगमन 18:20 बजे, प्रस्थान 18:40 बजे, सोगरिया आगमन 19:55 बजे, प्रस्थान 20:05 बजे, गुना जंक्शन आगमन 23:25 बजे व प्रस्थान 23:35 बजे, सागर आगमन 02:45 बजे व प्रस्थान 02:50 बजे, कटनी मूडवारा आगमन 06:10 बजे व प्रस्थान 06:20 बजे, चोपन आगमन 13:40 बजे व प्रस्थान 14:00 बजे, डालटनगंज आगमन 17:35 बजे व प्रस्थान 17:37 बजे, लोहरदगा आगमन 20:10 बजे व प्रस्थान 20:12 बजे और रांची आगमन सोमवार 21:25 बजे होगा.

### रांची से 7 अक्टूबर से मदार के लिए चलेगी ट्रेन



ट्रेन संख्या 09620 रांची-मदार जंक्शन स्पेशल ट्रेन सात अक्टूबर से 30 दिसंबर तक हर सोमवार को रांची से प्रस्थान करेगी. ये ट्रेन भी कुल 13 ट्रिप चलेगी. इस ट्रेन का रांची प्रस्थान सोमवार 23:55 बजे, लोहरदगा आगमन 00:53 बजे व प्रस्थान 00:55 बजे, डालटनगंज आगमन 03:40 बजे व प्रस्थान 03:42 बजे, चोपन आगमन 06:40 बजे व प्रस्थान 07:00 बजे, कटनी मूडवारा आगमन 14:30 बजे व प्रस्थान 14:40 बजे, सागर आगमन 17:30 बजे व प्रस्थान 17:35 बजे, गुना जंक्शन आगमन 22:00 बजे व प्रस्थान 22:10 बजे, सोगरिया आगमन 01:05 बजे व प्रस्थान 01:15 बजे, सवाई माधोपुर जंक्शन आगमन 03:40 बजे व प्रस्थान 04:00 बजे, जयपुर आगमन 06:30 बजे व प्रस्थान 06:40 बजे और मदार जंक्शन आगमन बुधवार 09:00 बजे होगा.

क्लासिफाइड


















रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शुक्रवार 20 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 03 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ✗ ● वर्ष : 2, अंक : 162 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



स्पोर्ट्स+
मालविका सुपर 1000 क्वार्टर फाइनल में
अश्विन ने जड़ा धुआंधार शतक
रविंद्र जडेजा भी सेंचुरी के करीब
पेज 10


www.lagatar.in धनबाद, शुक्रवार 20 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 03 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 162 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**ब्रीफ खबरें**

### धनबाद रेल मंडल के कई ट्रेनों के परिचालन में होगा बदलाव

**धनबाद :** धनबाद रेल मंडल के रीचुघुटा- डेमु- लातेहार रेलखंड पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेनों के परिचालन मे फेरबदल हुआ. रेलवे बोर्ड द्वारा गुरुवार को इस संबंध में आदेश जारी किया गया है. जिसमें प्रमुख ट्रेनों का तिथि और समय सारणी में तत्कालीन प्रभाव पड़ा है. जिसमें 20 सितंबर से 30 सितंबर 2024 तक वाराणसी से खुलने वाली वाराणसी- बरकाकाना पैसेंजर वाराणसी से 120 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलायी जाएगी . इसके साथ 23 ,24,26 और 30 सितंबर को हटिया से खुलने वाली हटिया- आनंद विहार झारखंड एक्सप्रेस को रास्ते में 120 मिनट नियंत्रित होकर चलाया जाएगा. वहीं 20 सितंबर से 30 सितंबर तक जबलपुर से खुलने जबलपुर- हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस को रास्ते में 120 मिनट नियंत्रित कर चलायी जाएगी ।

### साइबर ठगी के शिकार ने दर्ज कराई शिकायत

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा निवासी शेखर कुमार गढ़याण साइबर ठगी के शिकार हुए हैं. उन्होंने मामले की ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है. शिकायत में उन्होंने कहा है कि उनकी पत्नी शैलजा गढ़याण के मोबाइल पर 18 सितंबर की दोपहर करीब 12 बजे कॉल आया. कॉल करने वाले ने कहा कि आपका एक पार्सल आया है. कुछ गड़बड़ी के कारण उसे आप तक नहीं भेज पा रहा हूं. आपको एक व्यक्ति का मोबाइल नंबर भेज रहा हूं, आप तत्काल इस नंबर पर कॉल करें. आपको अपना पार्सल मिल जाएगा.

### राज्य प्राथमिक सहायक अध्यापक संघ की बैठक

**कतरास।** सोनारडीह सामुदायिक भवन में झारखंड राज्य प्राथमिक सहायक अध्यापक संघ की बैठक हुई, जिसमें कतरास शहरी क्षेत्र में चार प्रतिशत वार्षिक वृद्धि लागू करने की मांग रखी गई. उत्तरी छोटानागपुर के प्रमंडलीय अध्यक्ष चंदन मोदक ने हेमंत सरकार से आग्रह किया कि वे कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को अनिवार्य रूप से पारित करवाएं, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह वृद्धि पहले से ही लागू है .

### मधुबन से लापता किशोरी धनबाद से बरामद

**मधुबन।** मधुबन थाना क्षेत्र के महेशपुर बस्ती से 4 दिनों से लापता 17 वर्षीय किशोरी को मधुबन पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर धनबाद जिले के मानियाडीह थाना क्षेत्र से बरामद किया. किशोरी को प्रेमी युवक नेतलाल राय के आवास से मधुबन पुलिस ने हिरासत में लिया. आरोपी युवक पर नावालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का केस दर्ज किया गया है. मामले की जांच में पता चला कि किशोरी 15 सितंबर को घर से समान खरीदने के लिए निकली थी, लेकिन मानियाडीह निवासी नेतलाल राय उसे मोटरसाइकिल से लेकर फरार हो गया था.

मैथन-पंचेत डैम से पानी छोड़े जाने पर ममता बनर्जी आग बबूला, कहा यह केंद्र और झारखंड की लाई बाढ़ है प्रकृति की नहीं

# ममता सरकार ने झारखंड से आने वाले वाहनों पर लगाई रोक

संवाददाता। बराकर



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने झारखंड सरकार और डीवीसी के साथ बातचीत विफल होने के बाद झारखंड से बंगाल आनेवाले वाहनों पर पाबंदी लगा दी है. यह निर्णय गुरुवार शाम सात बजे के आसपास लिया गया, जिसके बाद झारखंड-बंगाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर डिबुडीह चेकपोस्ट पर सभी बड़े मालवाहक वाहनों को रोक दिया गया है.

पिछले तीन दिनों से बंगाल और झारखंड में लगातार भारी वर्षा से डैम और नदियों में उफान आ गया था. डेमो में खतरे से अधिक जल स्तर होने की स्थिति में डैम द्वारा भारी मात्रा में पानी छोड़ने से बंगाल के कई निचले इलाके जलमग्न हो गए और कई आबादी प्रभावित हुई. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्वयं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और झारखंड सरकार और डीवीसी से बातचीत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होने की बात कही.

इस निर्णय के बाद झारखंड और बंगाल के बीच तनाव बढ़ गया है. झारखंड सरकार ने इस निर्णय की निंदा की है और कहा है कि यह निर्णय अनुचित और अवैध है. डीसी ट्रैफिक हेडक्वार्टर अभिसेक आनंद ने बताया कि मंत्रालय के आदेश पर झारखंड से बंगाल आने वाले वाहनों की इंट्री पर फिलहाल रोक लगाई गई है, लेकिन आपातकालीन सेवा की आवाजाही जारी रहेगी.

इससे पूर्व मेदनिपुर के पासकुंड़ा में ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर भड़ास निकालते हुए कहा कि यह केंद्र सरकार की गड़बड़ी का परिणाम है यह बाढ़ आदमी ने लाया है प्रकृति ने नहीं.

पांसकुड़ा में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर केंद्र के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया. मुख्यमंत्री ने डीवीसी के पानी छोड़ने के तरीके पर गुस्सा जाहिर करते हुए कहा, इस तरह लोगों को डुबाया गया तो मैं डीवीसी से कोई रिश्ता नहीं रखूंगी.

### ममता ने केन्द्र सरकार पर साधा निशाना

ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, मुझे समझ नहीं आ रहा कि केंद्र सरकार इस मुद्दे को डीवीसी के सामने क्यों नहीं उठा रही है? उन्होंने पूरा पानी बंगाल में छोड़ दिया . बंगाल की जो वजह है वह केंद्र सरकार की अनदेखी की वजह से है . मुझे माफ करना पर यह पानी बंगाल का नहीं बल्कि केंद्र सरकार की संस्था डीवीसी से आने वाला झारखंड का पानी है . झारखंड से पानी छोड़ा गया है . केंद्र सरकार, डीवीसी क्यों नहीं कराती ड्रेजिंग? हम जानना चाहते हैं कि बंगाल डीवीसी के पानी में क्यों डूबेगा .

### यह मानव निर्मित बाढ़ है : ममता बनर्जी

ममता बनर्जी ने कहा, यह बारिश का पानी नहीं है, यह केंद्र सरकार की संस्था डीवीसी द्वारा अपने बांधों से छोड़ा गया पानी है .यह मानव निर्मित बाढ़ है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है . केंद्र सरकार डीवीसी के बांधों की सफाई क्यों नहीं कर रही है, जहां जल भंडारण क्षमता 36 प्रतिशत कम हो गई है .इसमें एक बड़ी साजिश की गई है . हम इसके खिलाफ एक बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे .बनर्जी ने दावा किया कि डीवीसी ने इस वर्ष 5 .5 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा है, जिससे मौजूदा संकट बढ़ा है .

# गोविंदपुर में आदिवासी युवती की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**खास बातें**

- परिजनों ने लगाया दुराचार का आरोप
- पुलिस ने सात युवकों को लिया हिरासत में

संवाददाता। गोविंदपुर



गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बरियो पंचायत अंतर्गत बरियो ग्राम के आदिवासी टोला में 19 वर्षीय आदिवासी युवती की लाश बुधवार रात उसके घर में पाई गई. मृतक के परिजनों का कहना है कि दुराचार के बाद उसकी हत्या की गई है.

हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह स्पष्ट हो गया है कि हत्या से पूर्व युवती के साथ दुष्कर्म जैसी कोई घटना नहीं घटी थी. इस बीच आक्रोशित ग्रामीण और परिजन देर रात तक शव के साथ सड़क जाम किये हुए थे. उन्हें समझाने के लिए धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो भी घटनास्थल पर पहुंचे थे लेकिन ग्रामीणें ने उनकी बात नहीं सुनी उनका कहना था कि जब तक धनबाद के एसएसपी स्वयं यहां नहीं आते हैं तब तक किसी से कोई बात नहीं होगी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय एक शंकर कामती एवं पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे. इसके बाद पूरा गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया. गोविंदपुर थाना की पूरी टीम रात भर जागी और सात युवकों को हिरासत में लिया. उनसे पूछताछ जारी है.

बताया जाता है कि घटना के समय युवती घर पर अकेली थी. उसके माता-पिता मजदूरी करने गए थे तथा इकलौता भाई फुटबॉल खेल देखने गया था. खेल देखने के बाद भाई जब घर आया तो बहन को मृत पाया. इसके बाद माता-पिता आए और वह कोई निर्णय नहीं ले पा रहे थे. इस बीच ग्रामीणों ने रात 10:00 बजे मुखिया नमिता हंसदा के पति राजेश हांसदा को घटना की सूचना दी. इसके बाद उन्होंने गोविंदपुर पुलिस को मामले से अवगत कराया.सूचना पाते ही गोविंदपुर इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद दलबल के साथ पहुंचे और फिर पुलिस उपाधीक्षक शंकर कांति आए और पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई.

पुलिस ने सुबह 5:00 बजे शव गांव से पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेजा. पोस्टमार्टम के बाद शाम करीब 4:00 बजे आदिवासियों ने शव के साथ बरियो मोड़ में सड़क जाम कर दिया. बताया जाता है कि मृतक युवती के गले में रस्सी एवं खरोच का निशान था.

### गांव में अवैध शराब कारोबार का भंडाफोड़ पुलिस ने जप्त की 2 लाख रुपये की शराब

रात में ही छानबीन के क्रम में पुलिस को पता चला कि उक्त युवती के घर के अगल-बगल के लोग शराब का अवैध कारोबार करते हैं . यहां महुआ शराब की चुलाई होती है और अंग्रेजी शराब की भी बिक्री होती है . शाम में गांव में शराब पीने वाले लोग आते हैं और शराबियों का अड्डा लगता है . इस टोले में घर-घर शराब चुलाई और बिक्री का धंधा चलता है . इस दौरान पुलिस ने गांव की एक दुकान एवं कई घरों से भारी मात्रा में देसी और विदेशी शराब जप्त की . बताया जाता है कि पुलिस को करीब 2 लाख की शराब छापेमारी में मिली है . इस घटना को लोग अवैध शराब के धंधे से भी जोड़कर देख रहे हैं .

### शव अंदर पड़ा हुआ था और दरवाजा बाहर से बंद था : जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी मुर्मू

जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी मुर्मू का कहना है कि बुधवार को 3 :30 से 4 बजे के बीच यह घटना घटी . शाम 4 :30 बजे जब युवती का भाई फुटबॉल मैच खेलकर आया, तो उसने देखा कि दरवाजे की कुंडी बाहर से लगी हुई थी . कुंडी खोलने पर उसने अपनी बहन को अचेत अवस्था में जमीन पर पड़े हुए देखा . इसके बाद भाई ने घटना की जानकारी आस-पास के लोगों को दी और बहन को आनन-फानन में इलाज के लिए पास के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया .लक्ष्मी मुर्मू ने बताया कि युवती के शव को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या की गई है . उन्होंने कहा कि घटना के दौरान युवती ने बचने का प्रयास किया है, जिसके सबूत के तौर पर उसके मोबाइल से 101 नंबर दो बार डायल किया गया है .लक्ष्मी मुर्मू ने मांग की है कि पुलिस इस घटना में सख्त कार्रवाई करते हुए अपराधी को फांसी की सजा दिलाए . उन्होंने कहा कि समाज को भी जागरूक होने की जरूरत है, ताकि ऐसी घटनाएं न हों . माता-पिता को बेटों को भी महिलाओं के सम्मान के लिए अच्छा संस्कार देना चाहिए .

## बरवाअड्डा में सियार का आतंक कई ग्रामीणों को काट खाया




संवाददाता। धनबाद


बरवाअड्डा में एक सियार ने आतंक मचा रखा है. बुधवार की शाम और गुरुवार की सुबह में सियार ने ग्रामीणों पर हमला किया, जिसमें आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण घायल हुए हैं.

घटना बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कुर्मिडीह में हुई है, जहां सियार के द्वारा लगातार दो दिनों से हमला होने के बाद ग्रामीण काफी दहशत में हैं. सभी घायल बड़ा पिछड़ी कल्याणपुर और कुर्मिडीह के रहने वाले हैं.

घायलों को धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया है, जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज शुरू कर दिया है. घटना के बाद से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है.

सियार द्वारा ग्रामीणों पर हमले की सूचना मिलने के बाद, वन विभाग की रेस्क्यू टीम गुरुवार की शाम को गांव पहुंची और सियार को पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया. ग्रामीण भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं कि सियार जल्द से जल्द पकड़ में आ जाए. इस घटना में केसरी देवी, भागीरथ महतो, गोलू कुमार, जितेंद्र नाथ, गुलाम रुबीना, सूरज गोप घायल हुए हैं.







### विधायक ने किया स्ट्रीट लाइट का शिलान्यास

**धनबाद :** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने गुरुवार को 43 लाख की लागत से धनबाद नगर निगम के अंतर्गत डिनोबिली मोड़ से भौरा स्टेशन रेलवे फाटक तक जाने वाली 2.5 किलो मीटर मुख्य सड़क पर एलईडी लाइट का विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़ शिलान्यास किया. इस दौरान पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि यहां के स्कूल प्रबंधन व आम जनता काफी दिनों से सड़को पर अंधेरा रहने से जूझ रहे थे. अंधेरे के कारण आये दिनों सड़क दुर्घटना हो रही थी और काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था. शाम के समय महिलाओं को अंधेरे के कारण काफी कठनाइयों का सामना करना पड़ता था जिससे उन्हें निजात मिलेगा.

## एसएनएमएमसीएच में मरीज की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

- डॉक्टरों पर लगाया इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप

संवाददाता। धनबाद

शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) में गुरुवार की शाम एक मरीज की मौत होने पर आक्रोशित परिजनों ने जमकर हंगामा किया. मृतक पप्पू गुप्ता टोटो से गिर पड़ा था, जिससे उसके पैर में चोट आई थी. गुरुवार की सुबह उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था. इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया. होमगार्ड के जवानों ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया.

मृतक की भाभी रूपा देवी ने बताया कि बुधवार की शाम पप्पू गुप्ता टोटो से गिर पड़ा था. उसे चलने-फिरने में परेशानी हो रही थी. गुरुवार की सुबह उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया. डॉक्टर एक बार भी मरीज को देखने नहीं आए. अस्पताल कर्मियों से पूछा गया तो बताया कि डॉक्टर सायंकाल 6 बजे आते हैं. इस दौरान मरीज की हालत बिगड़ती गई. रूपा देवी ने कई बार अस्पताल प्रशासन को इसकी जानकारी दी, लेकिन किसी ने नहीं सुनी. समय से इलाज नहीं होने पर मरीज की मौत हो गई.

### जिले के 50 विद्यालयों में सुधार के लिए एसबीआई फाउंडेशन की पहल

**कतरास।** राजेंद्र कन्या मध्य विद्यालय, कतरास में एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से ऐडेंट संस्था द्वारा विद्यार्थियों के लिए विशेष सुविधाओं का वितरण किया गया. इस कार्यक्रम में विद्यालय में वाटर कूलर, वाटर प्यूरीफायर, बुकशेल्फ, लाइब्रेरी टेबल, लगभग एक हजार पुस्तकें और खेल सामग्री वितरित की गई. इसके अलावा, विद्यालय के शौचालय का सौंदर्यीकरण किया गया और खेल मैदान का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा. कार्यक्रम के निर्देशक कुमार रणवीर ने बताया कि धनबाद जिले के 50 विद्यालयों को चिन्हित किया गया है, जिनकी आधारभूत संरचना में सुधार किया जाएगा.

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष को झरिया से पांच नामों की सूची सौंपी

संवाददाता। धनबाद

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को झरिया प्रखंड कांग्रेस की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष इम्तियाज अली के नेतृत्व में चासनाला दो नम्बर बस्ती मंस की गई. जिसमे झरिया विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड अध्यक्ष को 5 नामो को देना है. बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष संतोष सिंह व जिला संयुक्त सचिव प्रभारी अनिल साव मौजूद रहे. जहां झरिया प्रखंड अध्यक्ष इम्तियाज अली ने बंद लिफाफे में 5 नामो को चुनाव प्रभारी को सौपा. वही जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि धनबाद ही नही पूरे झारखंड में सभी प्रखंडों से 5 नामो को मांगा गया है. जिसे प्रदेश अध्यक्ष को सौपा जाएगा. उक्त नामो पर 24 सितंबर की बैठक में मंथन किया जाएगा. कहा कि प्रदेश अध्यक्ष से यही आग्रह है कि जो भी कांग्रेस पार्टी के प्रति सच्ची श्रद्धा व विश्वास रखता हो, जीने और मरने की कसम खाते हो और पार्टी के प्रति समर्पित हो, उसे ही टिकट दिया जाय. पार्टी पूरे झारखंड में सर्वे करा ले और पार्टी के लिए समर्पित व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया जाय. कहा कि पार्टी में ज्योतिराज सिंधिया व आरपीएन सिंह जैसे नेताओं को तरजीह नही मिलनी चाहिए.

### रागिनी सिंह से टोटो चालकों ने की मुलाकात

**धनबाद ।** जिला टोटो चालक संघ के सदस्यों ने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह से मुलाकात की और उन्हें प्रशासन के मनमाने रवैये से परेशान होकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया. सिंह ने इस मामले में डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी और ट्रैफिक डीएसपी विधि व्यवस्था अरविंद सिंह से बात की.

डीटीओ ने बताया कि सरकार ने टोटो और ऑटो रिक्शा चालकों के लिए ड्रेस कोड जारी किया था. वहीं, डीएसपी ट्रैफिक विधि व्यवस्था अरविंद सिंह ने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा चालकों को परेशान किया जा रहा है या उनके साथ दुर्व्यवहार हो रहा है, तो इसकी लिखित सूचना दी जा सकती है.

**राजनीति** विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही खुद को आम जनता का मसीहा बताने की होड़

# मौसमी नेताओं ने उड़ाई जमीन पर काम करनेवालों की नींद

- जो पांच साल नज़र नहीं आए वे आज जगह जगह कर रहे जनसम्पर्क

अमित सिन्हा

**धनबाद।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए टिकट की आस में कई मौसमी नेता मैदान में उतर आए हैं, कोई दिल्ली की दौड़ लगा रहा है, तो कोई लगातार जनसम्पर्क कर जनता को लुभाने में लगा हुआ है कुछ एक ऐसे भी हैं जिन्हें धनबाद विधानसभा की जनता से कभी कोई सरोकार नहीं रहा, लेकिन चुनाव की आहट होते ही हर जगह अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं.

धनबाद विधानसभा में भाजपा के स्वयंभू दावेदारों में एलबी सिंह, हरेन्द्र सिंह, रंजीत सिंह, राकेश कुमार आदि शामिल हैं. एलबी सिंह आउटसोर्सिंग कंपनी के मालिक हैं जिन्होंने कोयले को छोड़ कर कभी धनबाद विधानसभा की जनता को नहीं देखा आज़ उनसे बड़ा जनता का शुभेच्छु कोई और नज़र ही नहीं आता है .एल बी सिंह भाजपा से टिकट की दावेदारी में एड़ी का पसीना बहा रहे हैं . दूसरे दावेदार में अशर्फी अस्पताल के मालिक हरेन्द्र सिंह हैं. अस्पताल चलाना इनका व्यवसाय है न कि सेवा गरीब गुरबा के मुफ्त या कम पैसों में सेवा भाव से इनके अस्पताल में अलग से कोई व्यवस्था फिलहाल नहीं है लेकिन समाज सेवा का इनका दावा भी कमजोर नहीं है? इसी प्रकार शिक्षाविद राकेश कुमार एवं व्यवसायी रंजीत सिंह भी खुद को टिकट का दावेदार बता रहे हैं.



### जमीनी नेताओं को हो रही है टेंशन

धनबाद विधानसभा में भाजपा के विधायक राज सिन्हा हैं . इनके साथ ही पार्टी से जुड़े कई ऐसे नेता हैं, जिन्होंने अपना जीवन पार्टी के प्रति समर्पित कर दिया है . ऐसे जमीनी नेताओं को मौसमी नेताओं से टेंशन हो रही है,पार्टी के भीतर चर्चा आम हैं कि जब हवाई नेता ही टिकट के लिए दावेदारी करेंगे तो जमीनी नेताओं का क्या होगा . धनबाद विधानसभा में विधायक राज सिन्हा के अलावा चंद्रशेखर अग्रवाल, चंद्रशेखर सिंह, सतेंद्र कुमार जैसे नेता मौजूद हैं, जिन्होंने आपने जीवन का बहुमूल्य समय भाजपा को दिया है . बहरहाल टिकट देने का निर्णय केंद्रीय नेतृत्व का होगा लेकिन इन दिनों मौसमी नेताओं ने टेंशन बढ़ा दी है .

### बारिश बरपा रही थी कहर, नजर नहीं आए कोई दावेदार

पिछले दिनों धनबाद में हुई लगातार चार दिनों की बारिश ने कहर बरपा दिया था . इसमें कई मुहल्ले कॉलोनी में पानी इतना भर गया था कि जनजीवन अस्त व्यस्त था . लगातार बारिश से कई कच्चे मकान ढह गए . इतनी त्रासदी के बावजूद इनमें से टिकट के एक भी दावेदार लोगों के बीच नहीं दिखे . सोशल मीडिया पर भी इसे लेकर टिप्पणी की जा रही है . हां पूर्णकालिक राजनीति करने वाले धनबाद के विधायक राज सिन्हा जलमग्न कॉलोनियों में कई जगह पर दिखाई दिए .

**जेजीजीएलसीसीई 2023 परीक्षा**

## कदाचार मुक्त परीक्षा कराना जिला प्रशासन का उद्देश्य : डीसी

संवाददाता। धनबाद

झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा- 2023 (जेजीजीएलसीसीई 2023) को लेकर उपायुक्त माधवी मिश्रा ने गुरुवार को न्यू टाउन हॉल में परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, सेंटर सुपरिटेंडेंट, फ्लाइंग स्क्वॉड तथा पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग किया. इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि शांतिपूर्ण माहौल में कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराना जिला प्रशासन का उद्देश्य है. सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने दायित्व का गंभीरता से निर्वहन करेंगे. झारखंड लोक सेवा आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि यह परीक्षा सभी अभ्यर्थियों के लिए अति महत्वपूर्ण है. जो अभ्यर्थी इसमें सफल होंगे वे अच्छे पद पर काम करेंगे. इसलिए सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्य का कड़ाई से पालन करेंगे. परीक्षा बाधित करने वालों पर पैनी नजर रखी जाएगी. जो अभ्यर्थी कदाचार करते पकड़े जाएंगे उनके खिलाफ सेंटर सुपरिटेंडेंट एफआईआर दर्ज कराएंगे. परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी परीक्षार्थी को बाहर जाने की अनुमति नहीं रहेगी. उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा. दंडाधिकारी प्रत्येक अभ्यर्थियों की तलाशी लेंगे. आपत्तिजनक वस्तु मिलने पर तुरंत इसकी रिपोर्ट सेंटर सुपरिटेंडेंट को देंगे.

मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 33.5 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 34.8 | 23.6 |
| डालटनगंज | 33.4 | 24.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, शुक्रवार 20 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 03 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 162 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के ऑर्टिकल 370 पर दिए बयान के बाद भारत में मचा घमासान

# जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान का एजेंडा लागू नहीं होने देंगेः पीएम मोदी

**एजेंसी। जम्मू**

जम्मू कश्मीर के कटरा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी पर जमकर निशाना साधा. पीएम मोदी ने यहां पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के अनुच्छेद 370 पर दिए बयान का भी जवाब दिया है. पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस को लेकर जम्मू-कश्मीर में भले ही उत्साह न हो, लेकिन पड़ोसी देश (पाकिस्तान) इन्हें लेकर बहुत उत्साह में है.

पाकिस्तान में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के अलायंस की बल्ले-बल्ले हो रही है. इनके घोषणा पत्र से पाकिस्तान बहुत प्रभावित है.पीएम मोदी बोले, पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ने कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का खुल कर समर्थन किया है. उनका कहना है कि आर्टिकल 370 और 35ए को लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का एजेंडा वही है, जो पाकिस्तान का एजेंडा है. यानी कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस की पोल खुद पाकिस्तान ने खोल दी है. प्रधानमंत्री ने कहा, मोदी आज कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस को डंके की चोट पर कह रहा है... हम जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे. दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 की वापसी नहीं करा सकती है. दशकों तक कांग्रेस और एनसी ने वही किया जो आतंक के आका को सूट करता है.

रैली में पीएम मोदी ने कहा, जब से अनुच्छेद 370 की दीवार यहां टूटी है, तब से जम्मू कश्मीर में आतंक और अलगाव कमजोर पड़ रहे हैं. जम्मू कश्मीर स्थाई शांति की ओर बढ़ चला है. आप सभी के सहयोग से जम्मू कश्मीर आतंकवाद से पूरी तरह मुक्त होकर रहेगा. **-शेष पेज 11 पर**



### पीएम मोदी ने राहुल गांधी को कहा वायरस

इससे पहले कटरा की रैली में गुरुवार को मोदी ने जय कारा शेरोंवाली के जयकारे से अपना संबोधन शुरू किया. पीएम मोदी ने यहां राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्हें कांग्रेस का वायरस बताया है. उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी के वायरस ने विदेश में जाकर क्या कहा है, यह आप सब ने सुना होगा. वह कहते हैं कि हमारे देवी देवता भगवान नहीं है... हिंदू धर्म में गांव-गांव में देवताओं को परंपरा है. हम इष्ट देवों को मानने वाले लोग हैं और यह कांग्रेस वाले कहते हैं कि देवता भगवान नहीं है. क्या यह हमारे देवताओं का अपमान नहीं है. कांग्रेस तो कुछ वोटों के लिए हमारी आस्था और हमारी संस्कृति को कभी भी दांव पर लगा सकती है. पीएम मोदी ने अमेरिका में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर पर निशाना साधा. पीएम बोले, कांग्रेस वाले ऐसी बातें भूल चूक से नहीं बोलते, बल्कि यह एक सोची समझी चाल है. यह नक्सली सोच है और दूसरे देशों से इंपोर्ट की हुई सोच है.

### कांग्रेस हो या पाकिस्तान, दोनों का एजेंडा एकः अमित शाह

उधर, भाजपा ने अनुच्छेद 370 पर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान के बाद कांग्रेस-नेशनल कांग्रेस गठबंधन पर निशाना साधा है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लेकर भाजपा नेता अमित मालवीय तक सभी ने कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस को आड़े हाथ लिया है. अमित शाह ने कहा, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का आर्टिकल 370 और 35ए पर कांग्रेस-एनसी के समर्थन की बात ने एक बार फिर कांग्रेस को एक्सपोज कर दिया है. राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी और पाकिस्तान के सुर हमेशा एक रहे हैं और कांग्रेस का हाथ हमेशा देशविरोधी शक्तियों के साथ रहा है. लेकिन, कांग्रेस पार्टी और पाकिस्तान यह भूल जाते हैं कि केंद्र में मोदी सरकार है, इसलिए कश्मीर में न तो आर्टिकल 370 वापस आने वाला है और न ही आतंकवाद.

### पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने क्या कहा था

पाकिस्तान के एक टीवी कार्यक्रम में वहां के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ शामिल हुए. एंकर ने जम्मू कश्मीर विस चुनाव को लेकर सवाल किया और कहा कि वहां में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस साथ चुनाव लड़ रही हैं. जम्मू कश्मीर में आर्टिकल 370 और 35ए जब लागू किया गया था, तब केंद्र में नेहरू और जम्मू कश्मीर में शेख अब्दुल्ला सत्ता में थे. अब एक बार फिर दोनों साथ आए हैं और दोनों ने कश्मीर में आर्टिकल 370 और 35ए लागू करने का वादा किया है. इसे लेकर ख्वाजा आसिफ की प्रतिक्रिया मांगी गई. जिस पर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि अगर ऐसा होता है तो बहुत अच्छा होगा और हम आर्टिकल 370 और 35ए पर कांग्रेस और उसके सहयोगियों के रुख के साथ हैं.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 69,300 |
| चांदी (किलो) | 90,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### जदयू की पूर्व एमएलसी के घर एनआईए की रेड

**गया।** बिहार के गया में जदयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के आवास पर एनआईए की टीम ने छापा मारा है. जानकारी के मुताबिक रेड सुबह 4 बजे हुई और घर में मौजूद लोगों से पूछताछ की गई. इस दौरान एनआईए को कई अहम दस्तावेज भी मिले हैं. मनोरमा देवी के घर के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी. **- पेज 11 भी देखें**

#### केजरीवाल आज से शुरू करेंगे हरियाणा में प्रचार

**नयी दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल सीएम की कुर्सी छोड़ने के बाद अब नए मिशन पर निकलेंगे. पार्टी के नेता संदीप पाठक ने बताया कि 5 अक्टूबर को हरियाणा का चुनाव है. केजरीवाल भाजपा की साजिशों से लड़ कर जेल से बाहर आ गए और शुक्रवार से हरियाणा चुनाव में प्रचार के लिए तैयार हैं.

#### खट्टर का भतीजा हुआ कांग्रेस में शामिल

**रोहतक।** हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर के भतीजे रमित खट्टर कांग्रेस में शामिल हो गए हैं. खट्टर फिलहाल केंद्र सरकार में ताकतवर मंत्री हैं. भले ही सीएम नायब सिंह सैनी हैं, लेकिन अब भी मनोहर लाल का राज्य में अच्छा रुतबा है. ऐसे में खट्टर के परिवार से ही किसी का कांग्रेस में जाना भाजपा के लिए एक झटके की तरह है.

#### यूपी में फिर ट्रेन पलटने की हुई नाकाम कोशिश

**रामपुर।** यूपी में फिर ट्रेन पलटने की कोशिश हुई है. रामपुर में रेलवे ट्रैक पर सात मीटर खंभा रख कर काठगोदाम-देहरादून एक्सप्रेस को डिरेल करने की कोशिश हुई. संयोग से लोको पायलट ने दूर से ही खंभेको देख लिया और ब्रेक लगा कर गाड़ी रोक ली. खंभा हटा कर ट्रेन तो रवाना कर दी गई.

## हेमंत ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्रियों को दी चुनौती, कहा

# देखते हैं किसमें कितना दम



- चुनावी मोड में सीएम, भाजपा को लिया आड़े हाथ
- कहा-इनसे पूछिए, अडानी का बिजली कहां जाती है
- पूंजीपति लोग आपके आंसू पोंछने नहीं आएंगे
- पैसे के दम पर ये लोग घर, समाज को भी तोड़ देंगे
- हमसे हिसाब मांगने वाले अपने 19 साल का हिसाब दें

**विशेष संवाददाता। रांची/गढ़वा**

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल प्रखंड के दुलदुलवा पंचायत स्थित पेशका उच्च विद्यालय मैदान में उपस्थित हुए. इस मौके पर उन्होंने गढ़वा एवं लातेहार जिले की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करते हुए राज्य के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता जताई. इस मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर, सत्यानंद भोक्ता सहित स्थानीय विधायक भी मौजूद थे.

गढ़वा में मुख्यमंत्री सोरेन पूरी तरह से चुनावी मोड में दिखे. एक-एक करके भाजपा पर तीखे प्रहार किए. उन्होंने भाजपा में शामिल सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों को चुनौती देते हुए कहा कि आओ देखें जरा, किसमें कितना है दम. एक मुख्यमंत्री को हटाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री एक दल में चले गए. अब तो इस राज्य के सारे मुख्यमंत्री एक तरफ, प्रधानमंत्री भी एक तरफ और एक तरफ हम आदिवासी-दलित-पिछड़ा मुख्यमंत्री. देखते हैं किसकी ताकत कितनी है. अब इनको चुनावी बोरे में भरकर जहां से आएंगे वहीं वापस भेज देना होगा. आपलोग ध्यान रखिएगा, हमारे 24 जिला में एक जिला को छोड़ दें, तो राज्य 23 जिला अगल-बगल दूसरे राज्य से जुड़ता है. ये वोट चोरी करने वाले लोग अगल-बगल राज्य से घुसेंगे. **-शेष पेज 11 पर**

### यह लड़ाई अब अमीर और गरीब के बीच है

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ पूंजीपतियों की जमात और दूसरी तरफ राज्य का गरीब गुरबा, दलित-पिछड़ा है. अब ये लड़ाई अमीर और गरीब के बीच होनी है. पैसे से ये लोग हमारा परिवार तोड़ेगा, पार्टी तोड़ेगा, समाज भी तोड़ेगा. इन लोगों से सावधान रहिए. 20 साल तक डबल इंजन की सरकार ने अलग-अलग तरीके से इस राज्य को लूटा. आज जब झारखंडियों की सरकार बनी है, तो सरकार के मंत्रियों को किडनैप कर लो, तोड़ लो, उठा लो, डराओ-धमकाओ. सीबीआई, ईडी दो साल तक हमारे पीछे लगा दिया. जब हम डरे नहीं, तो झूठे केस में जेल में डाल दिया. चिंता मत करिए, जब तक गरीब गुरबा का आशीर्वाद मेरे साथ है, तो कोई मेरा बाल बांका नहीं कर सकता है.

### बहुत जल्द बाहर से आकर गिद्ध यहां मंडराने लगेंगे

सोरेन ने कहा कि झारखंड को सदियों से नोंचा-खसोटा गया है. कहने को तो इसे सोने की चिड़िया कहा जाता है, लेकिन आज ये राज्य बूंद-बूंद के लिए भी तरसता है. बहुत जल्दी इस राज्य में चुनाव होने वाला है. यहां व्यापारियों की गिद्ध नजर पड़ चुकी है. कल से ये लोग गिद्ध की तरह पूरे राज्य में मंडराएंगे. झारखंड के ही नहीं गुजरात के, यूपी के, छत्तीसगढ़-एमपी के लोग आपको गांव-गांव में देखने को मिलेंगे. धन बल के दम पर भीड़ एकत्र करके जाति धर्म का सांप्रदायिक जहर घोलने का काम करेंगे. याद रखिएगा, इन पूंजीपतियों के पास आपके आंसू पोंछने के लिए कुछ भी नहीं है. आप सब अपने बेटे पर भरोसा कीजिए, मैं हमेशा आपके साथ रहूंगा.

### गढ़वा और लातेहार को मिली ये सौगातें

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस अवसर पर गढ़वा एवं लातेहार जिले को लगभग 1197 करोड़ 62 लाख रुपए की 748 योजनाओं का तोहफा दिया. इसमें गढ़वा जिला अंतर्गत 732 करोड़ 50 लाख 37 हज़ार 800 रुपए की 113 योजनाओं का शिलान्यास तथा 260 करोड़ 92 लाख 61 हज़ार रुपए की 22 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है. जबकि लातेहार जिले में 109 करोड़ 22 लाख 16 हज़ार 368 रुपए की 144 योजनाओं का शिलान्यास एवं 94 करोड़ 98 लाख 22 हज़ार 924 रुपए की 469 योजनाओं का उद्घाटन संपन्न हुआ. इस मौके पर गढ़वा जिले के 25044 लाभुकों के बीच 38 करोड़ 94 लाख 15 हज़ार 800 रुपए एवं लातेहार जिले के 197184 लाभुकों के बीच 167 करोड़ 14 लाख 6 हजार 904 रुपए की परिसंपत्तियां बांटी गई. मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम में लातेहार जिले के लिए 54 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा.

# रांची पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को शाम सात बजे रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंची. एयरपोर्ट पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, सीएम हेमंत सोरेन और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनका स्वागत किया. एयरपोर्ट से राष्ट्रपति सीधे राजभवन पहुंची. वे रात्रि विश्राम राजभवन में करेंगी. बताते चलें कि राष्ट्रपति दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंची है. शुक्रवार को वे नामकुम स्थित आईसीएआर (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सेकेंडरी एग्रीकल्चर) के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगी. साथ ही वहां 'एक पौधा मां के नाम' कार्यक्रम की भी शुरुआत करेंगी. इसके बाद वे दोपहर 12.30 बजे दिल्ली के रवाना हो जाएंगी. **-शेष पेज 11 पर**



फोटो : रमीज

**100** साल पूरे होने पर आईसीएआर के कार्यक्रम में होंगी शामिल

- 'एक पौधा मां के नाम' कार्यक्रम की भी शुरुआत करेंगी

## पन्नू केस में अमेरिकी कोर्ट ने डोभाल को जारी किया समन

**नयी दिल्ली।** खालिस्तानी उग्रवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के आरोप में अमेरिका की एक अदालत ने भारत सरकार के नाम समन जारी कर दिया है. इसे लेकर भारत सरकार ने सख्त आपत्ति जताई है. भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसे पूरी तरह से गलत बताया है. विदेश सचिव ने कहा कि यह गलत है और हम इस पर आपत्ति जताते हैं. न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने यह समन भारत सरकार, एनएसए अजित डोभाल, रॉ के पूर्व चीफ सामंत गोयल, रॉ एजेंट विक्रम यादव और कारोबारी निखिल गुप्ता के नाम जारी किया है. सभी पक्षों से 21 दिन के अंदर जवाब देने को कहा गया है. **पेज 12 भी देखें**

- विदेश सचिव ने कहा कि यह गलत है और हम इस पर आपत्ति जताते हैं



# गृह मंत्री शाह आज करेंगे परिवर्तन यात्रा का आगाज

## साहिबगंज और जमुआ में करेंगे जनसभा को संबोधित

**प्रमुख संवाददाता। रांची**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को बीजेपी की परिवर्तन यात्रा का आगाज करेंगे. सबसे पहले वे साहिबगंज के भोगनाडीह में स्वतंत्रता सेनानी सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे. इसके बाद पुलिस लाइन मैदान में दिन के 11 बजे परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करते हुए जनसभा को संबोधित करेंगे. इसी दिन वे धनबाद प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे. यह कार्यक्रम गिरिडीह के जमुआ में होगा. जमुआ स्थित झारखंड धाम मैदान में अपराह्न तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे.

**5400 किमी की दूरी तय करेगी :** बीजेपी की परिवर्तन यात्रा पूरे प्रदेश में 200 से अधिक प्रखंडों से गुजरती हुई 5400 किलोमीटर की दूरी तय करेगी. यात्रा में 80 स्वागत कार्यक्रम, 65 सार्वजनिक रैलियां होंगी, जिसमें राष्ट्रीय और प्रदेश के 50 से अधिक प्रमुख नेता शामिल होंगे.

### ऐसा है परिवर्तन यात्रा का कार्यक्रम

- संथालपरगना प्रमंडल की यात्रा 20 सितंबर को भोगनाडीह से प्रारंभ होकर 30 सितंबर को संपन्न होगी.
- **धनबाद प्रमंडल की यात्रा झारखंडी धाम से 20 सितंबर को प्रारंभ होगी और 26 सितंबर को संपन्न होगी.**
- पलामू प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा 21 सितंबर को बंशीधर नगर से प्रारंभ होगी और 28 सितंबर को संपन्न होगी.
- **हजारीबाग प्रमंडल की यात्रा 21 सितंबर से इटखोरी स्थित भद्रकाली मंदिर से प्रारंभ होगी और 28 सितंबर को संपन्न होगी.**
- दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल की यात्रा खूंटी स्थित आम्रेश्वर धाम से 23 सितंबर से प्रारंभ होगी और 13अक्टूबर को संपन्न होगी.
- **कोल्हान प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा चित्तेश्वर धाम बहरागोड़ा से 23 सितंबर को प्रारंभ होगी और 2 अक्टूबर को संपन्न होगी.**

# बिगरी बात बनै नहीं लाख करौ किन कोय



**बैजनाथ मिश्र**

वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

**यदि वह नेता प्रतिपक्ष के रूप में भी विदेश जाते, तो उन्हें कुछ भी बोलने से कौन रोक सकता था. उन्होंने कभी कोई वर्जना मानी है, जो इसबार मानते.**

**प्रसंगवश**

कांग्रेस के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी अमेरिका में अपने ज्ञान की विपुल संपदा बिखेर कर स्वदेश लौट आये हैं. उनकी यह यात्रा बकौल सत्यनारायण गंगाराम (सैम) पित्रोदा निजी थी. यह सफाई पित्रोदा ने राहुल की यात्रा शुरू होने से पहले ही दे दी थी. इसका मकसद खुला खेल फर्रुखाबादी की सहूलियत लेना था. यदि वह नेता प्रतिपक्ष के रूप में भी विदेश जाते, तो उन्हें कुछ भी बोलने से कौन रोक सकता था. उन्होंने कभी कोई वर्जना मानी है, जो इस बार मानते. उनकी यात्रा के पहले पड़ाव (टेक्सास) से ही यह संकेत मिल गया था कि वह बिना कमाल किये लौटेंगे नहीं. हुआ यह कि इंडिया टुडे ग्रुप के संवाददाता रोहित शर्मा को राहुल के संगी-साथियों ने बेइज्जत कर दिया. वह गये थे पित्रोदा से जानने कि राहुल गांधी किन-किन संगठनों, समूहों और व्यक्तियों से मिलेंगे और इस यात्रा का मकसद क्या है. इसी क्रम में उन्हें बताया गया कि राहुल अमेरिकी सांसदों के एक समूह से भी मिलेंगे. इस पर रोहित ने प्रतिप्रश्न कर दिया कि क्या उस मीटिंग में राहुल बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा भी उठाएंगे? फिर क्या था. हॉल में बैठे लोगों ने हंगामा कर दिया. रोहित का मोबाइल छीन लिया. उन्हें पकड़ कर बैठा लिया और रिकॉर्ड किया गया संवाद डिलीट करा दिया. यह पूरी जानकारी रोहित ने स्वयं सोशल मीडिया पर अपने एक पोस्ट के माध्यम से दी है. लेकिन इंडिया टुडे ग्रुप ने इस बाबत कुछ नहीं कहा है. क्यों नहीं कहा है, राम जानें.

बहरहाल राहुल गांधी जहां बोले, शायद पहले से तय नैरेटिव या मसौदे के हिसाब से बोले. उन्होंने अपने पसंदीदा विषय नरेंद्र मोदी, भाजपा, आरएसएस पर तल्ख लहजे में हमला किया. लेकिन उस प्रकार हंगामा नहीं मचा न देश में न विदेश में. फिर उन्होंने चुनाव आयोग को निशाने पर लिया. कहा चुनाव निष्पक्ष नहीं हुए. पूरी तरह नियंत्रित चुनाव था. अन्यथा भाजपा को 240 सीटें हरगिज नहीं मिलतीं. इस पर प्रतिक्रियाएं आयीं. वे भी परंपरागत ही थीं. यानी यदि चुनाव नियंत्रित थे तो भाजपा को 240 सीटें ही क्यों मिलीं और कांग्रेस 99 पर कैसे पहुंच गई इत्यादि. लेकिन विचारणीय प्रश्न यह है कि जब भारत के चुनावों पर दुनिया की नजर रहती है, विदेशी एजेंसियां नजर गड़ाये रहती हैं, विदेशी पर्यवेक्षक सूक्ष्म निरीक्षण करते रहते हैं तब विदेश की धरती पर भारत की चुनाव प्रक्रिया पर सवाल आलोचनाओं को आमंत्रित तो करेगा ही.

दूसरा मुद्दा उठा आरक्षण का. एक सवाल के जवाब में राहुल ने कहा कि यदि समता और समानता की स्थिति बन जायेगी तो आरक्षण खत्म कर दिया जायेगा. यह एक निर्दोश जवाब था. लेकिन इसे बसपा प्रमुख मायावती ले उड़ीं. उन्होंने राहुल के जवाब के उत्तर भाग यानी आरक्षण खत्म कर दिया जायेगा को पकड़ लिया और आरोप मढ़ दिया कि कांग्रेस आदतन आरक्षण विरोधी है. इससे उत्साहित भाजपा और दूसरे दल भी प्रतिक्रियात्मक मोड में आ गये. कांग्रेस और उसके साथी दल चिंतित हो गये. राहुल को माहौल की सूचना दी गयी तो उन्होंने सफाई दी और कहा कि वह आरक्षण का दायरा बढ़ाने की मांग करनेवाले हैं, खत्म कैसे करेंगे. इससे उनकी बात पर बतंगड़ का दौर थम गया लेकिन हरियाणा के चुनाव में यह मुद्दा भाजपा उठा रही है. इसके आगे विद्रूप स्थिति पैदा हो गयी. उन्होंने एक समूह को संबोधित करते हुए कह दिया कि भारत में सिखों के पगड़ी और कड़ा पहनने पर पाबंदी जैसे हालात हैं. **-शेष पेज 11 पर**

## बंगाल की बाढ़ में ममता को दिखा साजिश वाला एंगल, कहा-

# डीवीसी जिम्मेदार, अब उससे रिश्ता नहीं

**झारखंड बॉर्डर भी तीन दिन तक किया बंद**

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और राज्य में बाढ़ के लिए जिम्मेदार ठहराया. बंगाल सीएम ने दामोदर घाटी कॉरपोरेशन (डीवीसी) बांधों की ड्रेजिंग करने में केंद्र के विफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि इसके परिणामस्वरूम पीछे से पानी छोड़ने के चलते राज्य के कई जिलों में बाढ़ आ गई.

सीएम बनर्जी ने डीवीसी को मानव निर्मित बाढ़ के लिए जिम्मेदार ठहराया और कहा कि राज्य में स्थिति के पीछे एक साजिश है. डीवीसी बांध मैथन और पंचेत में स्थित हैं, जो झारखंड-बंगाल सीमा पर बना है. पश्चिम मेदिनीपुर जिले के पाशकुरा में बाढ़ की स्थिति की निगरानी करते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि वह निगम के साथ सभी संबंध तोड़ देंगी. ममता बनर्जी ने कहा, यह बारिश का पानी नहीं है, यह केंद्र सरकार के संगठन डीवीसी द्वारा अपने बांधों से छोड़ा गया पानी है. यह मानव निर्मित बाढ़ है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है. केंद्र डीवीसी के बांधों की सफाई क्यों नहीं कर रही है, जहां जल भंडारण क्षमता 36 प्रतिशत कम हो गई है. **-शेष पेज 11 पर**



बंगाल के सीमावर्ती जिले में आई बाढ़ का निरीक्षण करतीं ममता बनर्जी.

## ब्रीफ खबरें

### छोटा परिवार, सुखी परिवार अभियान का शुभारंभ

**निरसा।** भारत सरकार के सीमित परिवार, सुखी परिवार अभियान के तहत निरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गुरुवार को जागरूकता रथ रवाना किया गया. रथ को प्रखण्ड प्रमुख आशा देवी एवं चिकित्सा प्रभारी डॉ. संजय कुमार ने हरी झंडी दिखाई. मौके पर डॉ. संजय कुमार ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रित करने के लिए लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए इस रथ को रवाना किया गया है. 20 दिनों तक यह अभियान चलाया जाएगा. रथ के जरिए सभी प्रकार के कन्ट्रेसेप्टिभ जैसे निरोध, आईयूसीडी, हार्मोनल कन्ट्रेसेप्टिभ का प्रचार किया जाएगा. छोटा परिवार सुखी परिवार होता है. हर दंपत्ति से दो बच्चे ही रखने की अपील की जाएगी.

### झारखंड पिकल बॉल चैंपियनशिप 21-22 को

**धनबाद।** झारखंड में पिकल बॉल की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन तृतीय झारखंड पिकल बॉल चैंपियनशिप का आयोजन कर रहा है. यह चैंपियनशिप 21 और 22 सितंबर को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में आयोजित की जाएगी. इस चैंपियनशिप में राज्य के विभिन्न जिलों से 100 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे. झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव कुमार ने बताया कि खिलाड़ी पिकलबॉल ग्लोबल की वेबसाइट से अपना पंजीकरण करा सकते हैं. झारखंड पिकलबॉल के सचिव प्रभात कुमार ने बताया कि पिकलबॉल विश्व में सर्वाधिक तेजी से लोकप्रिय होने वाला खेल है और जल्द ही यह ओलंपिक खेलों में शामिल होने जा रहा है. चैंपियनशिप में सफल खिलाड़ियों को आगामी माह में पानीपत में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा. इस आयोजन में नरेश कुमार, विकास कुमार, राजेश कुमार, अरविंद कुमार, गजेंद्र शर्मा, जिगर विश्वकर्मा, दीपक कुमार आदि शामिल हैं.

### बीसीसीएल मुख्यालय में हिंदी निबंध प्रतियोगिता

**धनबाद।** बीसीसीएल के कोयलाभवन सभागार में गुरुवार को हिंदी निबंध लेखन और पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुआ.इस अवसर पर जीएम (सामग्री प्रबंधन) ने मौजूद प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया ,इसके साथ सभी हिंदी में कार्य करने के लिए मार्ग दर्शन दिया गया.वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद जीएम पार्थशिश राम ने अपने संबोधन में कहा की हिंदी में बहुत उपयोगी टूल्स का निर्माण किया जा चुका है. जिसकी सहायता से हिंदी में कार्य कार्य करना बहुत आसान हो गया है. इसके साथ प्रतियोगिता में लगभग 50 प्रतिभागियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया. मौके पर प्रबंधक दिलीप कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे.

### स्टील गेट इलाके में आज साढ़े चार घंटे गुल रहेगी बिजली

**धनबाद।** 11 केवी बिग बाजार फीडर की आपूर्ति पीएमसीएच पीएसएस से सुबह 8:30 से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगी. यह कंडक्टर बदलने और रखरखाव कार्य के लिए किया जा रहा है. इस दौरान बिग बाजार, गोल बिल्डिंग, चाणक्य नगर, नीलांचल कॉलोनी, शक्ति विहार कॉलोनी, स्टील गेट, सहयोगी नगर सेक्टर 1 और 2, आयुष विहार कॉलोनी आदि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी.

---

**अराजकता : स्वास्थ्य विभाग की उपेक्षा का शिकार जीतपुर अस्पताल**

# न डॉक्टर बैठ रहे और न नर्स

- निर्माण पर 7 करोड़ किए खर्च
- पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह ने किया था उद्घाटन

**सतीश गोस्वामी। गोमो**



गोमो में जीतपुर अस्पताल स्वास्थ्य विभाग की उपेक्षा का शिकार है. इस अस्पताल में न डॉक्टर बैठ रहे हैं और न ही नर्स. इसके निर्माण होने पर स्थानीय लोगों को उम्मीद जगी थी कि इलाज के लिए अब दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा. अस्पताल का भवन तो बनकर तैयार है, लेकिन यह आज तक चालू नहीं हो पाया है. यहां के लोग पिछले पंद्रह वर्षों से इसके खुलने की आस लगाए बैठे हैं.

इस अस्पताल का शिलान्यास राज्य के पूर्व मंत्री स्वर्गीय राजेंद्र सिंह ने किया था. शिलान्यास के वक्त उन्होंने कहा था कि यह अस्पताल बनकर तैयार होने के बाद इस क्षेत्र की जनता को इलाज में होने वाली समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी. इस अस्पताल में 30 बैड की क्षमता है. इसके निर्माण पर करीब सात करोड़ की लागत आई. भवन तो बनकर तैयार है, लेकिन इसमें डॉक्टर, नर्स, कंपाउडर और अन्य स्वास्थ्यकर्मी आज तक नहीं बैठे. पंचायत स्तर के प्रतिनिधियों ने बीच-बीच में अस्पताल चालू करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किए, लेकिन निष्कर्ष कुछ भी नहीं निकाल. बीते 15 वर्षो से अस्पताल का भवन जर्जर हो रहा है. इसका कोई सुध लेने वाला कोई नहीं है.

### स्वास्थ्यकर्मियों के लिए बने आवास में गैर स्वास्थ्यकर्मी कर रहे निवास

जीतपुर अस्पताल के नये भवन परिसर में स्वास्थ्य कर्मियों के लिए तीन मंजिला आवास का भी निर्माण किया गया था. वाहन पार्किंग की भी व्यवस्था है. बिजली पानी की भी सुविधा उपलब्ध है. आवास परिसर में डॉक्टर, नर्स, कंपाउंडर, तकनीशियन, एंबुलेंस चालक सभी के लिए अलग-अलग आवास हैं. सोचने वाली बात यह है कि स्वास्थ्यकर्मियों के लिए बनाए गए एक भी आवास खाली नहीं है. इन आवासों में गैर स्वास्थ्यकर्मियों रह रहे हैं. इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से पूछताछ की गई तो उन्होंने कुछ नहीं बताया. जिला परिषद् सदस्य हीरामन नायक और गोमो मुखिया प्रतिनिधि रवि सिंह से पूछा गया तो इन दोनों ने बताया कि जिन स्वास्थ्य कर्मियों के नाम से आवास आवंटित था, उन स्वास्थ्य कर्मियों ने इसे किराए पर दे रखा है. बता दें कि अगर इस अस्पताल में शुरू हो जाए तो गरीब लोगों को इलाज कराने में सुविधा होगी. संपन्न लोग तो इलाज कराने धनबाद, बोकारो, दुर्गापुर, रांची समेत अन्य जगहों पर चले जाते हैं, लेकिन गरीब कहां जाए? गरीबों की आस एकमात्र यह अस्पताल है.

---

# आईआईटी आईएसएम में हिंदी पखवाड़ा शुरू

- मातृभाषा के महत्व पर दिया जोर

**संवाददाता। धनबाद**

आईआईटी आईएसएम धनबाद में हिंदी पखवाड़ा की शुरुआत हुई. इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिंदी भाषी और गैर-हिंदी भाषी कर्मचारियों, अधिकारियों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया. कार्यक्रम की शुरुआत हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता से हुई. आईआईटी (आईएसएम) के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा ने कहा कि कोई भी समाज अपनी मातृभाषा को उचित महत्व दिए बिना प्रगति नहीं कर सकता है. उन्होंने चीन और जापान का उदाहरण दिया, जिन्होंने अपनी मातृभाषा का उपयोग करके तकनीकी नवाचार किया और इस तरह प्रौद्योगिकी की नकल को रोका. आईआईटी आईएसएम के उप निदेशक प्रोफेसर धीरज कुमार ने कहा कि हमारे जैसे राज्य में, जो मुख्य रूप से हिंदी भाषी राज्य है, हर दिन एक हिंदी दिवस होना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि हिंदी को और बढ़ावा देने के लिए संस्थान के कर्मचारियों, अधिकारियों और संकाय सदस्यों के लिए ई कार्यालय का हिंदी संस्करण शुरू करने के लिए काम कर रहा है. आईआईटी आईएसएम के रजिस्ट्रार प्रबोध पांडे ने सभी आधिकारिक संचारों में हिंदी के उपयोग पर जोर दिया और कहा कि संचार में शुद्ध हिंदी का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने हिंदी दिवस के इतिहास पर भी प्रकाश डाला और कहा, "हिंदी को 14 सितंबर, 1949 को भारत में आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया गया था.

---

# तीसरे दिन भी प्यासी रही झरिया की 8 लाख आबादी


## दामोदर नदी का जलस्तर बढ़ने से है जलापूर्ति बाधित

**खास बातें**

- कई किलोमीटर दूर से लोगों को लाना पड़ रहा हैं पानी
- मरम्मत कार्य जारी, जल्द ही पानी की आपूर्ति की उम्मीद

**संवाददाता। धनबाद**





भौरा ,फुसबंगला व झरिया सहित विभिन्न क्षेत्रों की लगभग आठ लाख की आबादी को गुरुवार को भी पीने का पानी नही मिला. मंगलवार 17 सितम्बर से हीं इन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति बाधित है. जिससे क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार मच गया है. लोगों को रोजमर्रा के कार्य के लिए कई किलोमीटर दूर से पानी लाने जाने पड़ रहा है. इस संबंध में झमाडा के एम डी रवि राज शर्मा ने कहा कि लगातार चार दिनों तक हुई बारिश के कारण पम्प और इंकटेक वेल डूब गया था. बिजली कट की समस्या भी लगातार हो रही थी. बुधवार से पानी का लेवल धीरे धीरे कम हो रहा है. 9 एमजेडी और 11एमजेडी पम्प की मरम्मत की जा रही है. 18 इंच के लीकेज पाइप की मरम्मत की जा चुकी है. अगर सबकुछ ठीक रहा तो जल्द हीं पानी की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी. उन्होंने कहा कि इस समस्या के बावजूद झरिया के कुछ क्षेत्रों में लगातार पानी की सप्लाई कि जा रही है. बता दें कि कोयलांचल में चार दिनों तक लगातार हुई बारिश के कारण तेनुघाट डेम का फाटक खोल दिया गया था जिस से दामोदर नदी उफान पर है. वहीं नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से जामाडोबा स्थित झमाड़ा के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का पुराना इंटकवेल, 9एमजेडी और 11एमजेडी नम्बर का पम्प पानी मे डूब गया था. जिसके कारण दोनों पम्प बंद है. इससे झरिया सहित विभिन्न क्षेत्रों के लगभग आठ लाख की आबादी को मंगलवार से ही पीने का पानी नही मिल रहा है. इसके साथ ही 18 इंच का पाइप भी लीकेज हो गया था. जिसका मरम्मत का कार्य जारी है. हालांकि अधिकारी व कर्मी पूरी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं. झमाडा के जल संयंत्र से झरिया विधानसभा क्षेत्र ही नहीं पुटकी सहित अन्य क्षेत्र के लिए भी जलापूर्ति की जाती है. जलापूर्ति बाधित होने से दोनों क्षेत्रों के लगभग 12 लाख की आबादी को परेशानी उठाना पड़ रहा है.

---

**बीसीसीएल प्रबंधन का मनमाना रवैया**

# मजदूरों का धरना लगातार जारी

**खास बातें**

- मजदूरों से एकजुट रहने का आह्वान

**संवाददाता। मधुबन**



गोविन्दपुर एरिया-3 अंतर्गत खरखरी कोलियरी के मजदूरों को महेशपुर व अन्य कोलियरियों में तबादला करने और एमडीओ के तहत निजी कंपनी को देने के विरोध में संयुक्त मोर्चा का धरना लगातार जारी है. गुरुवार को धरना का 19 वां दिन था. धरना खरखरी कोलियरी पीट पर दिया जा रहा है. मजदूरों को संबोधित करते हुए बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष शेख रहीम ने कहा कि प्रबंधन मजदूरों में फूट डालने की कोशिश कर रहा है, जिसे किसी भी हाल में सफल नहीं होने दिया जाएगा. उन्होंने मजदूरों को एकजुट रहने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि 109 मजदूरों का प्रबंधन ने स्थानांतरण किया है. शेष बचे 112 मजदूरों की हाजिरी हो रही है. प्रबंधन लिखित रूप से दे रहा है कि निविदा के शर्त के मुताबिक सभी कर्मियों को जाना पड़ेगा. साथ ही 50 मजदूर स्वेच्छा से दूसरे क्षेत्र में जाने के लिए आवेदन दे चुके हैं. इस मसले पर प्रबंधन मौन साध रखा है, जिससे मजदूरों में भारी अक्रोश है. समय रहते प्रबंधन फैसला नहीं लेगा तो मजदूर बाध्य होकर हाजिरी घर और कार्यालय में ताला लगा देंगे. मौके पर अजय महतो, भागीरथ मंडल, मो. तजमुल, मो. असगर, बैजनाथ धोबी, वासुदेव रविदास, याकूब अंसारी, जयनाथ साव, कैलाश हांड़ी, जवाहर सिंह, विभाष कुमार, महेन्द्र यादव, विशुनदेव देसवाली, मंजय सोरेन, भरत महतो, धर्मेंद्र पासवान, शेख हदीश समेत दर्जनों की संख्या में मजदूर उपस्थित थे.

### धनबाद में डेंगू का कहर जारी, तीन नए मरीज मिले

**धनबाद।** लगातार बारिश के बाद धनबाद में लगातार डेंगू का प्रकोप बढ़ गया है. धनबाद जिले में गुरुवार को तीन मरीज का रिपोर्ट पॉजिटिव आया. इसमें सकीना खातून, बादल सिंह और मीना देवी है. वहीं बुधवार को भी डेंगू के सात नए मरीज मिले थे. इस सभी मरीजों के सैंपल का जांच शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल धनबाद के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में किया गया था. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बारिश के कारण मच्छरों की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं. उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अपने घरों के आसपास सफाई रखें और मच्छरों को पनपने से रोकें.

---

**बड़्र्स गार्डन स्कूल का गौरवशाली प्रदर्शन**

# सीबीएसई वॉलीबॉल चैंपियनशिप में हासिल किया तीसरा स्थान



**संवाददाता। धनबाद**

बड़्र्स गार्डन स्कूल राजगंज ने सीबीएसई स्कूल क्लस्टर थ्री वॉलीबॉल नॉकआउट चैंपियनशिप में 17 वर्ष बालक वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त करके धनबाद जिले का गौरव बढ़ाया है. इस प्रतियोगिता में झारखंड और बिहार के 80 सीबीएसई स्कूलों की टीमों ने भाग लिया था. संत स्टीफन स्कूल, हजारीबाग ने प्रथम स्थान और डीएवी स्कूल, गया ने दूसरा स्थान प्राप्त किया. बड़्र्स गार्डन स्कूल की टीम ने प्रथम चक्र में होली क्रॉस इंटरनेशनल स्कूल, खगौल, बिहार को हराया, दूसरे राउंड में डॉ. डी वाई पी पी इंटरनेशनल स्कूल, पटना को हराया और क्वार्टर फाइनल में डीपीएस, पटना को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया. झारखंड वॉलीबॉल संघ के सचिव शेखर बॉस ने टीम को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया. बड़्र्स गार्डन स्कूल के प्राचार्य प्रमोद चौरसिया और अध्यक्ष ए के पाल ने टीम और टीम कोच दीपक कुमार को बधाई दी.

---

# सिनीडीह में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**संवाददाता। मधुबन**

बाघमारा प्रखंड अंतर्गत सिनीडीह पंचायत के ब्रह्मांडीहा बस्ती स्थित पंचायत सचिवालय में गुरुवार को झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें अबुआ आवास, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा ,पेन्सन, राशन कार्ड, आधार कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि, जाति, आदि योजनाओ का कुल 431 आवेदन प्राप्त किया गया. कार्यक्रम में अबुआ आवास, राशन कार्ड, पेंशन,मनरेगा, कृषि, शिक्षा, मनरेगा, स्वस्थ्य विभाग, बिजली बिल विभाग आदि का स्टॉल लगाया गया था. जो ग्रामीणों ने अपने समस्या को संबंधित स्टॉल में आवेदन दिया. जिला मत्स्य पदाधिकारी धनजीत ठाकुर नोडल पदाधिकारी के रूप में ,एवं कृषि विभाग से तरुण कुमार, बल विकास से बालविकास से प्रतिमा कुमारी आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम में अबुआ आवास में 87, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा 11 ,राशन कार्ड में 48,साबित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में 19,सर्वजन पेंसन में 30,वृद्धा पेंसन में 29,जाति में 6 आवासीय में 3आय प्रमाण पत्र में 2, ,आदि में कुल 431 आवेदन प्राप्त हुआ.



### काण्डरा, सिंगड़ा में लगा सरकार आपके द्वार शिविर

**महुदा।** आपकी सरकार, आपकी योजना, आपके द्वार शिविर काण्डरा एवं सिंगड़ा पंचायत मे लगाया गया. जिसमे सर्वजन पेन्शन, वृद्धा पेन्शन, विधवा पेन्शन, विकलांगता पेन्शन, अबुआ आवास, मंइयां सम्मान योजना, जन्म प्रमाण पत्र, सहित अन्य लाभ के लिए आवेदन प्राप्त किया गया. मौके पर सांसद प्रतिनिधी धनेशवर महतो, मुखिया रिंकु देवी, व सुर्यकान्त महतो, जेएसएस राज कुमार, पंचायत सचिव जोगेश्वर प्रसाद साव, उप मुखिया अलगुन निशा, व कृष्णा रजक, पंसस सुभाष चंद्र महतो, व पार्वति देवी, बबिता देवी, सुनिता देवी, भगवति देवी, बासदेव रजक, भरत रजक, अबुल अन्सारी, जहुर अन्सारी, समदीत गुप्ता, गोतम महतो, राजु कर्मकार, दिनेश रजक, सेविका नागेश्वरी देवी, कलावती देवी, तुलसी रानी पॉल, उमा देवी, कलावति देवी, मीना देवी, संचईता गोस्वामी, अफशाना बानों, आतिया नाज, चित्रा देवी, जेई मोहन आदि मौजूद थे.

---

# धनबाद-बोकारो के 10 विस सीटों के लिए जेएलकेएम में मंथन शुरू

- जयराम की विचारधारा को जन-जन तक है पहुंचाना

**संवाददाता। धनबाद**



गुरुवार को मेमको मोड़ में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) पार्टी की समन्वय समिति की प्रत्याशी रायशुमारी को लेकर बैठक हुई. इसमें धनबाद एवं बोकारो जिला के सभी 10 विधानसभा क्षेत्रों से अपने-अपने संभावित क्षेत्रों से विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए जिन प्रत्याशियों ने आवेदन दिए थे, उन पर विचार-विमर्श किया गया. बैठक में प्रत्याशी चयन को लेकर आपसी समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया गया. बैठक में सभी को यह संदेश दिया गया कि जिस किसी को भी पार्टी की ओर से प्रत्याशी बनाया जाएगा, उसे सभी लोग एकजुट होकर चुनाव जिताने का प्रयास करेंगे. कहा गया कि पार्टी सुप्रीमो जयराम महतो की विचारधारा को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाकर सत्ता परिवर्तन करने पर जोर देने का काम किया जाएगा. इस बैठक में धनबाद, निरसा, झरिया, बाघमारा, सिंदरी, टुंडी, चंदनकियारी, बोकारो, गोमिया, बेरमो विधानसभा के प्रत्याशी शामिल थे. बैठक में केंद्रीय प्रधान महासचिव फरजान खान, केंद्रीय कोषाध्यक्ष विकास कुमार महतो, समन्वय समिति के सदस्य संजय कुमार महतो, ख़ज़ाउद्दीन अंसारी, खगेंद्र महतो, सूरज कुमार, पवन रजक, बिरजू महतो, पप्पू मेहता, विमल महतो, जगदीश प्रसाद महतो, धनबाद नगर जिला अध्यक्ष शक्तिनाथ महतो, धनबाद ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा, धनबाद ग्रामीण महिला मोर्चा अध्यक्ष भारती देवी, धनबाद नगर महिला अध्यक्ष डिंपल चौबे, आदि उपस्थित थे.

---

# परिवर्तन यात्रा : भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक

- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे यात्रा का शुभारंभ
- बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने की

**संवाददाता । निरसा**




परिवर्तन यात्रा की सफलता के लिए भारतीय जनता पार्टी निरसा विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की एक बैठक गुरुवार को निरसा अग्रसेन भवन में संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, संचालन निरसा मंडल अध्यक्ष बृहस्पति पासवान एवं धन्यवाद ज्ञापन कलियसोल मंडल अध्यक्ष गोपाल भारती ने किया. बैठक के विषय में जानकारी देते हुए परिवर्तन यात्रा के निरसा विधानसभा संयोजक जयप्रकाश सिंह ने कहा कि झारखण्ड प्रदेश के रोटी-बेटी-माटी की रक्षा के लिए भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश दिनांक 20 सितंबर से गिरिडीह के जमुआ विधानसभा अंतर्गत झारखंडी धाम से परिवर्तन यात्रा प्रारंभ करेगी. उक्त यात्रा का शुभारंभ देश के केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे. यात्रा विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर दिनांक 23 सितंबर को निरसा में प्रवेश करेंगी. हजारों दो पहिया वाहन के साथ निरसा विधानसभा के कार्यकर्ता तेतुलिया मोड़ एवं निरसा चौक में स्वागत करेंगे. उपचुड़िया के राज ग्राउंड में विशाल जनसभा को पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी एवं जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो संबोधित करेंगे. संध्या में मैथन में युवा संवाद के साथ 23 तारीख की यात्रा का विश्राम मैथन में होगा. पुनः यात्रा 24 सितंबर को मैथन से कुमारधुबी होते हुए चिरकुंडा में स्वागत सभा होगी. जूनकुदर, चाच, पतलाबाड़ी होते हुए यात्रा कालियासोल पहुंचेगी. निरसा विधानसभा के कार्यकर्ता बोनगा मोड तक यात्रा में रहेंगे. वही विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में उपस्थित होने एवं आम जनता को परिवर्तन यात्रा से जोड़ने का आवाहन किया. उन्होंने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार जल, जंगल, जमीन की लूट में लगी हुई है. इस सरकार के रहते झारखंड की जनता का भला नहीं हो सकता. बैठक में मुख्य रूप से निरसा विधानसभा प्रभारी राजकुमार अग्रवाल, मन्नू तिवारी, रानी केराई, मनोज मिश्रा, अनिल यादव, संजय महतो, रानी सिंह, काजल नाग, दीपा दास, पोरेष दास, डब्लू बाउरी, शिवकुमार दारुका, मधुरेंद्र गोस्वामी, प्रदीप अग्रवाल, प्रशांत बैनर्जी, अखिलेश तिवारी, भूपेंद्र सिंह, गोपाल भारती, सिमंतो मंडल, दीनबंधु महतो, अरविंद सिन्हा, सुरजीत चंद्रा, अन्नदो रविदास, रीना चक्रबर्ती, सुनीता देवी, साधना सिंह, तुलसी बिस्वाकर्मा, रेखा देवी, अंजली, रोमा मुखर्जी, अशोक गुप्ता, दसरथ साव, प्रधान सोरेन, भोक्तो प्रसाद महतो, अमर साव, सज्जल दास, पूर्णेंदु मालाकार, गोबिंदा यादव, राजेश बाउरी, मुन्ना सिंह, समिता सिंह, अजय चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

---


# गोफ भराई वाली जगह का सर्वे करने पहुंची टीम

- नक्शे के आधार पर किया गया सर्वे

**संवाददाता ।महुदा**

मुनीडीह मुरलीडीह कोलियरी अंतर्गत मुरलीडीह बस्ती के नीचे टोला में बुधवार को गोफ की भराई के बाद गुरुवार को प्रबंधन की एक सर्वे टीम घटनास्थल पर पहुंची. टीम के पास उस स्थल का नक्शा था. नक्शे के आधार पर उस जगह का सर्वे किया गया. सर्वे के बाद टीम के सदस्यों ने ग्रामीणों को बताया कि जिस जगह पर गोफ बना था, उस जगह पर बीसीसीएल द्वारा कोयले का उत्खनन नहीं किया गया है. बीसीसीएल के राष्ट्रीयकरण से पूर्व ब्रिटिश काल में वर्ष 1940 के आसपास गोफ वाले जगह पर बंगाल कोल कंपनी का स्वामित्व था. जिस जगह गोफ बना था वहां से 150 मीटर उत्तर में बंगाल कोल कंपनी ने उत्खनन किया था. बीसीसीएल ने 100 मीटर पूरब में कोयले का खनन किया है. टीम के सदस्यों ने संभावना व्यक्त किया कि लगातार कई दिनों तक हुई बारिश के कारण गोफ बन गया था. गोफ की भराई कर जगह सुरक्षित कर दिया गया है. अब यहां किसी तरह का खतरा नहीं है. बता दें कि बुधवार की सुबह 7 बजे अचानक मोती महतो के दरवाजे के पास गोफ बन गया था, जिसमें झाड़ू लगाते समय एक महिला गिर गई थीं. घर की एक दूसरी महिला ने उसे हाथ खींचकर गोफ से बाहर निकाला था. मामले की सूचना पाकर बीसीसीएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और जेसीबी मशीन से गोफ की भराई कराया. भराई के दौरान गोफ का दायरा बढ़ने से ग्रामीण दहशत में आ गए थे. ग्रामीणों ने बीसीसीएल प्रबंधन से पुनर्वास एवं मुआवजा की मांग की. बाद में घटनास्थल पर एजीएम दीपक कुमार पहुंचे और ग्रामीणों से कहा कि गुरुवार को सर्वे टीम आकर सर्वे करेगी. उन्हीं के कथन के अनुसार टीम सर्वे करने गई थी. टीम में कोलियरी प्रबंधक विभूती कुमार मिश्रा, एरिया सर्वे अधिकारी एन अंसारी तथा सीनियर हेड अब्दुल अंसारी शामिल थे.



### ब्रीफ खबरें

## डेढ़ वर्षीय बच्चे की मौत जांच में जुटी पुलिस

**कथारा।** घटना बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के जारंगडीह स्थित सावित्री कॉलोनी में डेढ़ वर्षीय दूधमुहे बच्चा अयांश का मौत होने की मामला प्रकाश में आया है. मौत की घटना के बाद बच्चे की मां मंजू देवी व मंजू देवी की मां पूनम देवी का रो रोकर बुरा हाल है. वहीं घटना की जानकारी मिलते ही बोकारो थर्मल थाना पुलिस पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई. मृत बच्चे की नानी ने दामाद पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया, साथ ही बेटी को शादी के बाद से ही दामाद द्वारा प्रताड़ित करने की बात कही. जबकि मृत बच्चे का पिता अमन सोनी ने बताया कि बच्चे का तवियत विगत कई दिनों से खराब था.

## ट्रेन से 15 हजार रुपये की अवैध शराब जब्त

**साहिबगंज।** बरहरवा आरपीएफ ने करीब 15200 रुपये के अवैध शराब को ट्रेन संख्या 15658 ब्रह्मपुत्र मेल से बरामद की है. बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ट्रेन संख्या 15658 अप (ब्रह्मपुत्र मेल) के गार्ड साइड जनरल कम्पार्टमेंट में छापेमारी कर चेक किया गया तो 02 प्लास्टिक के बैग, एक हैंड बैग और एक लेडीस हैंड बैग सीट के नीचे पड़ा था. उसके बाद सभी बैग को खोल कर चेक किया गया तो उसमें करीब 15,200 रुपया का शराब बरामद किया गया. बरामद शराब को उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया.

## पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक को दी गई विदाई

**देवघर।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिंघवा में पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक गौरी देवी का विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर युवा समाजसेवी सह वार्ड पार्षद प्रत्याशी पवन महथा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित हुए. इस अवसर पर रशोईया आशा देवी के हाथों से शाल देकर गौरी देवी को भावभीनी विदाई दी और ईश्वर से उसके उज्जवल भविष्य की कामना की. विदित हो कि गौरी देवी 2015 में चयनित होकर सिंघवा विद्यालय में योगदान दी और 2019 में विद्यालय में विद्यालय प्रभारी के रूप प्रभार ग्रहण की तथा 5 वर्षो तक विद्यालय प्रभारी के रूप में कार्य की. मालूम हो कि गौरी देवी का अंतर जिला स्थानांतरण बोकारो जिला में हुआ है. उन्हें देवघर से उनका विरमित भी कर दिया गया है. जो अब बोकारो जिला में योगदान करेगी. इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी शिखा, शिक्षक चंद्र शेखर पंडित, बबलू कुमार यादव, चंद्र शेखर प्रियदर्शी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.

## मतदाता जागरुकता वाहन को एसडीएम ने किया रवाना

**डुमरी (गिरिडीह)।** मतदाता जागरुकता को लेकर गुरुवार को डुमरी अनुमंडल परिसर से एसडीएम शहजाद परवेज तथा एलआरडीसी जीतराय मुर्मू ने संयुक्त रूप से एलईडी से लैस मतदाता जागरुकता वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया. वाहन डुमरी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान अवश्य करने के लिए अपील करेगा साथ ही मतदाताओं को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी देगा . वाहन वैसे बूथों के क्षेत्रों में अधिक फोकस करेगा, जहां पूर्व में मतदान प्रतिशत कम रहा है. इस दौरान अनुमंडल कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मी उपस्थित थे.

## बरसात में गिरा गरीब का आशियाना

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड स्थित पिहरा पूर्वी पंचायत के खास पिहरा गांव में अनिता देवी, पति जयप्रकाश यादव का मिट्टी व खपरैल नुमा घर लगातार हो रहे वर्षा से गिर गया. महिला टूटे घर के पास तिरपाल डाल कर अपने बच्चों के साथ रह रही है. महिला ने कहा कि आवास के लिए सारी परिक्रिया पूर्ण करने के बाद भी आवास देने में टाल मटोल की जा रही है. आवास के लिस्ट में उनका नाम भी है. बावजूद आवास का लाभ नहीं मिलने से काफी परेशानी हो रही है. समाजसेवी पप्पू यादव ने प्राथमिकता के आधार पर महिला को आवास उपलब्ध करवाने की मांग की है. मामले में बीडीओ महेंद्र रविदास ने कहा कि वे पंचायत कर्मी से स्थल की जांच करवाएंगे व जांच रिपोर्ट आते ही महिला को प्राथमिकता के आधार पर आवास उपलब्ध करवा दिया जाएगा.

### जमुआ चौक से कुछ दूरी पर कचरे का अंबार देख प्रमुख ने चलाया स्वच्छता अभियान

# गंदगी फैलाने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई : संजीत यादव



**संवाददाता। जमुआ (गिरिडीह)**

जमुआ चौक से महज कुछ ही दूरी पर गंदगी का ढेर सड़क पर पड़ा था. विभिन्न अखबारों में इसकी खबर छपने के बाद भी जमुआ अधिकारियों की नींद नहीं खुली. जमुआ प्रमुख मिष्टु देवी व प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव, पंसस प्रतिनिधि पंकज कुमार यादव ने गुरुवार को जेसीबी मशीन से सड़क व उसके आस पास पड़े गंदगी को साफ कराया और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया .

इस दौरान प्रमुख प्रतिनिधि संजीत कुमार ने कहा कि स्वच्छता अभियान को साकार करने के लिए आम लोगों को हाथ बटाना पड़ेगा. कहा कि सड़क पर गंदगी फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. चौक के सभी दुकानदारों और पारिवारिक घरों के अभिभावकों को सड़क और आसपास गंदगी नहीं फेंकने की शक्त हिदायत दी.

इस दौरान स्वच्छता अभियान में पूरण यादव, विकास यादव, सिकंदर वर्मा, रोहित साव, मंगरु साव, मनोज कुमार, राजेश यादव सहित कई लोग शामिल थे.

## प्लस टू हाई स्कूल में चला स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

जमुआ (गिरिडीह)। जमुआ प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय दुम्मा में गुरुवार को विद्यालय में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर यूनिसेफ़ कोर्डिनेटर गजाधर प्रसाद सिंह एवं जल सहिया जिला कोषाध्यक्ष सितारा प्रवीण ने बारी-बारी से विद्यालय की साफ सफाई, हाथ धुलाई, शौचालय के उपयोग, पानी का सदुपयोग, घर एवं विद्यालय की सफाई, छात्राओं में मेंस्ट्रुअल हायजिन, रख रखाव एवं विभिन्न प्रकार के सावधानियों पर चर्चा की. सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी दुम्मा, डॉ आनंद मोहन ने छात्र छात्राओं को उत्तम स्वास्थ्य के लिए पोषणयुक्त भोजन करने की सलाह दिया. छात्राओं को विटामिन सी, आयरन की गोली, फोलिक एसिड, सब्जी, संतरा, प्राकृतिक रूप से मिलने वाले भोजन को ज्यादा महत्व देने की सलाह दिया.

## जन सहभागिता से ही सफल होगा स्वच्छता अभियान : डीडीसी



**बोकारो।** बोकारो जिला प्रशासन की ओर से शहर के सेक्टर 1 सिटी पार्क में गुरुवार को 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए. पार्क में साफ-सफाई की गई. डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद की अगुवाई में कर्मियों व आम लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और स्वच्छता रैली निकाली गई. साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधरोपण किया गया. यह अभियान 2 अक्टूबर तक शहर के अलग-अलग इलाकों में चलेगा. डीडीसी ने कहा कि आम लोगों की सहभागिता व जन जागरूकता से ही स्वच्छता अभियान सफल हो सकेगा. उन्होंने लोगों से स्वच्छता कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की. कहा कि अपने घर, मुहल्ले, गांव व शहर में आप जहां भी हों, स्वच्छता में अपनी सहभागिता निभाएं. इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें. इससे आने वाली पीढ़ी भी स्वच्छता के प्रति सजग रहेगी पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखा जा सकेगा. अभियान में अपर नगर आयुक्त अनंत कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खलको, डीईओ जगरनाथ लोहरा, जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार, कार्यपालक अभियंता रामप्रवेश राम, सहायक नगर आयुक्त प्रियंका कुमारी सहित जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी व नगर निगम कर्मी शामिल थे.

# पीआरपी की मांग को लेकर संघ ने बीएसएल में किया जोरदार प्रदर्शन

**संवाददाता। बोकारो**




बीएसएल में पीआरपी (प्रोडक्शन रिलेटेड पे) की मांग को लेकर यूनियन का आंदोलन जोर पकड़ता जा रहा है. बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने गुरुवार को सिंटर प्लांट सीजीएम कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया. प्रदर्शन में सिंटर प्लांट कर्मियों ने भाग लिया. ज्ञात हो कि सेल प्रबंधन के एकतरफा बोनस/एएसपीएलआईएस फॉर्मूला पर केंद्रीय मजदूर संगठनों इंटक, बीएमएस व एचएमएस के नेताओं के हस्ताक्षर करने से बीएसएल कर्मियों में रोष है. संघ के नेताओं ने कहा कि 19.2 मिलियन टन क्रुड स्टील उत्पादन व 12400 करोड़ रुपए एबिटा होने के बावजूद बीएसएल समेत सभी सेल कर्मियों को पिछले साल मात्र 23000 रुपए बोनस जबरदस्ती उनके खाते में भेजा गया. पहले वेज रिविजन व रात्रि पाली भत्ता और फिर बोनस फॉर्मूले में एनजेसीएस संविधान का उल्लंघन कर आम सहमति की जगह बहुमत से फैसला लेने की परिपाटी लागू की गई. लेकिन किसी भी यूनियन नेता ने इसका विरोध नहीं किया.

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष हरिओम ने कहा कि सेल /बीएसएल कर्मी 94 माह से लाखों रुपए गंवा कर सोए हुए हैं. कर्मियों को कुंभकर्णी निद्रा से जागना होगा. प्रबंधन को पता है कि बोनस फॉर्मूले पर हस्ताक्षर करने वाले देवेंद्र, विरेंद्र, राजेंद्र जैसे नेताओं को कर्मचारियों का समर्थन नहीं प्राप्त है. महासचिव दिलीप कुमार ने कहा कि सेल प्रबंधन प एनजेसीएस नेता मीटिंग, सीटिंग, इटिंग तो करते ही हैं, अब कर्मचारियों के साथ चीटिंग भी कर रहे हैं. अब समय आ गया है कि एनजेसीएस व बीएसएल में कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व निर्वाचित यूनियन व उसके निर्वाचित नेता ही करें. प्रदर्शन को अतुल सिंह, विकास महथा, सिकंदर आदि ने भी संबोधित किया.

## सीओ ने की बीएलओ के साथ बैठक

**गावां (गिरिडीह)।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को ले गावां सीओ अविनाश रंजन व बीडीओ महेंद्र रविदास ने सभी बीएलओ के साथ बैठक की. बैठक में निर्देश दिया गया कि सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर फॉर्म 6, 7 एवं 8 भरवाना सुनिश्चित करें. इसमें थोड़ी भी कोताही नहीं बरते. बताया गया कि अपने क्षेत्र के सभी बूथों का निरीक्षण कर वहां मूल भूत सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करें. वहां पेयजल, शौचालय आदि के बारे में जानकारी लेकर विभाग को सूचित करें. जिससे बूथ पर आवश्यक सुविधाओं को समय रहते बहाल किया जा सके. बैठक में जानकारी देते हुए सीओ श्री रंजन ने कहा कि 19 से 28 सितंबर तक विभिन्न पंचायतों में मतदाता जागरुकता हेतु ईवीएम वैन भ्रमण कर रहा है. उक्त वैन के माध्यम से मतदाताओं को ईवीएम में वोटिंग करने के तरीके के बारे में जानकारी दी जाएगी. वैन में कृष्णदेव पंडित, राजेश कुमार के अलावा मजिस्ट्रेट व सशस्त्र बल की भी तैनाती की गई है.

# तांबा, एल्यूमिनियम, केबुल स्क्रैप के साथ तीन गिरफ्तार



**संवाददाता। बोकारो**

पिंड्राजोड़ा पुलिस ने एसपी पूज्य प्रकाश के इंटेलिजेंस इनपुट पर सिटी थाना क्षेत्र के दुंदीबाग स्थित कबाड़ी गोदाम में छापेमारी कर भारी मात्रा में तांबा, पीतल, एल्युमिनियम, लोहा व केबुल स्क्रैप बरामद किया है. मौके से संचालक व स्टाफ समेत कबाड़ी संचालक को गिरफ्तार किया है. इस संबंध में एसडीपीओ पीके सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के बांधगोड़ा साइड के बी ब्लॉक के मेहरा टोला में लगे बीएसएनएल एवं रिलाईनस जियो टावर में कुछ चोर केबूल काट रहे हैं. पुलिस ने छापेमारी किया और वहां से पुलिस ने एक स्कूटी को बरामद किया. स्कूटी नंबर के आधार पर पुलिस ने दो अपराधी अमन बास्की, राहुल तांती को गिरफ्तार किया. इसके बाद पुलिस ने बबलू कुमार नामक कबाड़ी संचालक के यहां छापेमारी कर चोरी के सामान को बरामद करते हुए गिरफ्तार किया. गिरफ्तार चोरों ने अन्य कई मामलों मे अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है. एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार तीनों को जेल भेजा जा रहा है, जिन्हें रिमांड पर लिया जायेगा.

# ठीका कंपनी में नौकरी की मांग ग्रामीणों ने कोयला ढुलाई कार्य रोका



**संवाददाता। ललमटिया**

ईसीएल की राजमहल परियोजना के अंतर्गत हूर्रासी परियोजना क्षेत्र के डुमरिया, पचरुखी सहित अन्य गांव के जमीन दाता एवं प्रभावित गांव के बेरोजगारों को हुर्रासी परियोजना में कार्यरत ठेका कंपनी मोंटी कार्लो में रोजगार दिलाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कोयला ढुलाई के कार्य को बाधित कर दिया.

चक्का जाम के आह्वान पर क्षेत्र के ग्रामीण, महिला, पुरुष हरकट्टा डुमरिया फुटबॉल मैदान स्थित सिक्योरिटी चेक पोस्ट पर जमा हुए. इस मौके पर हुर्रासी परियोजना के प्रोजेक्ट ऑफिसर संजय कुमार, हूर्रासी मैनेजर पीसी धर, पर्सनल विभाग के विजय कुमार, ग्रामीणों के बीच पहुंचे.

मौके पर हूर्रासी परियोजना के जीएम ने कहा कि मोंटी कार्लो कंपनी द्वारा गोड्डा जिला में 309 बेरोजगारों को रोजगार दिया गया है. परियोजना क्षेत्र के लोगों को कमिटी गठित करने की बात कही गई. इस मौके पर मोंटी कार्लो कंपनी के अधिकारी नहीं पहुंचे थे. जिसको लेकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए और हुर्रासी परियोजना से राजमहल परियोजना सड़क मार्ग से कोयला ढुलाई के कार्य को दोपहर बाद से बाधित कर मोंटी कार्लो कंपनी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करने लगे. ग्रामीणों ने कहा कि जब तक हम बेरोजगारो को रोजगार नहीं दिया जायेगा तब तक चक्का जाम रहेगा. समाचार लिखे जाने तक कोयला ढुलाई का कार्य बाधित था.

# ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का दिया नारा

### सड़क निर्माण के लिए जनप्रतिनिधि व अधिकारियों से कर चुके हैं फरियाद

**खास बातें**

- जर्जर सड़क के कारण गांव में नहीं जुड रहे रिश्ते
- सड़क पर गिरने से रिश्ता करने वाले का टूटा था पैर

**रोहित भारती। तिसरी (गिरिडीह)**



गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखण्ड का बहेरवाबांक गांव लंबे समय से सड़क की समस्या से जूझ रहा है. चंदौरी पंचायत अंतर्गत आने वाले इस गांव तक जाने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है. आदम जमाने में बने इस सड़क का ज्यादातर हिस्सा टूट चुका है, सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं. इतना ही नहीं इस सड़क पर चलने वाले कई लोग गिरकर अपना हाथ पांव तुड़वा चुके हैं.

गांव के बड़े बुजुर्गों ने बताया कि इस गांव में दशकों पहले पक्की सड़क का निर्माण करवाया गया था लेकिन धीरे-धीरे वह सड़क क्षतिग्रस्त हो गई. इस सड़क पर रिपेयरिंग की दरकार थी लेकिन समय रहते रिपेयरिंग नहीं किया गया, जिसके कारण आज स्थिति यह है कि इस सड़क पर पैदल चलना तक मुश्किल है. ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर उनलोगों ने कई जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी को आवेनद दिया, लेकिन किसी ने भी उनकी इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया. अंत में ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं नारे के साथ आगामी विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने की बात कही.

ग्रामीण मो. साहबउद्दीन ने कहा कि कुछ दिनों पूर्व गांव में किसी के यहां विवाह के लिए रिश्ता आया था, वापसी के समय रिश्ता जोड़ने आया शख्स इसी सड़क पर बाइक से गिर गया. जिससे उसके पैर के साथ-साथ रिश्ता भी टूट गया. उन्होंने कहा कि खराब सड़क के कारण इस गांव में कोई भी आदमी रिश्ता नहीं करना चाहता है. कहा कि इस समस्या को कई जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों के समक्ष रखा गया लेकिन किसी के कानों में जूँ तक नहीं रेंगा.

मो. समसुद्दीन अंसारी ने बताया कि इस सड़क पर आये दिन लोग गिरते पड़ते रहते हैं, यदि कोई व्यक्ति बीमार हो जाए तो उसे टाँगकर ले जाना पड़ता है. आलम यह है कि इस सड़क पर मोटरसाइकल तक चलना दुर्लभ है.

मो. तैयब साईं ने कहा कि इस समस्या को लेकर उनलोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक बाबूलाल मरंडी, पूर्व विधायक राजकुमार यादव, निजामुद्दीन अंसारी, बगोदर विधायक विनोद सिंह समेत उपायुक्त को भी आवेदन दिया लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी ने इसपर पहल नहीं किया. मौके पर वार्ड सदस्य राबिया खातून, मो इम्तियाज, नारायण राय, तैयब साईं, बंशी रविदास समेत दर्जनों ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाकर नेताओं और पदाधिकारियों को आगाह किया है.

## विक्षिप्त का शव मिलने से सनसनी

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बुधवार को देर शाम में बसनबारी का झाड़ी में 45 वर्षीय रीतो कोल्ह का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई. सूचना मिलते ही बेंगाबाद पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया. हालांकि शव से काफी बदबू आ रही थी. जानकारों के अनुसार रीतो कोल्ह मानसिक रूप से विक्षिप्त थे. इधर परिजनों ने बताया कि इनके दो पुत्र एवं अपनी विधवा पत्नी को छोड़ कर चले गए. विक्षिप्त रहने के बावजूद भी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ था. परिजनों के आग्रह पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया.

## झारखंड सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को दे रही है पनाह : हिमंता

**जमुआ (गिरिडीह)।** झारखंड को अटल जी की सरकार ने अलग राज्य का दर्जा दिया था. अब झारखंड को भाजपा ही संवारेगी. उक्त बातें झारखंड के भाजपा के सह प्रभारी हिमंता विश्व शर्मा ने गुरुवार को झारखंडधाम में कही. उन्होंने कहा कि सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को पनाह दे रही है. ये घुसपैठिए गरीब आदिवासियों को सता रहे हैं. उनका धर्मांतरण करवा रहे हैं. जो धर्मांतरण करना नहीं चाहते, उन्हें तरह-तरह की यातनाएं दी जाती है. कहा कि झारखंड रत्न गर्भा है. यहां के लोग बहुत ही अच्छे हैं. उन्होंने कहा झारखंड कि हेमंत सरकार पांच वर्षों में राज्य हित में एक भी उल्लेखनीय कार्य नहीं की है, सिवाय डेमोग्राफी बदलने की. कहा कि भाजपा सबको साथ लेकर चलती है, सारी योजनाएं सबके लिए बनाती है. कोई भेदभाव नहीं करती. जबकि हेमंत सोरेन की सरकार की अधिकाश योजनाएं खास लोगों को लाभ पहुंचाने अथवा सस्ती लोकप्रियता के लिए है.

## बीडीओ ने विकास योजनाओं को लेकर की बैठक

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को बीडीओ अन्वेषा ओना ने सभी पंचायत सचिव, जनसेवक, प्रखंड समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े कनीय अभियंता एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के साथ बैठक कर प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं के कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये. बीडीओ ने बताया कि बैठक में अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मंईयां सम्मान योजना, मनरेगा योजना की कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में जो कमी रह गई है, उसमें सुधार करने का निर्देश दिया जा रहा है. कहा कि मंईयां सम्मान योजना जिन लाभुकों के खाता में अभी तक यदि राशि का हस्तांतरण नहीं हो सका है, वैसे लाभुकों से दूसरा खाता नंबर लेकर एंट्री करवाया जा रहा है. साथ ही सभी पंचायत सचिव को भी निर्देश दिया गया है कि जिन लाभुकों को मंईयां सम्मान योजना में कोई दिक्कत हुई है, उसे अविलंब सुधार किया जाए. ताकि सभी के खाते में योजना की राशि हस्तांतरण किया जा सके.

## अपर समाहर्ता ने की राजस्व संबंधित मामलों की समीक्षा

**बोकारो।** बोकारो समाहरणालय सभागार में गुरुवार को अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने राजस्व, राजस्व संग्रहण, नीलाम पत्र, भू हस्तांतरण, भू मापी, दाखिल खारिज एवं राजस्व न्यायालय के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की. मौके पर चास अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता, बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार, चास डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, बेरमो डीसीएलआर सदानंद महतो समेत सभी अंचलों के अंचलाधिकारी आदि उपस्थित थे. इस दौरान अपर समाहर्ता ने आंतरिक संसाधन से सरकार को होने वाले राजस्व प्राप्ति के साथ विभागवार राजस्व वसूली कार्य की समीक्षा की. कहा कि राजस्व वसूली में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतें. उन्होंने अंचलवार भू हस्तांतरण, भू मापी के मामलों की समीक्षा कर लंबित मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया. एक सप्ताह के अंदर सभी लंबित पड़े दाखिल-खारिज मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया.

## डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा शुरू

**कथारा।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल कथारा में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत गुरुवार को प्रार्थना सभा में सभी विद्यार्थियों, शिक्षक शिक्षिकाओं, शिक्षेकेतर कर्मचारियों ने स्वच्छता का शपथ लिया. हिन्दी शिक्षिका वीना कुमारी ने सभी को स्वच्छता का शपथ दिलाई. 17 जून से 2 अक्टूबर तक सीसीएल के निर्देशानुसार स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा. इसके अंतर्गत विद्यालय परिसर की साफ सफाई, विभिन्न तरह का प्रतियोगिताओं का आयोजन कर बच्चों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा.

## कसमार के प्रसिद्ध नगाड़ा वादक नरेश महतो का निधन



**कसमार (बोकारो )।** कसमार के सिंहपुर निवासी प्रसिद्ध नगाड़ा वादक व जागो जगाओ सांस्कृतिक कला मंच के सदस्य नरेश महतो का बुधवार की देर रात निधन हो गया. वह 58 वर्ष के थे. उनका अंतिम संस्कार गुरुवार की सुबह स्थानीय श्मशान घाट में कर दिया गया. परिजनों के अनुसार, बुधवार शाम तक वे बिल्कुल स्वस्थ थे. शाम में वह गांव में ही एक पड़ोसी के घर के बाहर बैठे थे, तभी अचानक मूर्छित होकर गिर गए. आनन-फानन में उन्हें एंबुलेंस से कसमार सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. उनके निधन की खबर मिलते ही सिंहपुर समेत आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई. गुरुवार सुबह उनके आवास पर उनके अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई.

## जल, जंगल, जमीन को बचाना सभी का नैतिक कर्तव्य : डॉ लम्बोदर

**कथारा।** कथारा रेलवे कॉलोनी मैदान में सीसीएल कथारा क्षेत्र के द्वारा वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि विधायक डॉ लम्बोदर महतो, विशिष्ट अतिथि बोकारो डीएफओ रजनीश कुमार, आईएफएस संदीप सिंदे, सीसीएल कथारा महाप्रबंधक संजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व कॉर्पोरेट गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की. मुख्य अतिथि विधायक श्री महतो ने कहा कि जल, जंगल, जमीन को सुरक्षित रखने के लिए हम सभी को प्रयास करने की जरूरत है. कहा कि प्राकृतिक के साथ हुई छेड़छाड़ की वजह से आज हम सभी को आपदाओं व अन्य परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है. हम सभी लोगों को संकल्प लेते हुए पेड़ पौधा लगाने के साथ उसे बचाना और संरक्षित करना हम लोगों का नैतिक कर्तव्य और दायित्व बनता है. बहुत दुखद बात है कि आज हमारा झारखंड जैसा राज्य भी आज मरुस्थल बनने की ओर अग्रसर है और देश में यह तीसरे स्थान पर है.

## भाजपा युवा मोर्चा ने लगाया रक्तदान शिविर

**बोकारो।** भारतीय जनता युवा मोर्चा, बोकारो जिला द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन इंडियन रेडक्रास सोसायटी में किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहित लाल सिंह, भाजयुमो बोकारो जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से किया. कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए जयदेव राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव समाज के लिए खड़ी रहती है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरंतर समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों की चिंता कर रहे हैं, इसलिए उनके जन्मदिन के अवसर पर युवा मोर्चा समाज के असहाय और जरूरतमंदों के लिए रक्तदान कर रही है ताकि इस वजह से किसी की जान नहीं जाए.

## बोकारो ब्लड डोनर्स एसोसिएशन की नई कमिटी गठित

**बोकारो।** कथारा में रक्तदान शिविर के आयोजन के मौके पर बोकारो ब्लड डोनर्स एसोसिएशन की नई कमिटी के चुनाव में सर्व सम्मति से मनोज कुमार को अध्यक्ष चुना गया, जो वर्तमान में कोषाध्यक्ष का पद सम्भाल रहे थे. वहीं बोकारो ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्षा राखी झा को संस्था का सरंक्षक चुना गया. शब्बीर अहमद अंसारी जो वर्तमान में कोयलांचल प्रभारी सह उप कोषाध्यक्ष का पद संभाल रहे थे अब उन्हें कोयलांचल प्रभारी सह कोषाध्यक्ष चुना गया है. साथ ही महताब अली को उप कोषाध्यक्ष चुना गया है. इनके अलावा पूर्व की तरह जयप्रकाश बाउरी सचिव, विनय बैद उप सचिव, मनीष चरण पहाड़ी उपाध्यक्ष के पद पर बने रहेंगे.

## राज्य सभा सांसद ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के चपुवाडीह में गुरुवार को पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के मौके पर राज्य सभा सांसद डा सरफराज अहमद, प्रखंड प्रमुख, बीस सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, अंचलाधिकारी प्रियंका प्रिदर्शनी ने कार्यक्रम की शुरुआत की. इस दौरान सरफराज अहमद ने कहा कि आपके सरकार आपके द्वार का यह चौथा चरण है. आज अगर कोई भी सरकार आम आवाम के लिए प्रयास भी करती तो शायद समस्या का समाधान हो सकता था लेकिन इसकी प्रयास भी नहीं की गई. हमारी सरकार की मंशा है कि चाहे जिस विभाग से संबंधित योजना हो, हमारी सरकार इस कार्य के लिए तत्पर है.

# मास्टर स्ट्रॉक या सियासत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी वन नेशन वन इलेक्शन योजना को कैबिनेट से मंजूरी मिलने के साथ ही पक्ष-विपक्ष में लामबंदी तेज हो गयी है. सरकार की मंशा है कि सरकार को पांच साल के निर्विघ्न कार्यकाल में, बार-बार होने वाले चुनाव बाधा हैं, इसलिए एक ही बार चुनाव करा लेने से सरकार को नीतिगत कठोर फैसले लेने में मदद मिलेगी. चुनाव प्रक्रिया के जानकार सरकार की मंशा और निर्णय पर सवाल उठा रहे हैं. सरकार को चाहिए कि इतने बड़े निर्णय के पक्ष में सर्वसम्मति बनाए. इस समय संसद का गणित बताता है कि कोई भी संविधान संशोधन विपक्ष के सहयोग के बगैर संभव नहीं है. वन नेशन वन इलेक्शन के लिए संविधान में कई संशोधन की जरूरत होगी. सरकारी मंशा की व्यावहारिकता को ले कर भी सवाल उठ रहे हैं. इसके साथ ही दक्षिण भारत की कुछ पार्टियों का आरोप है कि सरकार ने उन्हें विश्वास में लेने का प्रयास ही नहीं किया है. इसके साथ ही दक्षिण भारत की पार्टियों का आरोप है कि परिसीमन के बाद दक्षिण के राज्यों की लोकसभा में सीटें उस मात्रा में नहीं बढ़ेंगी. जैसी कि उत्तर भारत के राज्यों में बढेंगी. इससे एक अलग किस्म का असंतुलन पैदा हो सकता है, लेकिन इतना तो कहा ही जा सकता है कि चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और स्वतंत्रता के लिए इस समय कठोर उपाय करने की जरूरत किसी भी अन्य कदम से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है. एक साथ चुनाव लागू करने से पहले, कोविंद पैनल ने कई संवैधानिक संशोधनों का सुझाव दिया. जिन पर संसद की मंजूरी लेनी होगी, जबकि एकीकृत मतदाता सूची के लिए राज्य विधानसभाओं में बहुमत के समर्थन की जरूरत होगी. संविधान में संशोधन पर अनुच्छेद 368(2) में कहा गया है, "इस संविधान में संशोधन केवल संसद के किसी भी सदन में इस उद्देश्य के लिए एक विधेयक पेश करके शुरू किया जा सकता है और जब विधेयक प्रत्येक सदन में बहुमत से पारित हो जाता है, उस सदन की कुल सदस्यता और उस सदन के उपस्थित और मतदान करने वाले कम से कम दो-तिहाई सदस्यों के बहुमत से, इसे राष्ट्रपति के सामने पेश किया जाएगा. जो विधेयक पर अपनी सहमति देंगे और उसके बाद संविधान में विधेयक की शर्तों के साथ संशोधन किया जाएगा." हाल के लोकसभा चुनावों के बाद, जिन पार्टियों ने कोविंद पैनल के सामने इसका समर्थन किया था, उनके लोकसभा में 271 सांसद हैं (भाजपा के 240 सहित). यह लोकसभा में साधारण बहुमत से केवल एक कम है. अगर लोकसभा विधेयक पेश किये जाने के समय पूरा सदन बैठा हो तो मोदी सरकार को इसे पास कराने के लिए 362 वोटों या दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी, जबकि एनडीए के पास कुल ताकत 293 है.

> वन नेशन वन इलेक्शन के लिए संविधान में कई संशोधन की जरूरत होगी. सरकारी मंशा की व्यावहारिकता को ले कर भी सवाल उठ रहे हैं. इसके साथ ही दक्षिण भारत की कुछ पार्टियों का आरोप है कि सरकार ने उन्हें विश्वास में लेने का प्रयास ही नहीं किया है.

## सुभाषित

**क्षणशः कणशश्चैव विद्यामर्थं च साधयेत्।**
**क्षणत्यागे कुतो विद्या कणत्यागे कुतो धनम्॥**

मनुष्य एक-एक क्षण और एक-एक कण विद्या और अर्थ( धन ) का चिंतन करना चाहिए, क्योंकि यदि विद्या प्राप्ति के समय गंवाया हुआ एक क्षण भी हमें उस ज्ञान से वंचित कर सकता है और धन का एक कण भी गंवाने से वह एक कण का धन हमें नही प्राप्त होता. अतः हमें समय की एक क्षण भी नही बिगड़नी चाहिए और धन का एक कण भी नहीं त्यागना चाहिए.

# अमरता की तलाश में विश्व समाज

**यूनानी दार्शनिकों ने कहा है कि प्रकृति में हो रहे सभी परिवर्तनों के पीछे एक अदृश्य कारण बना रहता है. ऐसी कोई चीज है, जिससे और जिसके कारण चीजें प्रकट होती हैं, पुनः वापस उसी में लौट जाती है. उस कोई चीज की खोज हजारों साल से जारी है. आज भी वैज्ञानिक उस ईश्वरीय पार्टिकिल को जानने में लगे हैं, लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा है. उसी प्रकार यह अमरता की तलाश है.**



• देश-काल



डॉ. मयंक मुरारी

दीर्घायु जीवन हरेक व्यक्ति की आकांक्षा होती है, लेकिन चिरकाल तक युवा रहने की जिद ने मानव सभ्यता के विकास पर सवाल खड़ा कर दिया है, सिलिकॉन वैली के 47 वर्षीय ब्रायन जॉनसन खुद को 18 साल के युवा बनाने को तत्पर है. ऐसे में भारतीय सभ्यता के ययाति याद आते हैं, जिन्होंने भौतिक सुख के लिए अपने पुत्र का यौवन प्राप्त किया था. आज दीर्घायु जीवन पर दुनियाभर में रिसर्च चला रही है. इस पर 27 अरब डॉलर यानी दो हजार करोड़ से अधिक निवेश करने की संभावना है. इसके लिए पश्चिम में सिंगुलरिटी मूवमेंट यानी विशिष्टता आंदोलन चलाया जा रहा है. वहां लोगों का विश्वास है कि एक समय के बाद मनुष्य और मशीन एक हो जायेंगे. अमेजॉन, ओपन एआई और गूगल तथा अल्फाबेट के संस्थापक इस होड़ में शामिल हो गये हैं, तब सवाल है कि क्या व्यक्ति अमर हो सकता है.

अमरता की तलाश नया नहीं है. मानव की चिरंतन सुख और समृद्धि की ललक की यह पराकाष्ठा है. व्यक्ति अगर अमर हो गया तो इस सभ्यता का और समूचे जगत की स्वाभाविक गतिशीलता का क्या होगा? जीन थेरेपी का प्रयोग कर कोई व्यक्ति डेढ़ या दो सौ साल जीवित रह सकता है, लेकिन अमर होने की जिद में कहीं हम इस मानव सभ्यता को ही संकट में नहीं डाल रहे हैं. पृथ्वी पर पहले जो विनाश आया, उसका कारण डायनासोर थे, लेकिन भविष्य में विनाश की वजह मानव सभ्यता बनेगी. चिरयौवन का आकर्षण इतना ज्यादा है कि भारत भी इसमें पीछे नहीं है. भारत में एम्स के जेरियाट्रिकक डिपार्टमेंट ने "प्रोजेक्ट लॉन्गेविटी" शुरू किया है.

परिवर्तन स्वभाविक प्रक्रिया है. यूनानी दार्शनिकों ने कहा है कि प्रकृति में हो रहे सभी परिवर्तनों के पीछे एक अदृश्य कारण बना रहता है. ऐसी कोई चीज है, जिससे और जिसके कारण चीजें प्रकट होती हैं, पुनः वापस उसी में लौट जाती है. उस कोई चीज की खोज हजारों साल से जारी है. आज भी वैज्ञानिक उस ईश्वरीय पार्टिकिल को जानने में लगे हैं, लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा है. उसी प्रकार यह अमरता की तलाश है. यूनानी कथाओं में भारतीय जीवन में अश्वत्थामा के अनवरत कष्ट और दुख का वर्णन है. शरीर अमर होगा, लेकिन उसमें स्थित आत्मा का क्या? उसको नूतन और नवीन बनाने का कोई तरीका विज्ञान के पास है? कदाचित नहीं!

मनुष्य की भौतिक इच्छाओं का अंत नहीं है. इस कारण उसकी चिरयौवन की लिप्सा भी खत्म नहीं होनेवाली है. ययाति को उसके पुत्र पुरु ने अपना यौवन दे दिया और अपने पिता का बुढ़ापा ले लिया. इसके बाद भी ययाति का यौवन का एक दिन अंत हुआ. भीष्म के पिता शांतनु का भी धीवर कन्या सत्यवती के प्रति ऐसा आकर्षण जागा कि उन्होंने अन्न-जल ग्रहण करना भी छोड़ दिया. अंततः पुत्र भीष्म को पिता के सुख की खातिर आजीवन ब्रह्मचर्य पालन का व्रत लेना पड़ा. कठोपनिषद में नचिकेता और यम का संवाद है. इसमें मृत्यु और जीवन पर चिंतन है. यक्ष-युधिष्ठिर संवाद में सबसे बड़ा आश्चर्य पर सवाल उठता है, तो युधिष्ठिर कहते हैं कि मृत्यु शाश्वत सत्य है. इसके बाद भी लोग अपनी अमरता की तलाश करते हैं. जब राम नहीं रहे, कृष्ण भी धरा को छोड़ चले गये. तब आम लोगों की क्या बिसात है. कुछ दिन पूर्व माइकल जैक्सन ने भी ब्रायन जॉनसन की तरह ही चिर यौवन रहने के लिए हरसंभव प्रयास किया. फिर भी इस धरती को छोड़कर जाना पड़ा.

ग्रीक साहित्य में सिसिफस की कहानी है, जिसने मृत्यु को कैद कर लिया था. परिणाम. व्यक्ति एक समय के बाद जरा-जीर्ण हुआ, चलना, खाना-पीना बंद, लेकिन मृत्यु नहीं आयी. पेड़ सूखे नहीं, फूल झड़े नहीं! नये पेड़ और फूल तथा फल का आना बंद हो गया. प्रकृति में हाहाकार हो गया. लोगों ने अमरता के अनंत जीवन की त्रासदी की अनुभूति कर ली थी. चहुंओर लोग हाथ उठाकर मृत्यु की मांग करने लगे. मृत्यु, मृत्यु! लोगों को एहसास हो गया मृत्यु की आवश्यकता और अनिवार्यता का. एक सार्थक और सफल जीवन के बाद विराम का. मृत्यु का. पुनः शक्ति से भरपूर नये जीवन की शुरुआत का. अनंत जीवन की यातना से अच्छी है जीवन की पूर्णता के बाद मृत्यु. देवराज जीयस की आज्ञा से एटीज ने पराक्रम दिखाया और सिसिफस को पराजित कर बंदीगृह में डाल दिया. राजा प्लूटो ने सजा दी. हेडीज घाटी के नीचे पड़े विशाल संगमरमर के चट्टान को सिसिफस ठेल कर गिरि-श्रृंग के शीर्ष पर ले जायेगा. इसके बाद वह चट्टान पुनः नीचे फेंक दिया जायेगा और सिसिफस उसे शीर्ष पर लाने का क्रम करता रहेगा. ऐसा करते सिसिफस को बतीस हजार साल बीत गये. धरती पर अमरता लाने का अपराधी खुद अमर होने के बाद भी अर्थहीन दंड भोगने को अभिशप्त. यातना भोगते-भोगते पाषाण बन गया. कदाचित अश्वत्थामा की तरह. प्राकृतिक व्यवस्था को पलटने की कोशिश में सिसिफस भी विफल रहा और अश्वथामा भी. और दोनों अभिशप्त जीवन भोगने को लाचार. सिसिफस की चट्टान तृण विहीन है, तो मृत्यु भय को जीतने वाले महात्मा बुद्ध की सीख से इस धरती के मानव का जीवन हराभरा हो रहा है.

भारतीय चिंतन में मानव काया में अमरत्व को लेकर चिंतन किया गया है. व्यक्ति अपने कर्म और चरित्र से कैसे अमर हो. राम अमर हैं या देवत्व धारण किये हैं, तो उनका चरित्र है. ऐसे चरित्र इस धरती पर अनगिनत हैं, लेकिन हम काया में नहीं, शरीर में अमरता की तलाश कर रहे हैं. जीवन का अर्थ अनंनता या अमरता में नहीं है. पीड़ादायी शरीर के साथ अमर रहनेवाला अश्वत्थामा होने से अच्छा है कि घटोत्कच की तरह धर्म के लिए अपनी अनंत शक्ति को समर्पित कर दें. अमरता में जीवन की सार्थकता है तो वह अमरता हनुमान की होनी चाहिए. जो हर पल समाज के लिए खुद को प्रस्तुत करने को तत्पर रहे. संजीवनी बूटी वाले विशाल द्रोणाचल पहाड़ को हाथ पर उठाये रखने वाले हनुमान भी यातना भोग रहे है, लेकिन लोकोपकार के खातिर. उनका द्रोणाचल जीवन को अर्थ देनेवाले औषधियों से भरा-पूरा है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | ओशो



## चेतन मन का अंतर्द्वंद्व

हमारा अचेतन मन है. वह एक है. जहां तक चेतन मन का सवाल है, हम द्वीपों की तरह से हैं, अन्यथा हम अलग नहीं हैं. वह जो गहनतर मन है वह एक है. यदि मैं आपसे बात कर रहा हूं, तब दो रास्ते हैं मेरे संदेश देने के-एक चेतन मन के द्वारा और दूसरा अचेतन के द्वारा. चेतन का रास्ता संघर्ष का रास्ता है, क्योंकि आपका चेतन मन उसके बारे में सोचता चला जाएगा. वह स्वीकार नहीं कर सकता, पहले उसे वर्जित करना पड़ेगा. पहली चीज जो कि चेतन मन कहता है वह है नहीं और हां बहुत ही हिचकिचाहट के साथ आता है. हां केवल लाचारी में आता है. आप ना नहीं कह सकते, आप कोई रास्ता ना कहने का नहीं खोज पा रहे, ना कहने में आप अपने को असमर्थ पाते हैं, आपके पास ना कहने के लिए कोई तर्क नहीं है, इसलिए आप हां कह देते हैं. आपकी हां नपुंसक है, बहुत ही कमजोर है, केवल असहाय अवस्था से आया है. जिस क्षण भी आपको दूसरा कोई कारण ना कहने का मिल जाएगा, आप फिर ऊर्जा से भरे हुए महसूस करेंगे. अब आपकी ना बहुत शक्तिशाली है. हां बिल्कुल मृत है-ना चेतन मन से जीवंत है. चेतन मन सदैव ही द्वंद्वमय है-लगातार रक्षा करता हुआ, भय भीतर, चारों ओर भय से देखता हुआ. वह विश्वास नहीं कर सकता, वह समग्रतः हां भी नहीं कह सकता. यदि वह कहता भी है, तो वह एक अस्थायी बात होगी. वह वास्तविक ना के आने की प्रतीक्षा कर रहा है, और वह आएगी तब वह ना कह देगा. इसलिए आप किसी आदमी को आश्वस्त कर सकते हैं, परंतु उसे बदल नहीं सकते. आप किसी आदमी से तर्क कर सकते हैं और उसे चुप भी कर सकते हैं, लेकिन उसे बदल नहीं सकते. वह ऐसा अनुभव करेगा कि वह कुछ और ज्यादा नहीं कह सकता, परंतु भीतर गहरे में वह जानता है कि कुछ जरूर ही ऐसा खोज निकाला जा सकता है, जो यह साबित कर दे कि आप गलत हैं और वह सही है. केवल इस क्षण ही वह ना कह सकने में असमर्थ है और इसलिए वह स्वीकार कर रहा है. परंतु यह स्वीकृति उसकी बदलाहट नहीं है. यह तो एक थोड़े से समय के लिए स्वीकृति हार है. और वह चोट खाया हुआ महसूस करता है, समय पाकर वह बदल लेगा. यही एक तरीका है जो कि आज के युग में महत्वपूर्ण बन गया है. यदि आपके कुछ प्रतिपादित करना है, तो आपको उसे चेतन मन के द्वारा ही प्रतिपादित करना पड़ेगा. पुराने समय में इसके बिल्कुल ही विपरीत तरीका था, कि इस चेतन मन कोबिल्कुल ही गिरा दो, और अचेतन के द्वारा ही प्रतिपादित करो.

# भारत की वैश्विक बहुआयामी पहल

• देशांतर

प्रमोद जोशी

विदेश-नीति के मोर्चे पर एक साथ कई बातें हो रही हैं, जिनमें भारत-पाकिस्तान रिश्तों को लेकर शुरू हुई सुगबुगाहट शामिल है. अगले महीने पाकिस्तान में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया गया है. सवाल है कि क्या मोदी, पाकिस्तान जाएंगे?उनका जाना और नहीं जाना, दोनों बातें दोनों देशों के रिश्तों के लिहाज से महत्वपूर्ण होंगी. उनपर बात जरूर होनी चाहिए, पर उसके पहले वैश्विक-राजनीति में भारत की बढ़ती भूमिका से जुड़ी कुछ बातों पर रोशनी डालने की जरूरत भी है.पिछले दिनों पीएम मोदी की यूक्रेन-यात्रा के बाद संभावनाएं बढ़ी हैं कि रूस और यूक्रेन के बीच बातचीत में भारत की भूमिका हो सकती है. अब खबर है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ब्रिक्स के एनएसए सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस जा रहे हैं. 10-12 सितंबर को सेंट पीटर्सबर्ग में हो रहा, यह सम्मेलन प्रकारांतर से उसी उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है.इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने शनिवार को कहा कि भारत और चीन जैसे देश यूक्रेन के संघर्ष को सुलझाने में भूमिका निभा सकते हैं. उसके एक दिन पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत जैसे दोस्तों की तारीफ की थी, जो मौजूदा संघर्ष का हल निकालना चाहते हैं.

व्लादीवोस्तक में ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में एक पैनल चर्चा के दौरान पुतिन ने कहा कि भारत, ब्राजील और चीन संघर्ष का हल निकालने में भूमिका निभा सकते हैं. उनकी यह टिप्पणी उन संभावित देशों के बारे में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में आई जो रूस और यूक्रेन के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं. हाल में यूक्रेन में राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के साथ वार्ता में मोदी ने कहा था कि यूक्रेन और रूस को बिना समय बर्बाद किए एक साथ बैठकर चल रहे युद्ध को समाप्त करना चाहिए. और यह भी कि क्षेत्र में शांति बहाल करने में भारत 'सक्रिय भूमिका' निभाने के लिए तैयार है. भारत ने अतीत में गुट-निरपेक्ष आंदोलन का नेतृत्व किया था, पर व्यावहारिक अर्थ में आज का वक्त पहले के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण है. हमारा वैश्विक-व्यापार इस समय देश की जीडीपी का 40से 50 फीसदी के बीच रहता है. जीडीपी के साथ यह बढ़ ही रहा है. व्यापार के अलावा भारतवंशियों की वैश्विक भूमिका बढ़ रही है. दुनिया के ज्यादातर देशों में उन्हें देखा जा सकता है. इसमें भारतीयों की शिक्षा और कौशल की भूमिका है. मोटा अनुमान है कि इस समय करीब 3.6 करोड़ भारतीय विदेश में हैं. इस व्यस्तता के दौरान वे पाकिस्तान जाएंगे या नहीं जाएंगे, अभी स्पष्ट नहीं है. एससीओ का शिखर सम्मेलन 15-16 अक्तूबर को इस्लामाबाद में होने वाला है. इस सिलसिले में भारत के विदेशमंत्री एस जयशंकर की एक बात का उल्लेख करना उपयोगी होगा. उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान के साथ चलने वाला सतत-संवाद अब खत्म हो चुका है. उनके आशय पर कुछ रोशनी इस महीने संयुक्त राष्ट्र महासभा में उनके वक्तव्य से भी पड़ेगी. भारत और चीन के रिश्तों में भी गतिरोध कायम है, जो भारत-पाकिस्तान रिश्तों को भी प्रभावित करेगा. एससीओ में भारत और पाकिस्तान की सदस्यता भी इसे प्रभावित करती है. अब पाकिस्तान की ओर से ब्रिक्स की सदस्यता हासिल करने की कोशिशें होने लगी हैं, उसका भी कुछ न कुछ असर होगा.

विदेशमंत्री एस जयशंकर ने हाल में दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में कहा कि अब ध्यान पाकिस्तान के साथ भारत के संबंधों की प्रकृति निर्धारित करने पर है. भारत घटनाओं पर प्रतिक्रिया करेगा. हम निष्क्रिय नहीं हैं और घटनाएं सकारात्मक या नकारात्मक हों, हम तदनुरूप प्रतिक्रिया करेंगे.उन्होंने पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद का हवाला देते हुए अपने इस रुख को दोहराया कि आतंकवाद और वार्ता एक साथ नहीं चल सकते. साथ ही इस बात को भी रेखांकित किया कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त हो चुका है. इस मामले पर कोई समझौता नहीं होगा.पाकिस्तान की रणनीति भारत को बातचीत की मेज पर लाने के लिए दबाव डालने और आतंकवाद के इस्तेमाल की है. भारत फिलहाल उसे स्वीकार करेगा नहीं. इस साल मार्च में पाकिस्तान के तत्कालीन विदेशमंत्री मोहम्मद इसहाक डार ने कहा है कि हम भारत से व्यापार को बहाल करने पर 'गंभीरता' से विचार कर रहे हैं. ब्रसेल्स में परमाणु ऊर्जा शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद डार ने लंदन में एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> हाल में यूक्रेन में राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के साथ वार्ता में मोदी ने कहा था कि यूक्रेन और रूस को बिना समय बर्बाद किए एक साथ बैठकर चल रहे युद्ध को समाप्त करना चाहिए. और यह भी कि क्षेत्र में शांति बहाल करने में भारत 'सक्रिय भूमिका' निभाने के लिए तैयार है. भारत ने अतीत में गुट-निरपेक्ष आंदोलन का नेतृत्व किया था, पर व्यावहारिक अर्थ में आज का वक्त पहले के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण है.

# लोकतंत्र में विवेकपूर्ण संतुलन जरूरी

• सामयिकी

विश्वनाथ सचदेव

शेक्सपियर का एक चर्चित नाटक है मैक्बेथ. स्कॉटलैंड के राजा के दो जनरल उसके खिलाफ हैं. लेडी मैक्बेथ इनमें से एक की पत्नी है. ये लोग मिलकर राजा की हत्या का षड्यंत्र रचते हैं, पर मैक्बेथ हत्या के लिए साहस नहीं जुटा पा रहा. पत्नी उसकी मर्दानगी को चुनौती देती है, उसे कायर, नामर्द और न जाने क्या-क्या कहती है और अंततः मैक्बेथ अपने आप को प्रमाणित करने के लिए राजा की हत्या के लिए तैयार हो जाता है. लेकिन लेडी मैक्बेथ की आत्मा उसे धिक्कारती है और वह आत्महत्या कर लेती है.हाल ही में यह लेडी मैक्बेथ अचानक भारत के मीडिया में चर्चा का विषय बन गयी थी. पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने राज्य की मुख्यमंत्री की तुलना लेडी मैक्बेथ से की है. यह तो नहीं पता कि ऐसी तुलना करके वह क्या बताना-जताना चाहते थे, पर सवाल उठ रहे हैं कि कोई राज्यपाल इस तरह की बात कैसे कह सकता है. राज्यपाल और राज्य-सरकार के रिश्तों की खटास किसी से छिपी नहीं है. समय-समय पर सी.वी. आनंद बोस अपने राज्य की मुख्यमंत्री की आलोचना करते रहे हैं. अब एक युवा डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले में ममता बनर्जी की सरकार कटघरे में है. यह सही है कि ममता के विरोधी इस स्थिति का राजनीतिक लाभ उठाना चाह रहे हैं, पर सही यह भी है कि इस निंदनीय प्रकरण में ममता बनर्जी बचाव की मुद्रा में हैं– विरोधी दल तो राज्य सरकार की आलोचना कर ही रहे हैं, राज्यपाल भी खुलकर पश्चिम बंगाल की सरकार की आलोचना में लगे हैं. उनका कहना है कि राज्य की सरकार अपना कर्तव्य निभाने में असफल रही है 'और राज्य की जनता की भावनाओं को नहीं समझ रही.'यहां तक तो बात फिर भी समझ में आती है, पर जब राज्यपाल यह कहते हैं कि 'ममता बनर्जी लेडी मैक्बेथ हैं और उनके साथ कोई मंच साझा नहीं करूंगा' तो मामला गंभीर बन जाता है.

राज्यपाल ने अपने इस कदम को राज्य की जनता की भावनाओं के साथ खड़े होना बताया और कहा कि वे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का 'सामाजिक बहिष्कार' करेंगे. उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि उनकी प्रतिबद्धता राज्य की जनता और आर.जी. कर अस्पताल की 'डॉ. अभया' के परिवार के प्रति है और वे विरोध प्रदर्शन कर रहे डाक्टरों के साथ हैं.

> राज्यपाल ने अपने इस कदम को राज्य की जनता की भावनाओं के साथ खड़े होना बताया और कहा कि वे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का 'सामाजिक बहिष्कार' करेंगे. उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि उनकी प्रतिबद्धता राज्य की जनता और आर.जी. कर अस्पताल की 'डॉ. अभया' के परिवार के प्रति है और वे विरोध प्रदर्शन कर रहे डाक्टरों के साथ हैं.

उन्होंने यह भी कहना ज़रूरी समझा कि उनकी प्रतिबद्धता भारत के संविधान के प्रति है.पता नहीं राज्य के मुख्यमंत्री की तुलना लेडी मैक्बेथ से करके और राज्य सरकार को अपने कर्तव्य-पालन में असफल सिद्ध होना बताकर वे किस ओर इशारा कर रहे हैं. हमारे संविधान में राज्यपाल के पद की व्यवस्था करके संविधान-निर्माताओं ने एक तरह से केंद्र और राज्य सरकारों के बीच एक सेतु बनाया था. अपेक्षा की जाती है कि राज्यपाल केंद्र के प्रतिनिधि की तरह काम करेंगे और राज्य की स्थिति के बारे में केंद्र को अवगत भी कराते रहेंगे. राज्यपालों की व्यवस्था करते हुए यह अपेक्षा भी की गयी थी कि राज्यपाल राज्य सरकार के परामर्शदाता भी होंगे. इसके साथ ही यह भी मान कर चला गया था कि इस पद पर सुयोग्य और रोज़मर्रा की दलगत राजनीति से पृथक रहने वाले व्यक्तियों को नियुक्त किया जायेगा. पिछले 75 सालों का अनुभव यह बताता है कि राज्यपालों की नियुक्ति में केंद्र में सत्तारूढ़ दल के हितों को ही देखा जाता है.

अक्सर ऐसे लोगों को इस पद पर बिठाया गया है जो या तो उम्रदराज हो गये थे या जिन्हें केंद्र में सत्तारूढ़ पक्ष ने अपने हितों के लिये उचित समझा है. आज़ादी पाने के कुछ साल बाद तक तो परंपरा यह भी थी कि राज्यपाल की नियुक्ति के समय संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री से परामर्श भी कर लिया जाता था. तब राज्य सरकार और राज्यपाल में टकराव की स्थितियां भी कम आती थीं. लेकिन केंद्र और राज्यों में अलग-अलग राजनीतिक दलों की सरकारें बनने के बाद स्थिति बदल गयी. राज्यों में राज्यपाल को केंद्र सरकार के एजेंट के रूप में देखा जाने लगा और दुर्भाग्य से कुछ राज्यपालों का व्यवहार भी यह बताने लगा कि वे केंद्र सरकार के हितों को अधिक महत्व दे रहे हैं. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## मीडिया में अन्यत्र

# निर्यात में गिरावट भारत के लिए बड़ी चुनौती

**भारत** खुशकिस्मत है कि हमारे यहां उपभोक्ताओं का एक बड़ा आधार है, जो कुछ हद तक अर्थव्यवस्था को वैश्विक मांग की लहरों से बचाता है. परंतु इसका यह अर्थ नहीं है कि वृद्धि और आर्थिक सुरक्षा को बिना निर्यात पर ध्यान दिए हासिल किया जा सकता है. दुर्भाग्य की बात है कि आंकड़ों से संकेत मिलता है कि फिलहाल देश में यह प्रक्रिया नहीं चल रही है. वास्तव में अगर कुछ हुआ है तो वह यह कि हालात विपरीत दिशा में चले गए हैं. निजी कारोबारी क्षेत्र में मोबाइल हैंडसेट निर्माण, जैसे कुछ क्षेत्रों की उल्लेखनीय सफलता के अलावा निर्यात के बजाय उसके उलट रुख देखने को मिला है. जैसा कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ है, वित्त वर्ष 2012-13 में जहां 18 फीसदी से अधिक विनिर्माण बिक्री का निर्यात हुआ था, वहीं 2022-23 में यह घटकर 7 फीसदी से कम हो गया. सेंटर फॉर मॉनिटरिंग द इंडियन इकॉनमी के आंकड़ों के मुताबिक तो चालू वित्त वर्ष में इसमें और गिरावट आ सकती है. विनिर्माण अर्थव्यवस्था में निर्यात पर कम ध्यान केंद्रित होने का प्रभाव भी स्पष्ट हैं. सेवा निर्यात जहां स्वस्थ बना हुआ है, वहीं भारत का व्यापार घाटा बढ़ा है. अगस्त में यह 30 अरब डॉलर के साथ 10 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया. इसकी कुछ वजहें अस्थायी हैं. बीते सालों में चीन की वृद्धि धीमी पड़ी है और आखिरकार वह विकास के उस दौर में पहुंच गया है, जहां उसे बचत और निवेश आधारित वृद्धि से नए सिरे से संतुलन कायम करते हुए खपत बढ़ाने पर ध्यान देना होगा. ऐसा करने से स्वाभाविक तौर पर जिंस जैसी चीजों की मांग कम होगी. इसका यह अर्थ भी है कि ऐसी अतिरिक्त क्षमता मौजूद है, जो व्यापक वैश्विक मांग को पूरा कर सके. इस्पात क्षेत्र चीन में अधिक क्षमता के असर को उजागर करता है. भारत इस वर्ष इस्पात के शुद्ध निर्यातक के बजाय आयातक बन गया, क्योंकि चीन में इस्पात की घटती मांग के कारण उसे बाहर इसकी खपत करनी है. दूसरा मसला है आपूर्ति श्रृंखला में उथलपुथल. पश्चिम एशिया में अस्थिरता के कारण बीमा तथा अन्य क्षेत्रों की लागत बढ़ गई है. समुद्री रास्ते से मालढुलाई को लेकर अलग तरह के जोखिम हैं. कुछ निर्यातकों का कहना है कि चुनिंदा पोत ही भारतीय बंदरगाहों पर आ रहे हैं और बाहर जाने वाले पोतों में अधिक प्रतिस्पर्धा है. इन समस्याओं को हल करने की जरूरत है, लेकिन इसके साथ ही निर्यात पर ढांचागत रूप से ध्यान देने को लेकर भी गहरे सवाल किए जाने की जरूरत है. भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखला में बहुत मजबूत हैसियत नहीं रखता है और वैश्विक निकायों की 'चीन प्लस वन' की रणनीति को बहुत अधिक कामयाबी नहीं मिली है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



## शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

# रास/रासक/रासभ

**ग्वाल** बाल संग रास रचाये नटखट नंद गोपाल, बिरज में होली खेलत नंदलाल. यह पंक्ति 1963 में आयी हिंदी फिल्म गोदान के एक गीत से ली गयी है. इसे अपने जमाने के महान गीतकार अनजान ने लिखा और रफी साहब ने पूरे मनोयोग से गाया. यह गीत आगे चलकर इतना लोकप्रिय हुआ कि मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा भजन के रूप में पूरे भक्तिभाव से गाया जाने लगा. इस गीत में भगवान श्रीकृष्ण की लीला का मनोहारी वर्णन है. नटखट नंद गोपाल यानी श्रीकृष्ण ग्वाल बालों के साथ रास रचाते हैं और बृज की धरती पर होली खेलते हैं. अब सवाल है कि यह रास क्या है, जो नंद गोपाल कभी ग्वाल बाल के साथ तो कभी गोपियों के साथ रचाया करते थे. रास शब्द हिंदी का देशज भी है, तत्सम भी है और अरबी भाषा मूल का भी, लेकिन तीनों के मायने-मतलब अलग-अलग हैं. श्रीकृष्ण जो रास रचाते थे, वह तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. यह एक प्रकार की नृत्यशैली है, जो बृजभूमि का लोकनृत्य है. इसमें वसंतोत्सव, होली तथा राधा और कृष्ण की प्रेम कथा का वर्णन होता है. रास का मतलब रसिया, विलास, नर्तकों का समाज, शोरगुल, कोलाहल भी होता है. हिंदी का देशज रास संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इसका मतलब है लगाम, ढेर, चौपायों का समूह, जोड़, ब्याज. इसी शब्द का तत्सम संज्ञा पुल्लिंग के रूप में लास्य नाम नृत्य, गोद, दत्तक तथा एक छंद के रूप में भी जाना जाता है. तीसरा रास अरबी भाषा से आया है और जिसे हिंदी भाषा ने अपना बना लिया है. यह संज्ञा पुल्लिंग है. इसका मतलब है सिरा, ऊपरी भाग, पशुओं की संख्या का सूचक शब्द. जैसे दो रास बैल, अंतरीप. अरबी भाषा मूल के रास का विशेषण के रूप में मतलब दुरुस्त और ठीक भी होता है. कहते हैं, मेरी बात उन्हें रास नहीं आती. यानी ठीक नहीं लगती. रासक संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका मतलब है एक प्रकार का एकांकी नाटक और काव्यशास्त्र के अनुसार दृश्य काव्य का एक भेद. रासभ का मतलब अत्यंत सीधा-सादा और मेहनती पशु, यानी गधा, गर्दभ, खर.

# जो सोवत हैं, वो खोवत हैं, जो जागत हैं...

• तीर-तुक्का

अमित शर्मा



प्राचीन काल से ही आलस को सामाजिक और व्यक्तिगत बुराई माना जाता रहा हैं. 'जो सोवत हैं, वो खोवत हैं' जैसी कहावतों के माध्यम से आलसी लोगों को धमकाने और 'अलसस्य कुतो विद्या' जैसे श्लोकों के ज़रिये उनको सामाजिक रूप से ज़लील करने /ताने कसने के प्रयास अनंतकाल से जारी हैं. लेकिन फिर भी आज तक (चैनल नहीं ) आलस और आलसियों का वजूद 'सेट मैक्स चैनल' पर 'सूर्यवंशम फिल्म' की तरह जस का तस बना हुआ है, जो ये दर्शाता हैं कि बुराई का विरोध करने से वह ज़्यादा बढ़ती हैं. इसीलिए बुराइयों को कोसें नहीं, बल्कि प्यार से पालें-पोसें और बड़ा होने पर उनके हाथ पीले और गाल लाल करके घर से विदा कर दें. दरअसल हर युग में अवतरित हुए जरूरत से ज़्यादा (लेकिन आवश्यकता से कम ) 'श्याणे-लोग' इस बात को समझने में नाकाम रहे हैं कि आलस कोई दुर्गुण नहीं है, बल्कि ये तो दुनियादारी और मोहमाया से मुंह मोड़ लेने (और हाथ-पैर तोड़ लेने) का एक आसान आध्यात्मिक तरीका हैं जिसमें व्यक्ति बिना किसी को तकलीफ दिए, बिना किसी 'गिव या टेक' के सारे प्रलोभनों को ओवरटेक करके, 'सिक्स-लेन' वाले 'मोक्ष मार्ग' पर बिना कोई टोल टैक्स दिए अपनी गाड़ी और कल्पनाओं के घोड़े दौड़ा सकता हैं. जिस दिन जालिम दुनिया यह समझ लेगी उसी दिन से सारी समस्याएं नेताओ की ईमानदारी की तरह छू मंतर हो जाएगी. आलसी लोगों को चाहे कोई कितना भी भला-बुरा क्यों ना कहे, लेकिन वे उसका कभी बुरा नहीं मानते क्योंकि बुरा मानने के बाद गुस्सा उपजता हैं जो की झगड़े और कलह (और कलह से सुलह रास्ता काफी दुर्गम होता हैं) को जन्म देता है जिससे रिश्तों में दरार आने की संभावना रहती हैं और इस दरार को रोकने के लिए वो 'खम्बुजा – सीमेंट' की तरह काम करते हैं. टीवी विज्ञापनों में कई सीमेंट में जान बताई जाती हैं. ऐसे सारे विज्ञापन के खिलाफ ज्ञापन देने की ज़रूरत हैं क्योंकि दरअसल 'जान' किसी सीमेंट में नहीं होती हैं, बल्कि आलसी लोगों में होती हैं क्योंकि संबंधों के लिए वे अपना 'अहम' त्याग देते हैं, लेकिन अपना आलस त्याग देंगे, ऐसा 'वहम' किसी कीमत पर नहीं उपजने देते हैं. आज के भौतिकतावादी युग में सामाजिक मूल्यों को बनाये रखने में आलसी महापुरुष अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं क्योंकि जहाँ अधिकतर लोग सफलता मिलने के बाद बदल जाते हैं और इवन-डे पर अपनी मंहगी कार में और ओड-डे पर अपने अभिमान पर सवारी करने लगते हैं, वहीं आलसी लोगों से सभ्य समाज को ऐसा कोई खतरा नहीं है. यहाँ पर यह 'अस्पष्ट' कर देना ज़रूरी हैं की आलसी लोग किसी भी कार्य या मेहनत से नहीं घबराते हैं उनको केवल इस बात का डर सताता हैं की उनके काम करने से कहीं 'सोने' के भाव कम न हो जायें. ये लोग इतने दयालु और परहित स्वभाव के होते हैं कि हर क्षेत्र में बढ़ती हुई 'गला-काट' प्रतिस्पर्धा को कम करने के उद्देश्य से काम ही नहीं करते हैं, ताकि 'काबिल' लोगो को मौका मिले और वे सफल होकर 'ड्यू डेट' से पहले अपने सभी 'बिल' भर सके.

▼ ब्रीफ खबरें

### निरसा बाजार में पेयजल समस्या से मिलेगी मुक्ति

**निरसा बाजार।** निरसा बाजार क्षेत्र के लोग आठ दिनों से पेयजल की समस्या से जूझ रहे थे। विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने धनबाद के डीसी और पेयजल विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर समस्या का समाधान निकाला। भारी वर्षा के कारण मरम्मत में देरी हुई, लेकिन बारिश रुकने के बाद पाइप लाइन की जांच की गई और लीकेज का पता चला। विधायक की उपस्थिति में मरम्मत कार्य शुरू हुआ और शाम तक पूरा हो गया। अब निरसा बाजार के लोगों को शुक्रवार से नियमित पेयजलापूर्ति मिलेगी।

### आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने किया घेराव का एलान

**महुदा।** झारखंड राज्य समाज कल्याण आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की बाघमारा प्रखंड इकाई ने पोलो ग्राउंड में बैठक की। अध्यक्ष पार्वती देवी के नेतृत्व में यह निर्णय लिया गया कि 23 सितंबर को राजभवन का घेराव किया जाएगा। आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका नियमावली में सुधार और अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करेंगी। सहमति नहीं बनी तो 1 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

### पुटकी में निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह



**पुटकी।** राजक्रीयकृत मध्य विद्यालय पुटकी में गुरुवार को धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कल्याण विभाग द्वारा प्रदत्त 16 साइकिलों का निःशुल्क वितरण सत्र 2024-2025 में अध्यन्तरण अष्टम वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच किया। इन 16 साइकिलों में से 13 राजकीयकृत मध्य विद्यालय पुटकी के छात्र-छात्राओं और 3 राजकीयकृत मध्य विद्यालय कच्छी बलिहारी के छात्र-छात्राओं को दी गईं। इस अवसर पर धनबाद विधायक राज सिन्हा, धनबाद प्रमुख आरती देवी, उप-प्रमुख निशा सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा की सफलता के लिए प्रभारी नियुक्त



संवाददाता। धनबाद

धनबाद। भाजपा धनबाद महानगर ने परिवर्तन संकल्प यात्रा के लिए की बैठक भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर की आवश्यक बैठक झारखंड प्रदेश द्वारा आहूत आगामी 20 सितंबर से 26 सितंबर तक परिवर्तन संकल्प यात्रा की सफलता के लिए भाजपा कार्यालय में महानगर अध्यक्ष श्रवण राय की अध्यक्षता में हुई. बैठक में मुख्य रूप से परिवर्तन यात्रा के धनबाद महानगर के सीमा में प्रवेश पर विशेष स्वागत की कार्य योजना बनाई गई एवं महानगर में यात्रा के ऐतिहासिक सफलता हेतु महानगर के सभी पदाधिकारी मंडल अध्यक्षों एवं प्रमुख वरीय कार्यकर्ताओं को विभिन्न कार्यों एवं बैठकों के लिए विभागवार कार्यक्रम के संयोजक सहसंयोजक एवं प्रभारी की घोषणा की गई. इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि हेमंत सरकार के वादा खिलाफी, बांग्लादेशी रोहिंग्यो के घुसपैठ से राज्य की बदलती डेमोग्राफी, एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश द्वारा आहूत परिवर्तन यात्रा के माध्यम से पार्टी आम जनता के बीच जाने का कार्य कर रही है। धनबाद प्रमंडल के अंतर्गत कुल 14 विधानसभा में यह यात्रा निकलेगी। इस यात्रा में 18 रोड से भी होंगे। आगामी 26 सितंबर को यह यात्रा धनबाद में महानगर के बाघमारा, झरिया एवं धनबाद विधानसभा में पूरी भव्यता के साथ होगी।

### तुष्टिकरण की राजनीति कर रही हेमंत सरकार : राज सिन्हा

भारतीय जनता पार्टी की मंडल स्तरीय बैठक हाउसिंग कॉलोनी सामुदायिक भवन में मंडल अध्यक्ष किशोर मंडल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में परिवर्तन यात्रा की सफलता हेतु रणनीति बनाई गई। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति कर रही है, लेकिन आगामी विधानसभा चुनाव में जनता इस सरकार को सत्ता से बाहर करेगी। राज सिन्हा ने कहा कि हेमंत सोरेन राज धर्म नहीं निभा रहे हैं, वे सिर्फ वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने उपस्थित मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र के प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक और बूथ अध्यक्षों से मुस्तैदी से परिवर्तन यात्रा की सफलता हेतु जुट जाने का आह्वान किया। जौनपुर के पूर्व सांसद केपी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका पूरे विश्व में बज रहा है और हमें उनके नेतृत्व में काम करने का गौरव प्राप्त है।

### चाकूबाजी के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**तेतुलमारी।** ईस्ट बसुरिया ओपी पुलिस ने चाकूबाजी की घटना में अभियुक्त कृष्ण कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ओपी प्रभारी रूपेश कुमार दुबे ने बताया कि रेंगुनी क्षेत्र में 14 अगस्त 2024 को हुई चाकूबाजी की घटना में कृष्णा कुमार के खिलाफ कांड संख्या 220/24 में धारा 109, 315 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बुधवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अभियुक्त कृष्णा कुमार अपने घर डी ब्लॉक सेक्टर 4 भूली में देखा गया है। इस सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षी श्रीनिवास उरांव के नेतृत्व में सशस्त्र बल ने छापेमारी की और कृष्णा कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

न्यूज अपडेट ▼

### आतिशी के सीएम बनने पर भास्कर सुमन ने दी बधाई



**धनबाद।** दिल्ली के मुख्यमंत्री बनने पर आतिशी को आप नेता भास्कर सुमन ने बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आतिशी के मुख्यमंत्री बनने की परिस्थितियां आम आदमी पार्टी के लिए भावुक क्षण हैं। भास्कर सुमन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने शराब घोटाले की झूठी कहानी बनाकर अरविंद केजरीवाल और अन्य नेताओं को बदनाम करने की कोशिश की, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय से बेल मिलने के बाद भाजपा की योजना विफल हो गई। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने ईमानदारी से दिल्ली की जनता को सुविधाएं प्रदान कीं। अब केजरीवाल ने सर्वोच्च न्यायालय से बेल मिलने के बाद जनता की अदालत में अग्नि परीक्षा देने का फैसला लिया है।

### रेलवे अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता

**धनबाद।** धनबाद रेलवे स्टेडियम में आयोजित अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता में गुरुवार को इलेक्ट्रिक ओपी और इंजीनियरिंग टीम ने अपने मैच जीतकर अपनी जीत का परचम लहराया। पहले मैच में इलेक्ट्रिक ओपी ने टीआरएस गोमो को ४- से पराजित किया। इलेक्ट्रिक ओपी के राजू मंडल ने हैट्रिक सहित तीन गोल किए, जबकि आलोक राज ने एक गोल किया। टी आर एस गोमो के मनीष, ए के मुर्मू और एस टुडु ने एक-एक गोल किया। दूसरे मैच में इंजीनियरिंग टीम ने कमर्शियल टीम को १-० से पराजित किया। इंजीनियरिंग टीम की ओर से नागेश्वर कुमार ने एकमात्र गोल किया। इन मैचों में निर्णायक की भूमिका सुदन लाल सोरेन, संजय हेंब्रम, जेबियर टुडु और चिंटू हाजरा ने निभाई।

### निगम ने निकाली स्वच्छता जागरुकता रैली



**धनबाद।** धनबाद नगर निगम ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली। रणधीर वर्मा चौक पर निगम के कार्यपालक अभियंता चमक लाल मंडल और सहायक नगर आयुक्त मोटाई बांद्रा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस रैली में स्कूल-कॉलेज के बच्चे और नगर निगम के कर्मी शामिल हुए। रैली रणधीर वर्मा चौक से लेकर बेकार बांध तक निकाली गई। बच्चे स्वच्छता जागरूकता की तख्ती लिए रैली में शामिल हुए। सहायक नगर आयुक्त शिखा कुमारी, सन्नी कुमार, सिटी मिशन मैनेजर सुमित तिग्गा और सिटी मैनेजर विश्वनाथ भगत मौके पर उपस्थित थे।

### सरकार आपके द्वार में 895 आवेदन निष्पादित 646 प्रक्रियाधीन

**धनबाद।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बृहस्पतिवार को 895 आवेदनों का निष्पादन किया गया. वहीं शिविरों में 5961 आवेदन प्राप्त हुए. इसमें फोकस स्कीम के 3351 आवेदनों में 126 तथा बेनेफिशियरी ओरिएंटेड स्कीम के 1351 में 136 आवेदन निष्पादित किए गए. 459 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया. शिविरों में विभिन्न प्रकार की 174 शिकायतों का निवारण ऑन द स्पॉट किया गया. जबकि 646 आवेदन निष्पादन की प्रक्रिया में है. राज्य सरकार की फोकस स्कीम में अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के 146, अबुआ आवास के 2557, सर्वजन पेंशन 352, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 108, जाति प्रमाण पत्र के 84, आवासीय 63 व आय प्रमाण पत्र के 41 आवेदन प्राप्त हुए. इसमें सर्वजन पेंशन के 40, जाति प्रमाण पत्र के 35, आवासीय प्रमाण पत्र के 27 तथा आय प्रमाण पत्र के 24 आवेदनों को निष्पादित किया गया.

## मारवाड़ी विकास ट्रस्ट बनाएगा 100 कमरे का वैवाहिक रिजॉर्ट



संवाददाता। धनबाद

धनबाद। मारवाड़ी विकास ट्रस्ट ने समाज के सभी वर्गों के लिए 100 कमरे का वैवाहिक रिजॉर्ट बनाने की योजना बनाई है. यह रिजॉर्ट धनबाद के राज आंगन परिसर में बनाया जाएगा. ट्रस्ट के 600 ट्रस्टीगणों के प्रयास से इस परियोजना के लिए 144000 स्क्वायर फीट के निर्माण में से 36000 स्क्वायर फीट के रेफट का काम पूरा हो चुका है. उम्मीद है कि अगले दो वर्षों में यह रिजॉर्ट समाज को समर्पित किया जाएगा. ट्रस्ट ने ₹एक कमरा मां या पूर्वजों के नाम₹ स्कीम शुरू की है, जिसमें तीन लाख रुपये की दान राशि देकर अपने पूर्वजों के नाम पर एक कमरा दान किया जा सकता है. यह स्कीम पितृ पक्ष उत्सव के अवसर पर शुरू की गई है और इसकी अंतिम तिथि 2 अक्टूबर है. ट्रस्ट के अध्यक्ष अनील मुकीम ने कहा कि यह रिजॉर्ट समाज के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान होगा और हमें उम्मीद है कि समाज के सदस्य इस परियोजना को समर्थन देंगे. उन्होंने कहा कि यह रिजॉर्ट न केवल समाज के लिए एक सामाजिक स्थल होगा, बल्कि यह शहर के विकास में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. इस अवसर पर ट्रस्ट के सचिव विनोद पसारी, उपाध्यक्ष चेतन गोयंका, उपाध्यक्ष डी एन चौधरी, सहसचिव अनिल गुप्ता, सहसचिव शंकर नारनोली, कोषाध्यक्ष श्याम पसारी, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश केजरीवाल, विजय हाडोदिया, जितेंद्र अग्रवाल, सुरेश पोद्दार, कुलदीप अग्रवाल, बसंत हेलीवाल आदि उपस्थित थे.

### झरिया विधानसभा में जदयू का कार्यकर्ता सम्मेलन

# जनता पूरी तरह बदलाव के मूड में : खीरू महतो

खास बातें

- विभिन्न दलों के 368 नेताओं ने जदयू का थामा दामन



संवाददाता। धनबाद

**धनबाद।** धनबाद जिला जनता दल यू के तत्वावधान में झरिया विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन अनिल टॉकिज भागा में आयोजित किया गया। सम्मेलन में जदयू पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। पार्टी के धनबाद जिलाध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह ने सम्मेलन की अध्यक्षता की। सम्मेलन में विभिन्न दलों के 368 नेताओं ने जदयू का दामन थामा। खीरू महतो ने कहा कि झारखंड सरकार निकम्मी है और जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार झारखंड की तरक्की चाहते हैं। बिहार के एम.एल.सी. सह मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि जदयू झारखंड में चुनाव लड़ेगी और सीटें पार्टी तय करेगी। बिहार के एम.एल.सी. विजय सिंह ने कहा कि झारखंड तथा बिहार एक साथ अलग हुआ और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को बीमारू राज्य से देश का उत्तम राज्य बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी झारखंड में खीरु महतो के नेतृत्व में गठबंधन के तहत चुनाव लड़ेगी।

## आसनसोल

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सीतारामपुर स्टेशन पर स्वच्छता जागरूक अभियान




संवाददाता। बराकर

**बराकर।** पूर्व रेलवे के सीतारामपुर जंक्शन स्टेशन पर प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर स्वच्छता पखवारा मनाया गया। आदिकर्ण फाउंडेशन और सीतारामपुर जंक्शन स्टेशन के मेडिकल विभाग ने संयुक्त रूप से स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में सीतारामपुर आरपीएफ पोस्ट का महत्वपूर्ण सहयोग रहा.सीतारामपुर जंक्शन स्टेशन के मुख्य स्वस्थ्य निरीक्षक कमलेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत मिशन एक मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि सीतारामपुर मेडिकल विभाग लगातार रेलवे कॉलोनी के साथ जगह-जगह पर बने कूड़े दान की साफ-सफाई विशेष रूप से कर रहा है.आदिकर्ण फाउंडेशन के चेयरपर्सन संतोष कुमार वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2014 में स्वच्छता अभियान शुरू किया था, जो अब जनता का एक बड़ा मुहिम बन गया है। उन्होंने कहा कि लोग हर बात में विशेष रूप से स्वच्छता पर ध्यान देते हैं.इस अभियान में सीतारामपुर आरपीएफ पोस्ट के उप निरीक्षक मदन पासवान, सब इंस्पेक्टर रुपाई सरदार, एएसआई डी.के. घोष, हेड कांस्टेबल तपन सरकार, विवेकानंद के साथ काफी संख्या में आरपीएफ जवानों ने भाग लिया।

### आसनसोल ननि चलाएगा स्वच्छता अभियान

**आसनसोल।** आदिकर्ण फाउंडेशन एनजीओ ने आसनसोल नगर निगम के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाने के लिए मेयर को आवेदन पत्र दिया। आसनसोल के कुल्टी रेलवे स्टेशन के समक्ष शुक्रवार सुबह स्वच्छ भारत अभियान चलाया जाएगा, जिसमें नगर निगम के सफ़ाई विभाग और रेलवे की ओर से सीतारामपुर के मुख्य मेडिकल निरीक्षक की टीम उपस्थित रहेगी। आदिकर्ण फाउंडेशन के चेयरपर्सन संतोष कुमार वर्मा ने कहा कि समाज सेवा परम धर्म है और उनका उद्देश्य स्वच्छता को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि आसनसोल नगर निगम के मेयर विधान उपाध्याय ने सहयोग का आश्वासन दिया है। इस अभियान में फाउंडेशन के सांस्कृतिक विभाग के दिलीप गुप्ता, स्वच्छ भारत अभियान के प्रभारी कवि सिंह, काजल दास सहित अन्य उपस्थित थे।

### बैंक ऑफ़ बड़ौदा में हिंदी दिवस समारोह मना

**रानीगंज।** बर्द्धमान क्षेत्रीय कार्यालय, बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष अतिथि एवं वक्ता के रूप में डॉ. विजय कुमार भारती, कुलपति, हिंदी विश्वविद्यालय एवं डॉ. इंद्र देव मिश्रा, प्रभारी हिंदी शिक्षण को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर बैंक के उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री प्रभात कुमार झा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की एवं हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बैंकों के लिए हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में माना एवं लाइन में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए हिंदी तथा अन्य भारतीय बोलियों को सूत्रधार के रूप में माना। मुख्य अतिथि डॉ. विजय कुमार भारती ने हिंदी भाषा को सभी भारतीय भाषाओं की मुखिया के रूप में तरजीह देते हुए कहा कि सभी भाषाओं की जननी संस्कृत है अथवा संस्कृत के शब्दों को समाहित किए बिना हम हिंदी भाषा की कल्पना नहीं कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने सभी को हिंदी जानने और पढ़ने को कहा, क्योंकि हिंदी पूरे राष्ट्र में बोली जाने वाली भाषा है।

# रानीगंज के छात्र ने अंतर्राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता

खास बातें

- इंद्रजीत पाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में भारत का नाम रोशन किया




संवाददाता। रानीगंज

रानीगंज के एक छात्र ने एशिया पैसिफिक योग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। रानीगंज के बड़ा बाजार निवासी जगन्नाथ पाल बाबू के पुत्र इंद्रजीत पाल ने बैंकॉक में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत का नाम रोशन किया है। मंगलपुर एसकेएस पब्लिक स्कूल के क्लास नौवीं के छात्र इंद्रजीत पाल ने विभिन्न देशों के प्रतियोगियों को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। उनके पिता बाबू पाल ने बताया कि पैराडाइज स्पोर्टिंग क्लब से उनके पुत्र ने योग सीखकर कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि उनके पुत्र का लक्ष्य योग के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय शिक्षक बनने का है। इंद्रजीत पाल बचपन से ही सुबह एवं शाम प्रतिदिन योग का अभ्यास करते आ रहे हैं और पढ़ाई में भी वह काफी तेज हैं। उनके पिता ने बताया कि अगले हफ्ते उनका पुत्र बैंकॉक से रानीगंज आ रहा है और रानीगंज आते ही उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने अपने पुत्र के कोच शुभंकर हालदार के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि उनके कोच ने मेरे पुत्र को कामयाब बनाने में काफी मेहनत की है। एसकेएस पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल संदीप सिंहा ने भी अपने विद्यार्थी पर गर्व महसूस किया है और उनके परिजनों को बधाई संदेश दिया है। बाबू पाल अपने पुत्र की उपलब्धि की खुशी से पूरे शहर में मिठाइयां बांट रहे हैं।

### आसनसोल में संपत्ति कर शिविर का आयोजन

**आसनसोल।** आसनसोल नगर निगम और नियामतपुर मर्चेंट चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सहयोग से होल्डिंग/संपत्ति कर शिविर का आयोजन आसनसोल नगर निगम और नियामतपुर मर्चेंट चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने मिलकर नितमतपुर स्थित अग्रसेन भवन में एक दिवसीय होल्डिंग/संपत्ति कर शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में कुल 10,36,362 रुपये का कर संग्रह हुआ। 43 आवेदकों ने भाग लिया और उन्हें दस प्रतिशत की रियायत दी गई। आसनसोल नगर निगम की ओर से अतानु मुखर्जी, कंचन चक्रवर्ती, रबी कर्मकार, देवाशीस राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। नियामतपुर मर्चेंट चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव सचिन बलोदिया ने कहा कि आसनसोल नगर निगम के द्वारा आम नागरिकों के सहयोग के लिए इस प्रकार कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें बराकर और नियामतपुर चेंबर का सहयोग रहा।

## कल होगा आसनसोल क्लब अध्यक्ष पद का चुनाव

### अमरजीत सिंह ने किया मिलन समारोह



संवाददाता। रानीगंज

ब्रिटिश जमाने के प्रतिष्ठित आसनसोल क्लब के मैनेजिंग कमेटी के चुनाव की तारीख 21 सितंबर तय की गई है। मतदान सुबह 11:30 से शाम 5:00 तक होगा और उसी दिन वोटों की गिनती के बाद विजयी प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी। क्लब के 769 सदस्यों में से अध्यक्ष पद के दो प्रत्याशी, सरदार अमरजीत सिंह बरारा और सोमनाथ बिसवाल, अपने समर्थकों के साथ प्रचार में जुटे हैं। सरदार अमरजीत सिंह बरारा ने दी ग्रांड होटल में मिलन समारोह आयोजित किया, जिसमें सैकड़ों क्लब सदस्य उपस्थित रहे और उन्हें शुभकामनाएं दीं। आसनसोल क्लब, जिसकी स्थापना 1919 में हुई थी, बांकुड़ा, बर्दवान, पुरुलिया, बीरभूम जिलों और धनबाद का सबसे प्राचीन और नामी क्लब है।

# पुरुलिया में आनंदमूर्तिजी के योगदान पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

संवाददाता। पुरुलिया



पुरुलिया एसकेबीयू अकादमिक भवन-1 में सिद्धो-कान्हो बिरसा विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग और आनंद मार्ग कॉलेज, आनंदनगर द्वारा संयुक्त रूप से श्री श्री आनंदमूर्तिजी के भारतीय दर्शन और भाषाविज्ञान में योगदान पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. विश्वनाथ दास और श्रीमती पियाली ससमल द्वारा प्रस्तुत सुबह के संगीत के साथ हुई। उद्घाटन भाषण संस्कृत विभाग के समन्वयक डॉ प्रताप चन्द्र राय ने दिया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता के रूप में आनंद मार्ग कॉलेज के केंद्रीय जनसंपर्क सचिव आचार्य दिव्यचेतनानंद अवधूत उपस्थित थे। उन्होंने आनंद मार्ग के दर्शन पर प्रकाश डाला। विशेष रूप से उन्होंने आनंद सूत्र, नवमानववाद और प्रगतिशील उपयोगितावाद के सिद्धांत का उल्लेख किया। सेमिनार का उद्घाटन एसकेबीयू के कुलपति प्रो. धनंजय रक्षित ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने श्री श्री आनंदमूर्तिजी के बहुमुखी दर्शन और मानवता के लिए उनके योगदान पर चर्चा की। एक अर्थशास्त्री के रूप में, उन्होंने श्री पी.आर. सरकार के अनूठे आर्थिक सिद्धांत पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एसकेबीयू के रजिस्ट्रार डॉ. नचिकेता बंधोपाध्याय और एसकेबीयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबल चंद्र डे उपस्थित थे। उन्होंने विज्ञान और दर्शन में श्री श्री आनंदमूर्ति के योगदान पर चर्चा की। संस्कृत विभाग के सहायक प्रोफेसर मधुसूदन दास ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सारस्वत शिक्षा सत्र की चर्चा में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के (संस्कृत विभाग) के प्रोफेसर अनिल प्रताप गिरि और एसकेबीयू (दर्शनशास्त्र विभाग) के प्रोफेसर राजकुमार मदक ने श्री श्री आनंदमूर्तिजी के दर्शन और नैतिक विचारों पर चर्चा की। त्रिपुरा विश्वविद्यालय (दर्शनशास्त्र विभाग) के डॉ सिंधु पौडियाल ने नेह्यूमनिज्म में श्री श्री आनंदमूर्ति के योगदान पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर प्रशांत कुमार महला ने बंगाली भाषा की व्युत्पत्ति संबंधी व्याख्या और बोलियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। आचार्य किशन सूद (आनंद मार्ग महाविद्यालय) ने आनंद मार्ग के जीवन पर प्रकाश डाला। डॉ प्रभा वर्मा (आनन्द नगर) ने प्रभात संगीत पर विचार व्यक्त किए।

### तृणमूल नेता की कार को लॉरी ने मारी टक्कर




**पुरुलिया।** पुरुलिया के हुड़ा थाना क्षेत्र के मधुबन इलाके में एक लापरवाह लॉरी ने तृणमूल कांग्रेस हुड़ा ब्लॉक अध्यक्ष प्रसेनजीत महतो की कार को टक्कर मार दी। इस घटना में प्रसेनजीत महतो और उनके तीन साथी बाल बाल बच गए। लॉरी का ड्राइवर मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। प्रसेनजीत महतो ने बताया कि उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन वे और उनके साथी सुरक्षित हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से रात में तेज गति से चलने वाली लॉरियों पर ध्यान देने का अनुरोध किया। हुड़ा थाने की पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**बैडमिंटन की स्टार : मैंने क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का सपना देखा था**

# मालविका सुपर 1000 क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी। चांगझोऊ (चीन)

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मालविका बंसोड़ ने स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिलमूर पर जीत के बाद अपने पहले बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर चाइना ओपन में भी अपना शानदार लय कायम रखी. एक घंटे से ज्यादा चले कड़े मुकाबले में दुनिया की 43वें नंबर की खिलाड़ी मालविका ने तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में गिलमूर को 21-17, 19-21, 21-16 से हराया. 22 वर्षीय मालविका के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि थी, क्योंकि वह अपने करियर में पहली बार किसी प्रतिष्ठित सुपर 1000 इवेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंची. ओलंपिक डॉट कॉम ने मालविका के हवाले से कहा, यह मेरे जीवन की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है. मैंने क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का सपना देखा था. अब मैं यहां हूं, शीर्ष 8 में हूं. यह एक शानदार एहसास है. एक चुनौतीपूर्ण मैच के बारे में बताते हुए मालविका ने कहा, मैच कांटे की टक्कर का था, खासकर दूसरे और अंतिम गेम में परिस्थिति कठिन थी, लेकिन मुझे खुशी है कि मैं मैच पर पकड़ बनाए रखने में कामयाब रही और मुझे जो समर्थन मिला, उसके लिए मैं आभारी हूं. नागपुर में जन्मी इस खिलाड़ी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने खेल



में लगातार सुधार और कड़ी मेहनत को दिया. खास तौर पर अपनी ताकत और मुश्किल परिस्थितियों में हार न मानना ही उनकी सफलता का राज है. उन्होंने बताया, मैं अपनी ताकत बढ़ाने पर ध्यान दे रही हूं और यह कारगर साबित हो रहा है. इस सर्किट में, खास तौर पर सुपर 500 और 1000 टूर्नामेंट में आपको अक्सर शुरुआत में ही शीर्ष-10 खिलाड़ियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए शारीरिक ताकत अहम है. मालविका का सामना दो बार की विश्व चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त जापान की अकाने यामागुची से होगा. उन्होंने कहा, मैं पहले भी उन्हें हराने के करीब पहुंच चुकी हूं.

**शतरंज ओलंपियाड : महिला टीम जॉर्जिया को हराकर अजेय रही**

# गुकेश की जीत से भारत ने चीन को हराया

एजेंसी। बुडापेस्ट (हंगरी)

विश्व शतरंज चैंपियनशिप फाइनल चैलेंजर डोमराजू गुकेश ने समय के दबाव में शानदार प्रदर्शन किया और यहां 45वें शतरंज ओलंपियाड के ओपन सेक्शन के सातवें दौर में भारत ने तीसरी वरीयता प्राप्त चीन को हराकर एकमात्र जीत दर्ज की. भारत ने महिला वर्ग में भी अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा, जिसमें वैशाली रमेशबाबू और वंतिका अग्रवाल ने काले मोहरों से जीत हासिल कर टीम को जॉर्जिया की मजबूत टीम को 3-1 से हराने में मदद की.

भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने अपना अजेय क्रम बरकरार रखा, जिससे उनके अंकों की संख्या 14 हो गई और वे सात राउंड के बाद स्टैंडिंग में एकमात्र लीडर बने रहे.



ओपन सेक्शन में, उज्बेकिस्तान, ईरान और हंगरी ने अपने-अपने मैच जीतकर फिर से प्रतिस्पर्धा में वापसी की. ईरान ने वियतनाम को हराया, जिसने पिछले राउंड में चीन को 2.5-1.5 से हराया था, हंगरी ने लिथुआनिया को इसी अंतर से हराया जबकि उज्बेकिस्तान ने यूक्रेन को 3-1 से हराया. हालांकि, एक दिन के आराम के बाद जब खेल फिर से शुरू हुआ, तो सभी की निगाहें भारत और चीन के बीच होने वाले मुकाबले पर टिकी थीं. सिंगापुर में होने वाले मेगा मुकाबले से पहले विश्व चैंपियनशिप के फाइनल के दावेदार डिंग लिरेन और गुकेश के बीच मुकाबला देखने की प्रशंसकों की उम्मीदें पूरी नहीं हुईं. चीनी टीम ने इस राउंड में मौजूदा विश्व चैंपियन को आराम दिया और यह एक समझदारी भरा कदम लगा, खासकर तब जब डिंग लिरेन छठे राउंड में वियतनाम के ले क्वांग लिम से हार गए थे. हालांकि उनका सामना विश्व चैंपियन से नहीं हुआ, लेकिन गुकेश फिर भी भारत के लिए स्टार परफॉर्मर रहे क्योंकि उन्होंने पहले बोर्ड पर शीर्ष चीनी ग्रैंडमास्टर वेई यी को हराया. लगभग समान रेटिंग वाले दो खिलाड़ियों के बीच मुकाबले में, गुकेश एक ऐसे खेल में विजेता बनकर उभरे जिसमें शुरुआत में उन्हें थोड़ी बढ़त मिली थी, लेकिन चीनी जीएम ने बहादुरी से वापसी की और बढ़त हासिल की. आर प्रग्नानंदा ने यू यांगी के साथ ड्रॉ खेला.

महिला वर्ग में, भारतीय टीम ने मजबूत जॉर्जिया टीम को हराकर लगातार सातवीं जीत के साथ अपना अपराजित क्रम बरकरार रखा. वैशाली ने काले मोहरों से इंटरनेशनल मास्टर लेला जावाखिशविली को हराया जबकि वंतिका अग्रवाल ने उच्च श्रेणी की बेला खोतेनाश्विली को हराया. पहले बोर्ड पर द्रोणवल्ली हरिका ने नाना दजाग्निडेज़ के साथ ड्रा खेला जबकि तीसरे बोर्ड पर दिव्या देशमुख को नीनो बत्सियाश्विली ने ड्रा कराया. लेकिन वैशाली और वर्तिका की जीत ने सुनिश्चित किया कि भारतीय महिलाओं का अपराजित क्रम बना रहे.

**चेन्नई टेस्ट : अनुभवी अश्विन-जडेजा का कमाल, पहले दिन बांग्लादेश के छक्के छुड़ाए**

# अश्विन ने जड़ा धुआंधार शतक रविंद्र जडेजा भी सेंचुरी के करीब

**चेन्नई टेस्ट का पहला दिन**

लंच के पहले भारत 144/6, खेल खत्म होने तक 339/6

भारत ने 34 रन पर गंवाए तीन विकेट



सेंचुरी की खुशी मनाते अश्विन.

**पहले दिन के स्टार**

**भारत 80 ओवर में 339/6**


| | |
|---|---|
| **भारत** | |
| रविचंद्रन अश्विन | 102 नाबाद |
| रवींद्र जड़ेजा | 86 नाबाद |
| यशस्वी जायसवाल | 56 |
| ऋषभ पंत | 39 |
| **बांग्लादेश** | |
| हसन महमूद | 4-58 |

एजेंसी। चेन्नई

भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज गुरुवार को शुरू हुई. बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शांतो ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग करना तय किया. उनका यह फैसला शुरुआत में रंग लाया और बांग्लादेशी बॉलर्स ने भारत के तीन विकेट 34 रन के भीतर झटक लिए. रोहित शर्मा और विराट कोहली 6-6 रन बनाकर आउट हुए तो शुभमन गिल का खाता भी नहीं खुला. ये तीनों ही विकेट हसन महमूद ने लिए. लेकिन चेन्नई की जिस पिच पर रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल बुरी तरह फेल हो गए, उस पर अश्विन और जडेजा ने बॉलर्स की ऐसी पिटाई की जो बरसों याद रहने वाली है. खासकर बांग्लादेश की टीम और फैंस अपने गेंदबाजों की बुरी गत लंबे समय तक याद रखने वाले हैं. बांग्लादेश ने एक समय भारत के 6 विकेट 144 रन पर झटक लिए थे. तब लग रहा था कि भारत 200 रन तक भी शायद ही पहुंचे. लेकिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा ने 195 रन की पार्टनरशिप कर सारा नजारा बदल दिया. जब दिन का खेल खत्म हुआ तो भारत 6 विकेट पर 339 रन बनाकर मजबूती से डटा हुआ था.

**टेस्ट करियर का छठा शतक लगाया अश्विन ने :** अश्विन ने अपने टेस्ट करियर का छठा शतक लगाया है. इससे पहले उन्होंने भारतीय जमीन पर तीन शतक ठोके थे. उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 108 गेंद में सेंचुरी पूरी की और अपने करियर का सबसे तेज शतक पूरा कर बड़ा मुकाम हासिल किया. तीसरे सेशन में जडेजा और अश्विन की शतकीय साझेदारी ने बांग्लादेश को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया.

पहले दिन के खेल खत्म होने तक अश्विन 10 चौकों और 2 छक्कों की बदौलत 102 के स्कोर पर डटे हुए हैं. भारत की तरफ से अश्विन 100 टेस्ट खेल चुके हैं. बांग्लादेश के खिलाफ अश्विन ने 101वां टेस्ट अपने लिए यादगार बना लिया है. 100वें टेस्ट में उन्होंने अपनी गेंद से कमाल दिखाया था.



शॉट लगाते रविंद्र जडेजा.

**ऋषभ पंत ने भी 36 रन बनाए**

अश्विन से हटकर बात करें तो दूसरी तरफ जडेजा ने बांग्लादेश के जख्म को अपनी तलवार दिखाकर नासूर बना दिया. दिन का खेल खत्म होने तक भारतीय टीम ने 339 रन स्कोरबोर्ड पर लगा दिए हैं. अश्विन-जडेजा के बीच 195 रन की पार्टनरशिप देखने को मिली. बाकी बल्लेबाजों की बात करें तो विराट, रोहित और गिल जैसे स्टार दहाई का आंकड़ा भी नहीं पार कर सके. केएल राहुल भी फ्लॉप नजर आए. पंत ने मिडिल ऑर्डर में ठीक-ठाक 39 रन की पारी खेलकर अपना योगदान दिया.


**एक कैलेंडर ईयर में 3 या उससे अधिक डक होने वाले छठे भारतीय बैटर**

# फिर से डक के शिकार हुए गिल अनचाहे रिकॉर्ड में जुड़ गया नाम

एजेंसी। चेन्नई

भारत और बांग्लादेश के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन टीम इंडिया के टॉप-3 बल्लेबाज पूरी तरह फ्लॉप रहे. रोहित शर्मा और विराट कोहली 6-6 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शुभमन गिल का तो खाता तक नहीं खुला. डक का शिकार होने के साथ ही गिल का नाम एक अनचाही रिकॉर्ड लिस्ट में दर्ज हो गया, जिसमें विराट कोहली भी शामिल हैं. बांग्लादेशी पेसर हसन महमूद ने शुभमन को अपना शिकार बनाया. दरअसल, 8वें ओवर की तीसरी गेंद हसन महमूद ने एक बार फिर गिल को लेग साइड की ओर फेंकी. इससे बल्लेबाज को फ्लिक करने के लिए मजबूर होना पड़ा और इसके चक्कर में ही गेंद बल्ले का किनारा लेते हुए विकेटकीपर लिटन दास के हाथों में चली गई. गिल का इस साल घरेलू मैदान पर यह तीसरा डक था और इसके साथ ही वह कोहली के साथ अनचाहे खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए.गिल एक कैलेंडर ईयर में 3 या उससे अधिक डक होने वाले छठे भारतीय बल्लेबाज बन गए. 1983 में मोहिंदर अमरनाथ 5 डक के साथ इस अनचाहे खिलाड़ियों की सूची में सबसे ऊपर हैं. इस सूची में मंसूर अली खान पटौदी (1969), दिलीप वेंगसरकर (1979) और विनोद कांबली (1994) भी शामिल हैं. कोहली 2021 में घरेलू मैदान पर 3 बार शून्य पर आउट हुए थे और इस लिस्ट से उनका नाम जुड़ा. अब शुभमन गिल का नाम भी इस शर्मनाक रिकॉर्ड लिस्ट में दर्ज हो गया है.

## बांग्लादेश को अब 'अंडरडॉग' टीम नहीं कह सकते : अश्विन



शुभमन गिल

**चेन्नई।** बांग्लादेश की टीम रावलपिंडी में पाकिस्तान पर 2-0 की शानदार जीत के बाद भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में मैदान पर है. इस पर सीनियर भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा किअब कोई भी इन्हें 'अंडरडॉग' नहीं कह सकता. अश्विन ने प्री-मैच चैट में कहा, पता नहीं कि हमारे ड्रेसिंग रूम में इस बात पर कितना ध्यान दिया गया. लेकिन निश्चित रूप से बांग्लादेश ने अपना दमखम दिखाया है. वे एक उभरती हुई टीम हैं. पाकिस्तान के खिलाफ उनकी जीत ऐतिहासिक थी. मैंने उनमें से कुछ क्लिप देखीं. बांग्लादेशी क्रिकेट टीम के लिए यह एक बड़ी सफलता थी, क्योंकि उन्होंने बहुत कुछ झेला है. मैं उन लोगों में से हूं जो अंडरडॉग को खेलते देखना पसंद करते हैं. आप उन्हें अब अंडरडॉग नहीं कह सकते, क्योंकि अब वो शानदार क्रिकेट खेल रहे हैं. पिछली बार जब हम बांग्लादेश में थे, तो उन्होंने हमें चुनौती दी थी. मैं एक अच्छी सीरीज का इंतजार कर रहा हूं. अश्विन को यह भी लगता है कि चेपॉक की लाल मिट्टी की पिच भारत और बांग्लादेश दोनों को खेल के सभी पहलुओं पर परखेगी. उन्होंने कहा, हमने अब तक जितने भी टेस्ट मैच खेले हैं, सिर्फ इंग्लैंड के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच को छोड़कर, आमतौर पर बल्लेबाजों ने खूब रन बनाए हैं. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच 500 प्लस स्कोर जैसा विकेट था. यह हमेशा से ही टेस्ट मैच के लिए अच्छी पिच रही है. ह

**घरेलू मैदान पर एक कैलेंडर ईयर में 3 या उससे ज्यादा डक स्कोर करने वाले भारतीय टॉप-7 बल्लेबाज (टेस्ट)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मोहिंदर अमरनाथ | (1983) | विनोद कांबली | (1994) |
| मंसूर अली खान पटौदी | (1969) | विराट कोहली | (2021) |
| दिलीप वेंगसरकर | (1979) | शुभमन गिल | (2024) |

## बीसीसीआई वाइस प्रेसीडेंट राजीव शुक्ला की मां का निधन

**मुंबई।** बीसीसीआई वाइस प्रेसीडेंट राजीव शुक्ला की मां का निधन हो गया है. राजीव शुक्ला की मां ने 97 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा. बताया जा रहा है कि वह पिछले कुछ समय से गैंग्रीन से बीमार थीं. बहरहाल, आखिरकार उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया. राजीव शुक्ला की मां के निधन की खबर के बाद क्रिकेट जगत ने शोक जताया है. दरअसल, राजीव शुक्ला लंबे वक्त से बीसीसीआई के साथ जुड़े रहे हैं. इस वक्त वह बीसीसीआई उपाध्यक्ष के तौर अपनी सेवाएं दे रहे हैं.

# एमएमए में डेब्यू के लिए तैयार संग्राम सिंह

एजेंसी। त्बिलिसी (जॉर्जिया)

मशहूर पहलवान और राष्ट्रमंडल हैवीवेट कुश्ती चैंपियन संग्राम सिंह यूरोपीय विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली गामा इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप में पाकिस्तान के अली रजा नासिर के खिलाफ अपने एमएमए (मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स) में डेब्यू के लिए तैयार हैं. अपने पहले एमएमए मुकाबले की जरूरतों को पूरा करने के लिए 2-3 किलोग्राम अतिरिक्त वजन बढ़ाने के प्रशिक्षण के बारे में बात करते हुए संग्राम सिंह ने कहा, मेरा मानना है कि हर तैयारी मायने रखती है. मैं इस मुकाबले के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहना चाहता हूं. हालांकि, इस नई चुनौती के साथ



कुछ अलग तरह की भावनाएं भी जुड़ी हैं. मैं इसे एक रोमांचक अवसर के रूप में देखता हूं, जो भगवान ने मुझे दिया है.

एमएमए डेब्यू को लेकर थोड़े बेचैन और परेशान संग्राम ने कहा, मैं इसे एक रोमांचक अवसर के रूप में देखता हूं जो भगवान ने मुझे दिया है. ऐसे अवसर बहुत कम आते हैं और आप केवल यही सोच सकते हैं कि इसे कैसे भुनाया जाए. मेरा पूरा फोकस इसका भरपूर लाभ उठाने पर होगा. मेरा लक्ष्य शानदार प्रदर्शन करना है, चाहे नतीजा कुछ भी हो. संग्राम, जो गामा में मुख्य मुकाबले के लिए चुने जाने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान हैं. पाकिस्तानी पहलवान के खिलाफ 93 किलोग्राम वर्ग एमएमए मुकाबले में अपनी पहली भागीदारी को लेकर काफी उत्साहित हैं. जॉर्जिया में होने वाली चैंपियनशिप में जॉर्जिया, आर्मेनिया, अजरबैजान, पाकिस्तान और यूक्रेन सहित पांच अन्य देश भाग लेंगे.

## हॉकी के धुरंधरों का स्वागत....



हॉकी की एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी जीतकर चीन से भारत लौटी टीम इंडिया, जहां उनका स्वागत हुआ.

**तैयारी पूरी** | **मणिपाल टाइगर्स व कोणार्क सूर्यास ओडिशा के बीच पहला मुकाबला**

# लीजेंड्स लीग क्रिकेट का आगाज कल से, टीमें पहुंचीं

एजेंसी। जोधपुर

लीजेंड्स लीग क्रिकेट बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट की वापसी कर रहा है. 10 महीने के अंतराल के बाद 20 सितंबर को हरभजन सिंह की टीम मणिपाल टाइगर्स व इरफान पठान की टीम कोणार्क सूर्यास ओडिशा के बीच मुकाबले से होगा. बरकतुल्लाह खान स्टेडियम 20 से 26 सितंबर तक कुल छह मैचों की मेजबानी करेगा. मणिपाल टाइगर्स के कप्तान हरभजन सिंह ने कहा कि मणिपाल टाइगर्स की पूरी टीम और लीजेंड्स लीग क्रिकेट की अन्य टीमें



जोधपुर के खचाखच भरे स्टेडियम में खेलने के लिए उत्साहित हैं. लीजेंड्स लीग क्रिकेट के एक और धमाकेदार सीजन का बेसब्री से इंतजार है और मौजूदा चैंपियन के तौर पर मणिपाल टाइगर्स अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने को लेकर उत्साहित है. टीमों की नेट प्रैक्टिस भी शुरू हो चुकी है.

लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सभी खिलाड़ी जोधपुर पहुंच चुके हैं. आज क्रिकेटर स्टुअर्ट बिन्नी, रॉबिन उथप्पा, जॉर्ज वर्कर, इसुरू उड़ाना, सचिन राणा, लेंडल सिमोंस, डेवोन स्मिथ भी जोधपुर पहुंचे हैं. वहीं टीमों की नेट प्रैक्टिस भी शुरू हो चुकी है. गुरुवार की शाम पांच बजे से स्पार्टन एकेडमी में अर्बन हैदराबाद व इंडिया कैपिटल की टीम नेट प्रैक्टिस करेगी. दोनों टीम ने सुबह नेट प्रैक्टिस की और आज शाम को अर्बन हैदराबाद व इंडिया कैपिटल की टीम नेट प्रैक्टिस करेगी. इससे पहले स्पार्टन एकेडमी शिकारगढ में कोणार्क और डीपीएस में इंडिया कैपिटल के खिलाड़ियों ने बुधवार को नेट प्रैक्टिस की.

**यहां ले सकते हैं टिकट**

जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में होने वाले मैचों के लिए टिकट लाइव हो गई है और टिकटों की कीमत 499 रुपए से शुरू हो रही है. प्रशंसकों के एक और रोमांचक क्रिकेट तमाशे के लिए तैयार होने के साथ ही, एलएलसी के बहुप्रतीक्षित सीजन के टिकट जोधपुर में होने वाले मैचों के लिए पेटीएम और पेटीएम इनसाइडर पर और स्टेडियम के गेट 11 बॉक्स ऑफिस पर ऑफलाइन उपलब्ध हैं.

# दुलिप समरवीरा 20 साल के लिए प्रतिबंधित

एजेंसी। नयी दिल्ली

श्रीलंका के पूर्व पुरुष क्रिकेटर दुलिप समरवीरा को एक ईमानदारी जांच के बाद 20 साल के लिए ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में किसी भी पद पर रहने से प्रतिबंधित कर दिया गया है, जहां उन्हें आचार संहिता का गंभीर उल्लंघन करते पाया गया. 1993 से 1995 तक श्रीलंका के लिए सात टेस्ट और पांच वनडे खेलने वाले समरवीरा पर एक महिला खिलाड़ी से संबंधित कथित दुर्व्यवहार का आरोप लगने के बाद जांच चल रही थी. वह शुरू में 2008 में क्रिकेट विक्टोरिया में विशेषज्ञ बल्लेबाजी कोच के रूप में शामिल हुए थे, इससे पहले पिछले साल नवंबर में उन्हें महिला टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया



गया था. आचरण आयोग ने पाया कि समरवीरा ने अनुचित व्यवहार किया जो सीए की आचार संहिता की धारा 2.23 का उल्लंघन करता है. अनुचित आचरण के आरोप तब लगे, जब समरवीरा क्रिकेट विक्टोरिया (सीवी) में कार्यरत थे. सीए इंटीग्रिटी विभाग इंटीग्रिटी कोड और नीतियों के तहत उसके पास लाई गई शिकायतों की जांच करता है जो राज्य और क्षेत्रीय संघों पर भी लागू होती हैं. आचरण आयोग सीए इंटीग्रिटी द्वारा उसे भेजे गए मामलों की सुनवाई करता है. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को एक बयान में कहा, सीए और सीवी सभी खिलाड़ियों और कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और दुर्व्यवहार के शिकार लोगों का कल्याण सर्वोपरि है. हम अनुचित व्यवहार की रिपोर्टिंग को दृढ़ता से प्रोत्साहित करते हैं, जिसे सीधे सीए इंटीग्रिटी यूनिट या कोर इंटीग्रिटी हॉटलाइन के माध्यम से किया जा सकता है.

▼ ब्रीफ खबरें

## मोतिहारी जेल में डीएम-एसपी ने की छापेमारी

**पूर्वी चंपारण ।** मोतिहारी सेंट्रल जेल में डीएम-एसपी के नेतृत्व में गुरुवार को छापेमारी किया गया. इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात होकर जेल के विभिन्न कैदी वार्ड की सघन तलाशी की गई. मिली जानकारी के अनुसार छापेमारी और तलाशी के क्रम में मोतिहारी सेंट्रल जेल में कई आपत्तिजनक सामान बरामद हुई है. जेल के अंदर से कैंची, चाकू, बेल्ट और मोबाइल के साथ ही कई संदिग्ध मोबाइल नंबर मिले हैं.डीएम व एसपी बरामद आपत्तिजनक सामान के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई में जुटे है.

## 24 घंटे से लापता किशोर की कुएं में मिली लाश

**हाजीपुर ।** जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र के रहीमपुर गांव में पिछले 24 घंटे से लापता किशोर का शव गांव के कुएं से बरामद हुआ है. मृतक किशोर की पहचान रहीमपुर गांव निवासी अशोक सिंह के 17 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार अभिषेक पिछले 24 घंटे से लापता था. जब स्थानीय लोगों की नजर कुएं में उपलाते शव पर नजर पड़ी तो गांव में बात आग की तरह फैल गई. आसपास स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई. स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना बिदुपुर थाने की पुलिस को दी गई. मृतक के पिता अशोक सिंह ने बताया कि मेरे पुत्र को ईंट पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी गई है.

## जमीन विवाद में एक युवक की हत्या कर दी

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर में एक युवक की जमीनी विवाद को लेकर हत्या कर दी गई. घटना की सूचना पर चकमहेसी थाने की पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. वहीं मामले की जांच शुरू कर दी है. मृतक युवक की पहचान नामापुर खेड़ी गांव के श्याम राय के पुत्र सोनू कुमार (22) के रूप में की गई है. मृतक के पिता श्याम राय ने बताया कि गांव के ही रामबली राय ने करीब 25 वर्ष पूर्व तीन कट्ठा जमीन रजिस्ट्री को लेकर उनसे पैसा लिया था. जिसके बाद जमीन पर इनका कब्जा था. यह जोत आदि कर रहे थे.



### एनआईए ने मंगायी नोट गिनने वाली मशीन

# पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के आवास से भारी मात्रा में नोट बरामद किया गया

संवाददाता । पटना

पूर्व एमएलसी एवं जदयू नेत्री मनोरमा देवी के गया स्थित घर में चल रही एनआईए की छापेमारी में टीम ने उनके आवास से भारी मात्रा में नोट बरामद किया है. गुरुवार सुबह से एनआईए ने गया में मनोरमा देवी के आवास पर छापेमारी की. करीब 5-6 घंटे की छापेमारी में एनआईए ने पूर्व एमएलसी के आवास से भारी मात्रा में नोट बरामद किया है. एनआईए ने नोटों को गिनने के लिए मशीन भी मंगवाई है. एनआईए की छापामारी के दौरान भारी मात्रा में नोट बरामद हुई है. एसबीआई बैंक से नोट गिनने की मशीन लाई गई है. मनोरमा देवी के गया स्थित रामपुर थाना क्षेत्र के एपी कॉलोनी में एनआइए की टीम ने सुबह करीब 4:30 बजे छापा मारा,जो देर रात तक चली है. छापेमारी को लेकर एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि एनआइए की टीम ने उनसे सहयोग मांगा था. हमारी तरफ से उन्हें पूरा सहयोग किया गया है.

# पूर्णिया रेंज के आईजी शिवदीप लांडे ने दिया पद से इस्तीफा

संवाददाता । पटना

बिहार कैडर के आईपीएस अधिकारी व पूर्णिया रेंज के आईजी शिवदीप लांडे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. इसकी जानकारी उन्होंने गुरुवार को अपने फेसबुक अकाउंट से दी है. हालांकि इस्तीफे के पीछे क्या कुछ वजह है इसके बारे में उन्होंने अभी नहीं बताया है, लेकिन इतना जरूर कहा है कि आगे वह बिहार में रहेंगे और बिहार ही उनकी कर्मभूमि होगी. शिवदीप लांडे ने फेसबुक पर लिखा, मेरे प्रिय बिहार, पिछले 18 वर्षों से सरकारी पद पर अपनी सेवा प्रदान करने के बाद आज मैंने इस पद से इस्तीफा दे दिया है. इन सभी वर्षों में मैंने बिहार को खुद से और अपने परिवार से भी ऊपर माना है. अगर मेरे बतौर सरकारी सेवक के कार्यकाल में कोई त्रुटि हुई हो तो मैं उसके लिए क्षमाप्रार्थी हूं. मैंने आज भारतीय पुलिस सर्विस (आईपीएस) से त्यागपत्र दिया है लेकिन मैं बिहार में ही रहूंगा और आगे भी बिहार मेरी कर्मभूमि रहेगी. जय हिंद. बता दें कि मूल रूप से महाराष्ट्र के रहने वाले शिवदीप लांडे 2006 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं. उन्होंने बिहार के कई जिलों में एसपी के रूप में अपनी सेवा दी है. पटना, पूर्णिया, अररिया, मुंगेर में वह एसपी रह चुके हैं. पटना में जब एसपी थे तो काफी लोकप्रिय हुए थे. ऐसी पहचान बनी कि देखते-देखते लोगों के बीच वह सिंघम के नाम से मशहूर हो गए.

### नवादा : दलित दबंगों ने बुधवार की शाम 80 घरों को जला दिया था

# पुलिस ने आगजनी मामले में 11 लोगों को किया गिरफ्तार

संवाददाता । नवादा

नवादा में महादलित टोला में दलित दबंगों ने बुधवार की शाम को फायरिंग करते हुए लगभग 80 घरों में आगजनी के मामले में पुलिस ने गुरुवार की सुबह तक 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. जिसकी पुष्टि नवादा के एसपी अभिनव धीमन ने की है. डीएम आशुतोष वर्मा का कहना है की घटना के बाद पुलिस पहुंचकर सख्त कार्रवाई की है. दंडाधिकारियों के नेतृत्व में काफी संख्या में पुलिस बल को प्रभावित गांवों में तैनात कर दिया गया है, ताकि किसी अनहोनी की घटना को अंजाम नहीं दिया जा सके. उन्होंने अभी बताया कि इस अग्निकांड के मुख्य आरोपी नंदू पासवान सहित 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है. इस मामले में जो भी दोषी पाए जाएंगे. सभी को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी.



फाइल फोटो

नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर महादलित टोले में निकट के ही प्राणबीघा दलित टोले के नंदू पासवान के नेतृत्व में 100 से भी अधिक बंदूकधारियों ने गांव को घेर कर आग के हवाले कर दिया था. जिलाधिकारी आशुतोष वर्मा ने भी 21 घरों को पूर्ण रूप से जलने की पुष्टि की है. एक दर्जन से अधिक मवेशी की मौत आग में झुलस कर हो चुकी है. जिसके बाद बड़ी संख्या में मौके पर पुलिस कैंप कर रही है. पूरा मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र का है. इस घटना में कई मवेशी भी जलकर मर गई.

**कई मवेशी मरे :** पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि आगजनी में कई मवेशी आदि जलकर मर गईं. घर का सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया है. लोगों के समक्ष खाने-पीने, रहने-सहने की समस्या हो गई है. ग्रामीणों ने बताया कि अचानक हुई घटना के कारण लोग कुछ भी नहीं समझ पाए. अचानक गांव पहुंच कर दनादन गोली चलाना शुरू कर दी. जिसके बाद अफरातफरी मच गई. गोली चलने की आवाज सुनकर लोग सहम उठे. जान बचाने के लिए लोग इधर-उधर भागने लगे. इसी बीच घरों में आग लगा दी गई. इस दौरान वाहनों को भी क्षतिग्रस्त किया गया है.

**एक साल पहले भी हुई थी गोलीबारी :** ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गत साल नवंबर महीने में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया था. तब पुलिस ने मामले में कोई ध्यान नहीं दिया. कोर्ट में प्राथमिकी दर्ज कराई गई. इसके बावजूद पुलिस पूरी तरह निष्क्रिय बनी रही. जिसका नतीजा है कि आज गांव को आग के हवाले कर दिया गया है.

घटना में गोरेलाल, झपसी मांझी, संजय मांझी, नितय मांझी, रामचंद्र मांझी, भोला मांझी, तारा मांझी, ललिता देवी, अवधेश मांझी, मनोज मांझी, डोमा मांझी, डोमा रविदास, गेंदो मांझी, सुरेश मांझी, विजय रविदास, शोभा देवी, सरिता देवी, सुरुप मांझी, नवल मांझी, निलेश मांझी, रंजीत मांझी, साहेब मांझी, रंगुना मांझी, भोला मांझी, धर्मेंद्र मांझी, अनिल मांझी, रामवृक्ष रविदास, सूरज रविदास, किशोरी रविदास, सिया रविदास, राजेंद्र मांझी आदि के घरों को फूंक दिया गया. तकरीबन 80-85 लोगों के घरों में आग लगाने की बात कही जा रही है. घर तथा सामान जलकर राख होने के बाद पीड़ित परिवार खुले आसमान में जीने को मजबूर है. उनके पास खाने को दाने भी नहीं है. गांव में अभी तनाव का माहौल कायम है. भारी संख्या में पुलिस बल तनाव किए गए.

## बागमती नदी में दिखा मगरमच्छ, दहशत में आए ग्रामीण

**मुजफ्फरपुर ।** ताजा मामला जिले के कटरा प्रखंड क्षेत्र का है, जहां के कटरा बकुची के मध्य पीपा पुल के नीचे एक बड़ा मगरमच्छ देखा गया है. जिसका वीडियो ग्रामीण ने बना डाला. हालांकि ग्रामीणों के मुताबिक ये नई बात नहीं है, क्योंकि बागमती नदी के तेज धार में इसके पूर्व में भी कई बार मगरमच्छ को देखा गया, लेकिन जो स्थानीय लोग है, जो रोजमर्रा की जिंदगी में अपने मवेशियों के लिए चारा और अन्य आवाजाही के लिए आते जाते हैं. उनके के लिए दहशत का माहौल बना हुआ है. बता दें कि पीपा पुल के महज एक फुट नीचे नदी बह रही है और इसके कारण इसके हमले किए जाने की आशंका और खौफ बना हुआ है. लोगों ने बताया कि ग्रामीणों से इसको लेकर अपील की गई है कि सब अलर्ट पर रहे. विशेष रूप में स्कूल जाने वाले बच्चों का ध्यान रखे.



# छपरा के रिहायशी इलाकों में घुसा बाढ़ का पानी, परेशानी

**छपरा ।** जिले से गुजरने वाली नदियों के जलस्तर में वृद्धि होने से छपरा शहर सहित सारण जिले के अधिकांश हिस्सों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है. नदियों में बढ़े हुए जलस्तर के कारण छपरा शहर के कई रिहायशी इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया है. वहीं मांझी सीमा से सटे यूपी के चांद दियरा पुलिस चैक पोस्ट के निकट यूपी एवं बिहार को जोड़ने वाले एनएच 31 के ध्वस्त हो जाने के कारण सारण का यूपी से सड़क संपर्क टूट गया है. साथ ही लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जन्मस्थली सिताब दियारा गांव का भी सारण जिला मुख्यालय से संपर्क भंग हो गया है. नदियों में बढ़े हुए जलस्तर के कारण छपरा शहर के सलेमपुर, मौना चौक, जजेज कॉलोनी, नगर पालिका चौक सहित कई रिहायशी इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया है. छपरा शहर में बढ़ते बाढ़ के ख़तरे को देखते हुए छपरा नगर निगम हर सम्भव प्रयास कर रहा है.

# मालगाड़ी के चार डिब्बे हुए बेपटरी, मचा हड़कंप

संवाददाता । मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर में बड़ा रेल हादसा हुआ है. भिलाई से आ रही मालगाड़ी के 4 डिब्बे पटरी से उतर गए. इस घटना की जानकारी के बाद मौके पर हड़कंप मच गया. घटना मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर मुख्य रेल लाइन के नारायणपुर रेलवे स्टेशन के पास हुई है. घटना के बाद मौके पर डीआरएम सोनपुर और रेल के कई अन्य अधिकारी पहुंचे और हालात की जानकारी ली. इस दौरान में दोनों रूट अप और डाउन की दर्जनों ट्रेन प्रभावित हुई है. मामले में पूर्व मध्य रेलवे सोनपुर के डीआरएम विवेक भूषण सूद ने बताया मध्य प्रदेश के भिलाई से रेलवे के सामान को लेकर एक मालगाड़ी आ रही थी. नारायणपुर स्टेशन के कुछ आगे मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतर गए हैं जिसके कारण दोनों ही रूटों की ट्रेनें प्रभावित हुई हैं. मौके पर रेलवे की टेक्निकल टीम और रेलवे के सैकड़ों कर्मी को युद्धस्तर पर काम करने के लिए कहा गया है. मामले की जांच की जा रही है. अब तक की जानकारी में कोई बड़ी गड़बड़ी के संकेत नहीं मिले हैं. वहीं, आगे डीआरएम ने बताया कि अभी दो घंटे से अधिक समय से ट्रेन के दोनों रूट प्रभावित हुए हैं. रूट डायवर्ट किया जा रहा है.

## कारोबार

### खाद्य एवं प्रसंस्करण क्षेत्र किसानों को सशक्त बनाने में निभा रहा अहम भूमिका

# स्टार्टअप के साथ मिलकर फूड प्रोसेसिंग को बेहतर बनाने की हो रही कोशिश : चिराग

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने गुरुवार को राजधानी नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' के तीसरे संस्करण के उद्घाटन किया. इस अवसर पर अपने संबोधन में पासवान ने कहा, ''वर्ल्ड फूड इंडिया 2024'' मेगा फूड इवेंट के माध्यम से हम कोशिश कर रहे हैं कि न सिर्फ राष्ट्रीय, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और स्टार्टअप के साथ मिलकर हम फूड प्रोसेसिंग को बेहतर बना सकें.

केंद्रीय मंत्री चिराग ने कहा, 2017 में जब हमने पहला वर्ल्ड फूड इंडिया का आयोजन किया था, तब हमारा उद्देश्य प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को ग्लोबली प्रमोट करना था. इस सोच के साथ हमने 2017 में इसकी शुरुआत की. लेकिन आज जब हम इसका तीसरा एडिशन लेकर आए हैं, हमारा लक्ष्य है कि प्रोसेसिंग इंडस्ट्री से जुड़े सभी साथियों को आसान व्यापार अवसर मिले और हम उनके साथ



सहयोग कर सकें. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री ने कहा कि खाद्य एवं प्रसंस्करण क्षेत्र किसानों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन में इस क्षेत्र का बहुत बड़ा योगदान है. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग क्षेत्र को वैश्विक मंच पर ले जाने के उद्देश्य से वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 के तीसरे संस्करण का आयोजन किया गया है.

वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 के उद्घाटन पर केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि खाद्य एवं प्रसंस्करण क्षेत्र की क्षमता को पहचानना एक सराहनीय पहल है. जोशी ने प्रसंस्करण उत्पाद की गुणवत्ता और ब्रांडिंग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में देश खाद्य एवं प्रसंस्करण क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा. नई दिल्ली में आयोजित चार दिवसीय ये मेगा फूड इवेंट 19 से 22 सितंबर तक चलेगा. इस कार्यक्रम में केंद्रीय रेल राज्य और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी मौजूद थे.

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने भारत मंडपम में मेगा फूड इवेंट वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 का आयोजन किया है. ये कार्यक्रम राजधानी नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम हो रहा है, जो 70 हजार वर्ग मीटर के विशाल क्षेत्र में फैला है. इस वैश्विक आयोजन में 90 से अधिक देश, 26 भारतीय राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश और 18 केंद्रीय मंत्रालय तथा और संबद्ध सरकारी निकाय भाग ले रहे हैं. जापान इस इवेंट का भागीदार देश है, जबकि वियतनाम और ईरान फोकस देशों के रूप में भाग ले रहे हैं. कार्यक्रम के दौरान विषयगत चर्चाओं, राज्य और देश-विशिष्ट सम्मेलनों सहित 40 ज्ञान सत्र आयोजित किए जाएंगे. इसके अलावा वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 को व्यापक बनाने के लिए स्वाद सूत्र नामक एक पाक प्रतियोगिता शुरू की गई है, जिसमें पूरे भारत के क्षेत्रीय व्यंजन पेश किए जाएंगे.

## 2024 में टैक्स रिफंड 2 लाख करोड़ के पार

**नयी दिल्ली।** देश की मजबूत अर्थव्यवस्था का असर देश के प्रत्यक्ष कर संग्रह पर भी देखने को मिल रहा है. इसमें वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत से अब तक पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 16 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त देखने को मिली है. सरकार की ओर से जारी किए गए डेटा के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में (1 अप्रैल से 17 सितंबर) तक देश का प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.12 प्रतिशत बढ़कर 9.95 लाख करोड़ रुपये हो गया है. इस दौरान टैक्स रिफंड में भी उछाल देखने को मिला है और यह पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 56.49 प्रतिशत बढ़कर 2.05 लाख करोड़ रुपये हो गया है. 1 अप्रैल से 17 सितंबर के बीच शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह में भी बड़ा उछाल देखने को मिला है. यह सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 5.15 लाख करोड़ रुपये हो गया है. इस दौरान कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन 10.55 प्रतिशत बढ़कर 4.52 लाख करोड़ रुपये हो गया है. सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) का संग्रह बढ़कर 26,154 करोड़ रुपये हो गया है. अग्रिम कर संग्रह सालाना आधार पर 22.61 प्रतिशत बढ़कर 4.36 लाख करोड़ रुपये हो गया है. अग्रिम व्यक्तिगत आय संग्रह में 39.22 प्रतिशत का इजाफा हुआ है.

## शेयर बाजार

### ऑलटाइम हाई छूने के बाद शेयर बाजार में लौटी मुनाफावसूली

# मिड-स्मॉल कैप स्टॉक्स में गिरावट ने बिगाड़ा बाजार

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार के लिए गुरुवार को कारोबारी सत्र शानदार रहा. बीएसई सेंसेक्स 83,773 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 25,611.95 अंकों के लाइफटाइम हाई पर जा पहुंचा. हालांकि ऊपरी लेवल से बाजार आईटी स्टॉक्स और मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक्स में मुनाफावसूली के चलते नीचे आ गया. कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 236.57 अंकों के उछाल के साथ 83,184.30 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 38.25 अंकों के उछाल के साथ 25,415.80 अंकों पर क्लोज हुआ है. शेयर बाजार भले ही तेजी के साथ बंद हुआ हो लेकिन



मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक्स में गिरावट के चलते निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है. बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 465.69 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ है जो पिछले सत्र में 467.72 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ था. यानि गुरुवार के सत्र में निवेशकों को 2.03 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है.

गुरुवार के कारोबार में बैंकिंग, ऑटो, एफएमसीजी, रियल एस्टेट, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स जैसे सेक्टर्स के शेयर तेजी के साथ बंद हुए. जबकि आईटी, फार्मा, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस, एनर्जी और मीडिया स्टॉक्स गिरकर बंद हुए. निफ्टी का मिड-कैप इंडेक्स दिन के हाई से 1850 अंक नीचे जा लुढ़का था जबकि स्मॉल-कैप इंडेक्स 680 अंक तक नीचे जा फिसला था. हालांकि निचले लेवल से दोनों ही इंडेक्स में रिकवरी लौटी. और मिड-कैप इंडेक्स 400 और स्मॉल-कैप इंडेक्स 245 अंक गिरकर बंद हुआ है.

### चढ़ने-गिरने वाले शेयर्स

गुरुवार के ट्रेड में बीएसई पर 4075 शेयर्स ट्रेड हुए जिसमें 1249 शेयर तेजी के साथ जबकि 2732 शेयर गिरकर बंद हुए. यानि चढ़ने वाले शेयरों से दोगुने स्टॉक्स गिरकर बंद हुए. बीएसई सेंसेक्स के 30 शेयरों में 19 शेयर तेजी के साथ और 11 गिरकर बंद हुए. जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 27 शेयर तेजी के साथ और 23 गिरकर बंद हुए. चढ़ने वाले शेयरों में एनटीपीसी 2.45 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 1.82 फीसदी, टाइटन 1.56 फीसदी, नेस्ले 1.51 फीसदी, एचयूएल 1.21 फीसदी, मारुति सुजुकी 0.99 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 0.81 फीसदी, एशियन पेंट्स 0.81 फीसदी, भारती एयरटेल 0.75 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है. जबकि अडानी पोर्ट्स 1.30 फीसदी, एल एंड टी 1.26 फीसदी, टीसीएस 1.14 फीसदी, जेएसडब्ल्यु स्टील 0.91 फीसदी, एचसीएल टेक 0.86 फीसदी, टाटा स्टील 0.66 फीसदी, टेक महिंद्रा 0.64 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है.

## पेज एक का शेष

### रांची पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी...

**आइसीएआर के कार्यक्रम में ये करेंगे शिरकत :** कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल होंगे.

**तीन पुस्तकों का होगा लोकार्पण :** मुख्य कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति, डॉ. हिमांशु पाठक संस्थान के शताब्दी स्मारक के रूप में माय स्टाम्प के साथ लाक्षा 2024, विज़न 2047, 100 वर्षों की उत्कृष्टता नामक तीन पुस्तकों का लोकार्पण करेंगी. इस अवसर पर मुख्य पोस्टमास्टर जनरल झारखंड विधान चंद्र रॉय, उपमहानिदेशक (कृषि अभियांत्रिकी) एवं सहायक महानिदेशक (प्रक्षेत्र अभियांत्रिकी) भी उपस्थित रहेंगे.

### देखते हैं किसमें कितना दम

**इनसे पुछिए- अडानी की बिजली कहां जाती है :** हेमंत सोरेन ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि अगर आप बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हो, तो अडानी पावर प्लांट की बिजली किस देश को जाती है, पहले ये बताओ. ये लोग ऐसे लोग हैं कि आपके परिवार में, आपके समाज में बिखराव ला देंगे. ये लोग इंसान तो छोड़िए, भगवान को भी नहीं छोड़ते हैं.

**पहले 19 साल का हिसाब दो :** मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि मुझसे हिसाब मांग जाता है. पहले अपने 19 साल के शासन का हिसाब दो. नौकरी को लेकर ये लोग तरह तरह के आरोप लगाते हैं, तो पूछिए इनसे कि 19 साल तक इन लोगों ने क्या किया.

### जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान का एजेंडा...

**पहले अपना मुल्क संभाले पाकिस्तानः उमर अब्दुल्ला :** उधर, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने आर्टिकल 370 पर पाकिस्तान की टिप्पणी को लेकर कड़ी फटकार लगाई है. उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर भारत का आंतरिक मामला है. पाकिस्तान को हमारे चुनाव पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए. पहले पाकिस्तान अपने मुल्क को संभाले. उमर अब्दुल्ला ने कहा, पाकिस्तान को जम्मू कश्मीर चुनाव पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए. हमें पाकिस्तान से कोई लेना देना नहीं है. हम पाकिस्तान में नहीं रहते हैं. इस बीच, कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान को अपनी तरह से परिभाषित किया है.

### बिगरी बात बनै नहीं...

अपनी बात कहने के लिए उन्होंने हॉल में मौजूद एक सिख को खड़ा भी करा दिया. इस पर भयंकर प्रतिक्रिया हुई. आक्रामक प्रदर्शन हुए. अमेरिका में बैठे खालिस्तानी नेता पन्नू ने नहले पर दहला दावा दिया. उसने राहुल के बयान को सही ठहराते हुए खालिस्तान की अपनी मांग का बचाव कर लिया. राहुल ने अपने बयान के पक्ष में कोई नजीर पेश की होती, तब भी कोई सफाई का आधार होता. लेकिन वह खालिस्तानियों के हाथ में खेल गये. विदेश में बैठे ये खालिस्तानी गांधी-नेहरू की प्रतिमाएं तोड़ते हैं, भारतीय दूतावासों पर हमले बोलते हैं, हमारे तिरंगे को पैरों से रौंदते हैं. इसी पन्नू की हत्या की कथित साजिश में अमेरिका ने एक भारतीय को जेल में डाल दिया है और राहुल गांधी भी खालिस्तानियों की भाषा बोल रहे हैं. यहां राहुल गांधी बुरी तरह फंस गये. पता नहीं, वह भूल कैसे गये कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने भिंडरावाले को आगे बढ़ाकर कितना बड़ा धतकर्म किया था. उन्हें स्वर्ण मंदिर पर गोलियां चलवानी पड़ीं, उसकी प्रतिक्रिया में अपनी जान गंवानी पड़ी और फिर देश में खासतौर से दिल्ली में सिखों के संहार जैसा पाप हुआ. राहुल ने जिस सिख को इंगित किया था उसका नाम मलविंदर सिंह है. वह एक पत्रकार है भारत से कुछ वर्ष पहले ही अमेरिका गया है. उसने सोशल मीडिया पर खुद बताया है कि वह राहुल गांधी के आरोपों का प्रतिकार करना चाहता था और बताना चाहता था कि उनके आरोप झूठे हैं, लेकिन उसे प्रश्न करने का मौका ही नहीं मिला. इस दौरे में एक और घटना हुई. वह थी भारत विरोधी अमेरिकी सांसद इल्हान उमर से राहुल की मुलाकात. हालांकि वह मुलाकात अकेल में नहीं हुई थी. करीब एक दर्जन लोगों में इल्हान भी शामिल थीं. वहां क्या बात हुई, किसने क्या कहा, इसकी कोई ब्रीफिंग जारी नहीं हुई. लेकिन कश्मीर में चुनाव के वक्त कश्मीर को भारत का अंग न माननेवाले किसी अमेरिकी सांसद से राहुल मिलेंगे तो सवाल उठेगा ही. कहा जा सकता है कि अगर समूह में कोई भारत विरोधी आ ही गया तो क्या किया जाय ? लेकिन क्या राहुल को पता नहीं था या उन्हें बताया नहीं गया था कि इल्हान ने अमेरिकी संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण का बहिष्कार किया था ? राहुल भले ही निजी हैसियत में अमेरिका यात्रा पर गये थे, लेकिन वह हैं नेता प्रतिपक्ष जिसे कांग्रेसी बार-बार छाया प्रधानमंत्री कहते हैं. नरेंद्र मोदी निजी हैसियत से भी कहीं जायेंगे तो वह रहेंगे प्रधानमंत्री ही. उनसे भी कुछ अपेक्षाएं देश को हैं और राहुल गांधी से भी. लेकिन राहुल को शायद इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है. इस समय भारत प्रगति की राह पर है. इससे कुछ भीतरी और बाहरी ताकतें हैरान-परेशान हैं. ये ताकते विविधवर्णी हैं, बहुधंधी भी हैं. उन्हें विदेशी फंडिंग होती है और ऐसा लगता है कि उनमें से कुछ राहुल कैंप में घुस गई हैं. भारत के टूट जाने, बिखर जाने की कामनाएं आजादी के समय से ही की जा रही हैं. दुनियावालों को लग रहा था कि विभिन्न बोलियों, भाषाओं, संस्कृतियों और मान्यताओं वाला भारत बहुत दिनों तक एक नहीं रह पायेगा. लेकिन हम एक हैं, मजबूत हैं, तने हुए हैं और दुनिया से प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में हैं. ऐसे में हमारे प्रतिनिधियों, नेताओं और उच्च पदों पर आसीन लोगों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी वाणी और आचरण में संयम बरतें. वे इस बाबत सतर्क भी रहें कि देश विरोधी ताकतें कहीं उनका इस्तेमाल तो नहीं कर रही हैं. रहीम ने लिखा है-बिगरी बात बनै नहीं लाख करो किन कोय, रहिमन फाटे दूध को मथे न माखन होय. राहुल ने इस बार अमेरिका दौरे पर जो कुछ कहा है, किया है, वह निहायत गैरजिम्मेदाराना है. क्या विदेश में देश की साख और प्रगति के पक्ष में सकारात्मक टिपण्णियां करना सिर्फ सरकार के प्रतिनिधियों का ही दायित्व है या विपक्ष के नेताओं का भी ?

### डीवीसी जिम्मेदार, अब

इसमें बड़ी साजिश है. दावा किया कि डीवीसी ने इस साल 5.5 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा है, जिससे संकट बढ़ा है. मैं प्रशासन को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दूंगी कि सभी बाढ़ग्रस्त लोगों को पर्याप्त राहत सामग्री मिले. ममता ने कहा, बंगाल झारखंड बॉर्डर तीन दिन बंद रहेगा. डीवीसी से सभी संबंध तोड़ने की भी धमकी दी. ममता ने कहा, झारखंड सीमा के पास सड़कें जलमग्न हैं, इसलिए मैं नहीं चाहती कि झारखंड से आने वाले वाहन बाढ़ के पानी में डूब जाएं. इसलिए झारखंड सीमा तीन दिन बंद करने की घोषणा कर रही हूं. डीवीसी द्वारा पानी छोड़े जाने पर केंद्र ने हमारी बात नहीं सुनी. डीवीसी केंद्र के अधीन है और डीवीसी द्वारा छोड़ा गया पानी बंगाल में बाढ़ के लिए जिम्मेदार है. इसलिए मैंने डीवीसी से सभी संबंध तोड़ने का फैसला किया है.

## न्यूज अपडेट

### बीरभूम में सांसद-डीएम की नाव पलटी

**बीरभूम।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने पहुंचे टीएमसी सांसद और जिलाधिकारी की नाव पलट गई. नाव में सवार किसी भी शख्स ने लाइफ जैकेट नहीं पहना था. स्थानीय लोग हादसा स्थल पर पहुंचे और पीड़ितों को बचाने में जुट गए. सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. नाव में लाबपुर के टीएमसी विधायक अभिजीत सिंह, बोलपुर के सांसद असित मल और राज्यसभा सांसद समीरुल इस्लाम, बीरभूम के जिला मजिस्ट्रेट बिधान रॉय व उनके सुरक्षा गार्ड मौजूद थे.

### हिमेश रेशमिया के पिता विपिन का निधन

**नयी दिल्ली।** संगीतकार हिमेश रेशमिया के पिता मशहूर संगीत निर्देशक विपिन रेशमिया का 87 साल की उम्र में निधन हो गया है. मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली. विपिन रेशमिया सांस लेने में तकलीफ और उम्र संबंधित समस्याओं से जूझ रहे थे. 18 सितंबर की रात अस्पताल में भर्ती कराए गए और देर रात निधन हो गया. उनका अंतिम संस्कार मुंबई में किया गया. विपिन ने संगीत निर्देशन में आने से पहले एक टेलीविजन धारावाहिक निर्माता के रूप में अपनी पहचान बनाई.

### एक्टर ने ठगी का दर्ज कराया मामला

**मुंबई।** अभिनेता दीपक तिजोरी ने फिल्म प्रोड्यूसर विक्रम खाखर के खिलाफ ठगी का मामला अंबोली पुलिस स्टेशन में दर्ज कराया है. अभिनेता ने बताया कि उनकी 2019 में विक्रम खाखर से मुलाकात हुई थी. उन्होंने खाखर के सामने फिल्म बनाने की इच्छा जाहिर की थी. अभिनेता ने खाखर को 3 मार्च 2020 को फिल्म की शूटिंग में आने वाले खर्च के लिए 1 करोड़ 74 लाख रुपए भी दे दिए. लेकिन विभिन्न कारणों से वह फिल्म की शूटिंग को लेकर लगातार टालमटोल करते रहे. इसके बाद शक खाखर पर गहराया.

### चीन के रेल यात्रियों की संख्या 3 अरब

**बीजिंग।** चाइना रेलवे से मिले ताजा आंकड़ों के अनुसार इस जनवरी से अगस्त तक चीन के रेलवे के कुल यात्रियों की संख्या करीब 3 अरब दर्ज हुई, जो पिछले साल की समान अवधि से 14.5 प्रतिशत बढ़ी और एक नया ऐतिहासिक रिकॉर्ड है. देशभर में रेलवे परिवहन सुरक्षित और सुचारू रहा. इस साल के पहले 8 महीनों में एक दिन औसत 10,730 यात्री ट्रेनों की व्यवस्था की गई, जो पिछले साल की समान अवधि से 10.5 प्रतिशत बढ़ी. चाइना रेलवे ने सीमा पार रेल परिवहन के प्रबंधन को मजबूत किया.

### अफगानिस्तान ने चीन को दी सलाह

**बीजिंग।** यूएन सुरक्षा परिषद की अफगानिस्तान पर एक खुली बैठक में चीनी स्थायी प्रतिनिधि फू छोंग ने कहा कि चीन अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार से अंतरराष्ट्रीय समुदाय की उचित चिंताओं पर ध्यान देने और महिलाओं और लड़कियों के बुनियादी अधिकारों की प्रभावी ढंग से रक्षा के लिए उपाय करने का आह्वान करता है. फू छोंग ने कहा कि अफगानिस्तान को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है. हाल ही में 'नैतिकता कानून' ने अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है.

### चीन ने दो नेविगेशन उपग्रह लॉन्च किये

**बीजिंग।** चीन ने शिछांग उपग्रह लॉन्च केंद्र से रॉकेट छांग चेंग नम्बर तीन-दो और युआनजेंग नंबर 1 ऊपरी चरण से 59वें और 60वें पेईतो नेविगेशन उपग्रहों को सफलता से लॉन्च किया. उपग्रहों का यह समूह मीडियम अर्थ ऑर्बिट उपग्रह हैं. वे चीन के पेईतो-3 वैश्विक उपग्रह नेविगेशन प्रणाली के पूरा और चालू होने के बाद लॉन्च किए गए मीडियम अर्थ ऑर्बिट (एमईओ) उपग्रहों का दूसरा समूह हैं. कक्षा में प्रवेश करने और कक्षा पर परीक्षण पूरा करने के बाद, इसे पेईतो उपग्रह नेविगेशन प्रणाली से जोड़ा जाएगा.

### खाद्य पदार्थों के आयात पर बैन बढ़ाया

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों से कृषि उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध दो वर्षों के लिए बढ़ा दिया है. शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह प्रतिबंध 1 जनवरी, 2025 से 31 दिसंबर, 2026 तक चलेगा. यह पहली बार है जब इसे एक वर्ष से अधिक समय के लिए बढ़ाया गया है. रूस-यूक्रेन संघर्ष पर पश्चिमी प्रतिबंधों के जवाब में अगस्त 2014 में मूल रूप से लागू किया गया यह प्रतिबंध अमेरिका, यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया, नॉर्वे और कनाडा के उत्पादों को प्रभावित करता है.

### हांगकांग में पर्यटन 43.7 प्रतिशत बढ़ा

**बीजिंग।** हांगकांग पर्यटन बोर्ड के मुताबिक हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र में पर्यटन फल-फूल रहा है. इस साल अगस्त में, लगभग 45 लाख पर्यटकों ने हांगकांग का दौरा किया, जो पिछले साल की तुलना में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि है. इतना ही नहीं, इस साल जनवरी और अगस्त के बीच, लगभग 2.95 करोड़ पर्यटक हांगकांग आए, जो साल-दर-साल 43.7 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्शाता है. अगस्त में लगभग 36.6 लाख आगंतुक मुख्य भूमि चीन से आए.

### गाजा में स्कूल पर हमले में 8 की मौत

**गाजा।** गाजा शहर के पूर्व में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर इजरायली हमले में कम से कम आठ फिलिस्तीनी मारे गए. शिन्हुआ ने फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि इजरायली विमानों ने बुधवार को शुजाय्या इलाके में विस्थापित लोगों के आश्रय स्थल 'इब्न अल-हैथम' स्कूल पर बमबारी की. गाजा सिविल डिफेंस ने प्रेस बयान में कहा कि हमारी टीमों ने इजरायली हवाई हमले के परिणामस्वरूप आठ पीड़ितों के शव बरामद किए हैं, जिनमें पांच बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं.

**बेरूत** सिलसिलेवार धमाकों से दहला, चारों ओर उथल-पुथल, अब तक 32 की मौत, सैकड़ों घायल अस्पताल में भर्ती

# अब वॉकी टॉकी व सोलर सिस्टम धमाकों से धुआं-धुआं हुआ लेबनान

**एजेंसी। बेरूत/यरूशलम/संयुक्त राष्ट्र**



लेबनान में पिछले तीन दिन से अलग-अलग तरह के विस्फोट जारी हैं. इनके चलते पूरे देश में उथल पुथल मच गई है. पहले लेबनान में पेजर विस्फोट हुए, इसके अगले दिन अलग-अलग शहरों में वॉकी-टॉकी ब्लास्ट हुए. इन हमलों में 32 लोगों की मौत हुई है, जबकि हजारों लोग जख्मी हुए हैं. अब लेबनान की राजधानी बेरूत में कई होम सोलर सिस्टम में विस्फोट की खबर आ रही है.

समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, राजधानी में लगातार हो रहे विस्फोटों के चलते आसमान में धुएं की चादर छा गई, इसने लोगों की टेंशन को बढ़ा दिया है. इस बीच, इजरायली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट का कहना है कि यहूदी राष्ट्र ने हिजबुल्लाह के साथ संघर्ष के "नए चरण" में प्रवेश किया है. वहीं संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस उन रिपोर्टों से बहुत चिंतित हैं, जिनमें कहा गया है कि मंगलवार और बुधवार को लेबनान और सीरिया में बड़ी संख्या में संचार उपकरणों में विस्फोट हुआ. लेबनान के के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि बुधवार को हुए सिलसिलेवार धमाकों में अभी तक 20 लोग मारे गए हैं और 450 लोग घायल हुए हैं. ये सिलसिलेवार धमाके वॉकी-टॉकी में हुए. वॉकी-टॉकी एक ऐसी वायरलेस मशीन है जिसका इस्तेमाल बातचीत करने के लिए होता है. 17 सितंबर को भी लेबनान में कई जगहों पर पेजर्स फटे थे. इन धमाकों के कारण एक बच्चे समेत 12 लोगों की मौत हो गई थी. जिन वॉकी-टॉकी उपकरणों में धमाके हुए, उनका इस्तेमाल हिज़्बुल्लाह कर रहा था. ये धमाके लेबनान की राजधानी बेरूत, बेका घाटी और दक्षिणी लेबनान में हुए हैं. इन धमाकों के लिए भी हिज़्बुल्लाह ने इसराइल को ही ज़िम्मेदार ठहराया है. हालांकि अभी तक इसराइल ने लेबनान में हुए दोनों ही धमाकों पर अपनी कोई भी प्रतिक्रिया ज़हिर नहीं की है. गुरुवार को हिज़्बुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह अपने लड़ाकों को संबोधित करेंगे. इसके बाद हिज़्बुल्लाह के आगे की योजनाओं का अंदाज़ा लग सकता है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई वीडियो शेयर किए जा रहे हैं. इनमें घरों में लगे सोलर सिस्टम में विस्फोट की बात कही जा रही है. पेजर और वॉकी टॉकी में हुए धमाकों से हुए नुकसान के बाद अब सोलर सिस्टम में ब्लास्ट की खबरों ने लोगों की नींद उड़ा कर रख दी है.

### हिज्बुल्लाह से संघर्ष के 'नए चरण' का आगाज : इजरायल

**यरूशलम।** इजरायली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट का कहना है कि यहूदी राष्ट्र ने हिजबुल्लाह के साथ संघर्ष के "नए चरण" में प्रवेश किया है. यह बयान ऐसे समय में आया है जब लेबनान में दो दिनों तक संचार उपकरणों में हुए विस्फोटों में 32 लोगों की मौत हो गई है जबकि सैकड़ों लोग घायल हुए हैं. इजरायल ने इन घटनाओं की जिम्मेदारी नहीं ली है. समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, गैलेंट ने बुधवार को कहा कि इजरायल "संसाधनों, ऊर्जा और फोर्स का पुनर्वितरण करके उत्तर की ओर बढ़ रहा है." उत्तरी इजरायल में एक सैन्य एयरबेस पर गैलेंट ने कहा कि हम युद्ध के एक नए चरण की ओर बढ़ रहे हैं – इसके लिए साहस, दृढ़ संकल्प और मजबूती की जरूरत है. उन्होंने कहा कि लक्ष्य उत्तर के लोगों को सुरक्षित रूप से उनके घरों में वापस लाना है. इससे एक दिन पहले इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के सुरक्षा मंत्रिमंडल ने संघर्ष के उद्देश्यों को बढ़ाने का फैसला लिया. इस निर्णय का उद्देश्य विस्थापित इजरायलियों को सीमा क्षेत्रों में वापस लाना है.

### लेबनान व सीरिया में संचार उपकरणों में विस्फोट से चिंतित यूएन महासचिव

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस उन रिपोर्टों से बहुत चिंतित हैं, जिनमें कहा गया है कि मंगलवार और बुधवार को लेबनान और सीरिया में बड़ी संख्या में संचार उपकरणों में विस्फोट हुआ. यूएन प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बुधवार को एक बयान में कहा, 'महासचिव इस खबर से बहुत चिंतित हैं कि 17 और 18 सितंबर को लेबनान के साथ सीरिया में भी बड़ी संख्या में संचार उपकरणों में विस्फोट हो गया, जिससे बच्चों सहित कम से कम ग्यारह लोगों की मौत हो गई. हजारों लोग घायल हो गए.'

# विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी

## श्रीनगर में बोले-जम्मू-कश्मीर की बर्बादी के लिए तीन खानदान जिम्मेदार

**एजेंसी। श्रीनगर**



**हम सब का मकसद जम्मू-कश्मीर की तेज तरक्की**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम सब का मकसद जम्मू-कश्मीर की तेज़ तरक्की है, जम्मू-कश्मीर की तेज तरक्की का जज्बा और बुलंद करने के पैगाम के साथ आज मैं आपके बीच आया हूं. मैं देख रहा हूं कि आज मेरे कश्मीर के भाई-बहन खुशामदीद पीएम कह रहे हैं. मैं तहेदिल से उनका शुक्रिया अदा करता हूं. जम्मू-कश्मीर में इस वक्त जम्हूरियत का त्यौहार चल रहा है. कल ही यहां 7 जिलों में पहले दौर की वोटिंग खत्म हुई है. पहली बार दहशतगर्दी के साए के बिना मतदान हुआ. हम सभी के लिए खुशी और गर्व की बात है कि इतनी बड़ी तादाद में लोग वोटिंग के लिए अपने घरों से बाहर निकले.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को श्रीनगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले जब मैं जम्मू-कश्मीर आया था, तो मैंने कहा था कि जम्मू-कश्मीर की बर्बादी के लिए तीन खानदान जिम्मेदार हैं. तब से, दिल्ली से लेकर श्रीनगर तक, ये लोग बौखलाए हुए हैं. इन तीन खानदानों को लगता है कि इन पर कोई कैसे सवाल उठा सकता है, इन्हें लगता है कि जैसे-तैसे कुर्सी पर कब्जा जमाना और फिर आप सभी को लूटना इनका पैदाइशी हक है.

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की अवाम को उनके जायज हक से महरूम रखना ही, इनका सियासी एजेंडा रहा है. इन्होंने, जम्मू-कश्मीर को सिर्फ, तशद्दुत यानी डर और इंतशार यानी अराजकता ही दी है, लेकिन अब जम्मू-कश्मीर, इन तीन खानदानों के शिकंजे में रहने वाला नहीं है. अब हमारा यहां का नौजवान इनको चैलेंज कर रहा है. जिन नौजवानों को इन्होंने आगे नहीं बढ़ने दिया. वही नौजवान अब इनके खिलाफ मैदान में उतर आए हैं. इन तीन खानदानों के राज में जम्मू-कश्मीर के नौजवानों ने जो तकलीफ सही है वो अक्सर बाहर नहीं आ पाता. आज वादी के 25-30 साल के नौजवान पढ़ाई लिखाई से वंचित रह गए, या कॉलेज तक पहुंचने में देश के बाकी बच्चों से ज्यादा साल लगे. ये इसलिए नहीं हुआ कि जम्मू-कश्मीर के हमारे नौजवान फेल हुए, बल्कि इससे हुआ क्योंकि कांग्रेस, एनसी और पीडीपी के तीन खानदान फेल हुए थे.

**तीन खानदानों ने रियत और कश्मीरियत दोनों को रौंदा :** पीएम मोदी ने कहा कि यहां के तीन खानदानों ने रियत और कश्मीरियत दोनों को रौंदा है, ये अपने खानदान के अलावा किसी और को आगे आने ही नहीं देना चाहते. इन्होंने डीडीसी, बीडीसी और पंचायत के चुनाव को क्यों रोका. इनको लगता था कि इससे नए लोग सियासत में उभरेंगे. ऐसे लोग जो इनके खानदानी निजाम को चैलेंज करेंगे. इनकी इस खुदगर्जी का नतीजा ये हुआ कि यहां के नौजवानों का जम्हूरियत से भरोसा कम होता चला गया. उनको लगता था कि वो वोट डालें या न डालें, आना तो इन्हीं तीन खानदानों को है. पहले के उन हालातों से अलग अब कितना कुछ बदल गया है. आज देर रात तक कैंपेन हो रही है, आज लोग जम्हूरियत को सेलिब्रेट कर रहे हैं. यहां के युवा में भरोसा पैदा हुआ है कि उनका वोट ही सही बदलाव ला सकता है. प्रधानमंत्री ने कहा कि एक दौर था, जब लाल चौक पर आना, यहां तिरंगा फहराना, जान जोखिम में डालने वाला काम था. बरसों तक यहां लोग लाल चौक में आने से डरते थे, लेकिन अब तस्वीर बदल गई है. श्रीनगर के बाजारों में अब ईद और दीपावली दोनों की रौनक देखने को मिलती है, अब लाल चौक बाजार में देर शाम तक चहल-पहल रहती है, यहां देश-दुनिया से टूरिस्ट आ रहे हैं.

**ये लोग स्कूल नहीं बनाते थे, जो बने थे उसमें आग लगाते थे :** पीएम मोदी ने कहा कि कश्मीर में जो दुकान जलाए गए वो आग भी इनके नफरत के बाजार में ही बिकती थी. ये लोग नए स्कूल नहीं बनाते थे और जो स्कूल थे ये लोग आग के हवाले करने वालों को शह देते थे और जो स्कूल बच गए, उसमें कई-कई महीनों तक पढ़ाई नहीं हो पाती थी. हमारे नौजवान स्कूल, कॉलेज से दूर थे. ये तीन खानदान उनके हाथों में पत्थर थमाकर खुश रहते थे. इन लोगों ने अपने फायदे के लिए हमारे बच्चों का भविष्य को बर्बाद किया. पीएम मोदी ने कहा कि हमारी एक और पीढ़ी को मैं इन 3 खानदानों के हाथों तबाह नहीं होने दूंगा. इसलिए यहां अमन की बहाली के लिए मैं पूरी ईमानदारी से जुटा हूं. आज देखिए, पूरे जम्मू-कश्मीर में स्कूल-कॉलेज आराम से चल रहे हैं. बच्चों के हाथ में कलम है, किताबें हैं, लैपटॉप है. आज स्कूलों में आग लगने की खबरें नहीं आती, बल्कि आज यहां नए स्कूल, नए कॉलेज, एम्स, मेडिकल कॉलेज, आईआईटी बनने की खबरें आ रही हैं.

# ट्रूडो ने की भारतीय छात्रों की मुश्किलें बढ़ाने वाली घोषणा

- कनाडा अंतरराष्ट्रीय छात्रों को दी जानी वाली परमिट में और कटौती करेगा

**एजेंसी। ओटावा**

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक अहम एलान किया है, जिससे अब कनाडा में पढ़ाई के लिए जाने वाले छात्रों के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं. जस्टिन ट्रूडो ने एलान किया है कि अंतरराष्ट्रीय छात्रों को दी जानी वाली परमिट में अगले साल तक और भी ज़्यादा कटौती कर दी जाएगी. इस बारे में उन्होंने एक 'एक्स' पर एक पोस्ट भी किया है. जस्टिन ट्रूडो ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि हमलोग इस साल से ही अतंरराष्ट्रीय छात्रों को 35 फ़ीसदी कम परमिट दे रहे हैं. अगले साल इसमें 10 फ़ीसदी की और कटौती कर दी जाएगी. कनाडा के प्रधानमंत्री ने यह भी लिखा कि प्रवासन से हमारी अर्थव्यवस्था को फ़ायदा पहुंचता है. लेकिन जब कुछ बुरे लोग सिस्टम का ग़लत इस्तेमाल करते हैं और छात्रों का फ़ायदा उठाते हैं तो हमें उन पर कार्रवाई करनी पड़ती है. हर साल बड़ी संख्या में भारतीय छात्र कनाडा पढ़ाई के लिए जाते हैं. ऐसे में कनाडा सरकार के इस फ़ैसले उन छात्रों के लिए आगे मुश्किलें भी खड़ी हो सकती हैं.



**हर साल जाते हैं लाखों छात्र**

हर साल लाखों भारतीय छात्र स्टडी परमिट पर कनाडा जा रहे हैं. कनाडा सरकार के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 2022 की तुलना में 2023 में सक्रिय छात्र वीजा की संख्या क़रीब 29 फीसदी बढ़कर 10 लाख 40 हजार हो गई है. इनमें से लगभग चार लाख 87 हजार भारतीय छात्र थे. यह 2022 की तुलना में 33.8 फ़ीसदी ज़्यादा है. आम कनाडाई छात्र की तुलना में अंतरराष्ट्रीय छात्रों को तीन गुना अधिक फीस चुकानी पड़ती है. कनाडा सरकार की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने यहां की अर्थव्यवस्था में 22 अरब कनाडाई डॉलर का योगदान दिया है. इसके अलावा करीब 2.2 लाख नई नौकरियां पैदा कीं.

## 12 माह में फिलिस्तीनी क्षेत्रों से हटे इजरायल

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

- फिलिस्तीन से अवैध कब्जे को हटाने को लेकर वोटिंग से अलग रहा भारत

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारी अंतर से एक गैर-बाध्यकारी प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें अगले 12 महीनों के भीतर फिलिस्तीनी क्षेत्र पर इजरायल के कब्जे को समाप्त करने की मांग की गई है. बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 10वें आपातकालीन विशेष सत्र के दौरान प्रस्ताव को पारित किया गया, जिसके पक्ष में 124 और विरोध में 14 वोट पड़े. 43 सदस्य अनुपस्थित रहे. भारत वोटिंग से अलग रहा. यह सत्र पूर्वी येरुशलम तथा शेष फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजरायल की कार्रवाई पर विचार-विमर्श के लिए आयोजित किया गया था. यह प्रस्ताव मंगलवार को फिलीस्तीन राज्य की ओर से पेश किया गया था.

# गिरफ्तार कर्नाटक भाजपा विधायक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज

- महिला सामाजिक कार्यकर्ता की शिकायत पर मुनिरत्न के खिलाफ हुई कार्रवाई

**एजेंसी। बेंगलुरु**

पुलिस ने एक महिला सामाजिक कार्यकर्ता से बलात्कार के मामले में जेल में बंद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक मुनिरत्न के खिलाफ मामला दर्ज किया है. विधायक मुनिरत्न वर्तमान में एक ठेकेदार को जान से मारने की धमकी देने और जातिवादी गालियां देने के आरोप में बेंगलुरु सेंट्रल जेल में बंद हैं.

रामनगर जिले के कग्गलीपुरा पुलिस ने गुरुवार को एक महिला सामाजिक कार्यकर्ता की शिकायत के बाद मुनिरत्न के खिलाफ एफआईआर दर्ज की. शिकायतकर्ता ने बताया कि मुनिरत्न से उसकी पहचान किसी सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान कराई गई थी. मुनिरत्न ने मोबाइल पर कॉल करके उससे नजदीकी बढ़ाई. वह उसे मुत्यालनगर में अपने स्वामित्व वाले गोदाम में ले गया और उसके साथ बलात्कार किया. विधायक ने इस कृत्य को रिकॉर्ड किया और उसे धमकी दी कि अगर मामला सामने आया तो अंजाम बुरा होगा. पीड़िता ने यह भी दावा किया कि उसे हनीट्रैप करने के लिए प्रयोग किया गया. कई निजी रिसॉर्ट्स में लोगों को हनीट्रैप करने के लिए मजबूर किया गया. सूत्रों ने पुष्टि की कि पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा, "बीजेपी विधायक ने मुझे हनीट्रैप करने के लिए मजबूर किया. उसने मुझे यह काम न करने पर जान से मारने की धमकी दी थी." कग्गलीपुरा पुलिस ने उसके छह साथियों विजयकुमार, किरण, लोहित, मंजूनाथ, लोकी और दो अन्य के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की है.

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने जारी किया घोषणा पत्र, किए गए कई वादे

# अग्निवीर को नौकरी, महिलाओं को 2100 रुपये

**एजेंसी। चंडीगढ़**



हरियाणा में विधानसभा चुनावों के लिए बीजेपी ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है. इससे पहले कांग्रेस ने भी अपना घोषणा पत्र जारी किया था जिसे 'सात वादे, पक्के इरादे' नाम दिया था. गुरुवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हरियाणा के रोहतक में पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया है.

**बीजेपी के घोषणा पत्र की अहम बातें :** हरियाणा के अग्निवीरों को सरकारी नौकरी देने का वादा. चिरायु आयुष्मान के तहत 5 लाख रुपए प्रति वर्ष मिलने वाली राशि को 10 लाख रुपए किया जाएगा. सभी महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रति माह 2,100 रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी. भारत के किसी भी सरकारी कॉलेज से मेडिकल और इंजीनियरिंग पढ़ने वाले ओबीसी एवं एससी जातियों के हरियाणा के विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति. आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर 10 अत्याधुनिक औद्योगिक शहरों का निर्माण किया जाएगा और आस-पास के गांवों के 50 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार दिया जाएगा. शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 लाख आवास देने का वादा. घर गृहणी योजना के तहत 500 रुपये में सिलेंडर देने का वादा. अव्वल बालिका योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में कॉलेज जाने वाली प्रत्येक छात्रा को स्कूटर देने का वादा.

**बदलाव** विभिन्न खतरों के बीच पहले चरण में 24 सीटों पर रिकॉर्ड 61.13 फीसदी मतदान

# जेएंडके विस चुनाव में मतदान ने तोड़ा 35 साल का रिकॉर्ड

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



जम्मू-कश्मीर में बुधवार को पहले चरण के राज्य की 90 विधानसभा सीटों में से 24 सीटों के लिए वोटिंग हुई. इनमें कश्मीर की 16 और जम्मू की आठ सीटें शामिल हैं. इन सभी 24 सीटों पर रिकॉर्ड 61.13 फ़ीसदी मतदान हुआ, जो कि पिछले 35 साल में सबसे ज़्यादा था. इन सभी सीटों पर मतदान के बहिष्कार और 'चरमपंथी घटनाओं' का ख़तरा भी था.

जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पांडुरंग के पोल ने कहा, "ज़मीनी हालात में सुधार आया है और मतदाताओं की सुरक्षा भी पुख़्ता हुई है. लोगों को भी यह समझ आ गया है कि शांति और विकास के लिए मतदान ज़रूरी है. यही वजह है कि मतदान में बढ़ोतरी हुई है.' लोकसभा चुनावों के दौरान भी जम्मू कश्मीर में बड़ी संख्या में मतदान हुआ था. इस दौरान राज्य में रिकॉर्ड 58.46 फ़ीसदी मतदान हुआ था. हालांकि साल 2022 में जम्मू कश्मीर का परिसीमन भी किया गया था. जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 के ख़त्म होने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव है. ऐसी उम्मीद भी है कि इसके बाद एक बार फ़िर से इसके पूर्ण राज्य के दर्जे का दरवाज़ा खुलेगा.

कुलगाम में वोटिंग के बाद एक सरकारी कर्मचारी ने कहा, "वैसे तो मैं चुनावों का बहिष्कार करता था, लेकिन इस बार मैंने वोटिंग में हिस्सा लेने का फ़ैसला किया है क्योंकि यही इस वक्त ज़रूरी है. हमें ईमानदार लोगों की ज़रूरत है जो हमारा प्रतिनिधित्व कर सकें, ना केवल विकास के लिए बल्कि विधानसभा और पूरे देश में हमारी आवाज़ उठाने के लिए भी."

### इंदरवाल रहा सबसे आगे

पहले चरण में सबसे ज़्यादा मतदान किश्तवाड़ के इंदरवाल में हुआ. यहां मतदान का आंकड़ा 82.16 फ़ीसदी था. वहीं सबसे कम पुलवामा में 43.21 फ़ीसदी मतदान हुआ. साल 1987 में जम्मू कश्मीर में सबसे ज़्यादा मतदान हुआ था. इस साल विधानसभा चुनाव में मतदान का आंकड़ा 75 फ़ीसदी था. इसके बाद मतदान कम होता गया.

### फिलिस्तीनी राज्य के गठन के बिना इजरायल से कोई राजनयिक संबंध नहीं : सऊदी

**रियाद।** सऊदी क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान अल ने कहा कि 'पूर्वी येरूशलेम' राजधानी वाले एक 'स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य' के गठन के बिना सऊदी अरब इजरायल के साथ राजनयिक संबंध स्थापित नहीं करेगा. शिन्हुआ ने सऊदी प्रेस एजेंसी के हवाले से यह जानकारी दी. क्राउन प्रिंस ने इस बात पर जोर दिया कि फिलिस्तीनी मुद्दा सऊदी अरब के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता रखता है. प्रिंस ने कहा कि हम एक बार फिर जोर देते हैं कि इजरायली ऑक्यूपेशन अथॉरिटी द्वारा फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ किए गए अपराधों को सऊदी अरब अस्वीकार करता है. यह अंतर्राष्ट्रीय और मानवीय कानूनों की अवहेलना है और हम इसकी निंदा करते हैं.

# पन्नू केस में अमेरिकी कोर्ट के समन में डोभाल का भी नाम

- भारत ने जताई नाराजगी, कहा- ये मामला सरकार की नीति के खिलाफ

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के मामले में अमेरिकी कोर्ट के भेजे समन पर भारत ने प्रतिक्रिया दी है. भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी अदालत के समन पर आपत्ति जताई है और इसे चिंताजनक बताया है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, ये मामला पूरी तरह से अनुचित और सरकार की नीति के खिलाफ है. इस मामले की हम गंभीरता से जांच में जुटे हैं. हाईलेवल जांच भी शुरू की गई है और सभी पहलुओं पर बारीकी से नजर रखी जा रही है.

**क्या बोले विदेश सचिव :** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने भी इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी. वो बोले, ये आरोप पूरी तरह से निराधार है. इस केस से हमारे मत में किसी भी तरह का बदलाव नहीं होगा. इस केस को दायर करने वाला शख्स एक गैर कानूनी संगठन का प्रतिनिधित्व करता है. जब इस मुद्दे को हमारे सामने पहली बार लाया गया, हमने तभी कार्रवाई की थी. कट्टरपंथी सिख फॉर जस्टिस का प्रमुख पन्नू भारतीय नेताओं और संस्थाओं के खिलाफ भड़काऊ भाषण और धमकियां देने के लिए जाना जाता है.

**किस अदालत में है मामला :** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने न्यूयॉर्क के साउथ डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में मामला दर्ज कराया है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - दीपक कुमार अम्बष्ठ*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)